धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सुप्रभात

रांची, मंगलवार
24.12.2024

* नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौस, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 163




क्रिसमस को ले कर राजधानी रांची एक से एक चरणी तैयार

## न्यूज डायरी

### आज मध्यरात्रि प्रभु यीशु लेंगे जन्म

**रांची।** मंगलवार की मध्यरात्रि प्रभु यीशु जन्म लेंगे। इसके बाद क्रिसमस का जश्न शुरू होगा। मसीही समाज के लोग प्रभु यीशु मसीह के स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए हैं। घरों व चर्चा की साफ-सफाई की जा रही है। पुरोहित व मसीही समुदाय अनुयायियों के घर-घर जाकर प्रभु के आगमन पर उनके स्वागत के लिए तैयार रहने का संदेश दे रहे हैं। क्रिसमस को लेकर पूरे शहर को सजाया गया है। राजधानी के सभी चर्च रंग बिरंगी झालरों, स्टार, क्रिसमस ट्री, पुष्प आदि से सजाया गया है। चर्च के बगल में चरनी बनायी जा रही है जहां प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव मनेगा।

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरायी, दो की मौत

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के कुलडा जंगल के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने सड़क किनारे एक पेड़ को जारदार टक्कर मार दी। इससे कार पर सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। हादसे में चालक मामूली रूप से घायल हुआ। मृतकों में आशीष कुमार सिंह (31) और अरशद अली (30) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार आशीष कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के हुरहुरी गांव का रहने वाला था। वर्तमान में डोरंडा मणिटोला में रहता था, जबकि अरशद अली डोरंडा दर्जी मुहल्ला का रहने वाला था।

### प्रियांक कानूनगो बने एनएचआरसी के सदस्य

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) का सदस्य नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 4(1) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए कानूनगो को एनएचआरसी का सदस्य नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी।

### ईंट भट्ठे की दीवार गिरी 4 बच्चों की दर्दनाक मौत

**नयी दिल्ली।** हरियाणा के हिसार जिले के नारनौंद के पास बुढ़ाना गांव में एक दुखद हादसा हुआ, जिसमें ईंट भट्ठे में दीवार गिरने से 7 बच्चे दब गये। इस हादसे में 4 बच्चों की मौत हो गयी। इन बच्चों की उम्र 3 महीने से 9 साल के बीच बताई जा रही है। रात को भट्ठे की चिमनी से जुड़ी दीवार गिर गयी, इसमें मजदूरों के परिवार दब गये।

### भारत ने बंगलादेश का अनुरोध खारिज किया

**नयी दिल्ली।** भारत ने सोमवार को पुष्टि की कि उसे बंगलादेश से एक राजनयिक नोट मिला है जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस भेजने का अनुरोध किया गया है। भारत यह अनुरोध ठुकरा दिया और कहा कि उसे इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं करनी है। बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। साथ ही भारत को एक पत्र लिख कर हसीना को ढाका वापस भेजने का आग्रह किया था।

### तीसरी आंख




---

## केंदीय शिक्षा मंत्रालय ने स्कूली शिक्षा में बड़ा बदलाव, नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म

# 5वीं-8वीं में फेल छात्रों को नहीं मिलेगा प्रमोशन

### दो माह के भीतर पास करनी होगी परीक्षा, निष्कासन नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने का फैसला लिया है। शिक्षा मंत्रालय के इस नये नियमों के तहत 5वीं और 8वीं कक्षा के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा में असफल होने पर फेल किया जा सकेगा। उन्हे प्रमोशन नहीं मिलेगा। नयेनियम के तहत अब ऐसे फेल बच्चों को दोबारा से उस कक्षा को पास करना होगा।

हालांकि स्कूल छात्रों को स्कूल से निष्कासित नहीं कर सकते हैं। इन छात्रों को दो महीने के भीतर पुनः परीक्षा का अवसर मिलेगा। पास होने के लिए उन्हें दोबारा परीक्षा देनी होगी और जब तक वे पास नहीं होते पदोन्नत नहीं किया जायेगा। यदि वे इस पुनः परीक्षा में भी सफल नहीं हो पाते, तो उन्हें अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया जायेगा।

**गिर रहा था शिक्षा का स्तर :** यह बदलाव पहले से चल रही व्यवस्था का हिस्सा है, जिसमें 8वीं कक्षा तक विद्यार्थियों को बिना परीक्षा के अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया जाता था।

इस व्यवस्था के कारण स्कूली शिक्षा का स्तर गिरता गया, जिसका असर 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा परिणामों पर भी पड़ा।



**राज्यों को कुछ छूट :** नयी व्यवस्था के तहत, राज्य सरकारों को यह अधिकार मिलेगा कि वे चाहें तो 5वीं और 8वीं कक्षा के लिए बोर्ड परीक्षा आयोजित करवा सकती हैं। यह नया नियम 'निशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार संशोधन नियम 2024' के तहत जारी किया गया है, जिसे शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा अधिसूचित किया गया है। यह नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होते ही लागू हो गये हैं।

### शिक्षा में सुधार का महत्वपूर्ण कदम

इस नये बदलाव पर विशेषज्ञों का मानना है कि यह बदलाव शिक्षा के स्तर में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नयी शिक्षा नीति के तहत ऐसे कई बदलाव किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य छात्रों को उनके अध्ययन में अधिक गंभीरता से काम करने का अवसर देना और शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाना है। इस पॉलिसी को खत्म करने का मुख्य उद्देश्य एकेडमिक परफॉर्मेंस में सुधार लाना है। इसके साथ ही इससे छात्रों की सीखने की क्षमता में भी विकास होगा जिसके चलते केंद्र सरकार की ओर से यह अहम फैसला लिया गया गया है। केंद्र सरकार की ओर से 5वीं से लेकर 8वीं तक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है क्योंकि इन कक्षाओं को बुनियादी शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इस नीति के खत्म करने से छात्रों को अधिक सीखने पर जोर दिया जायेगा।

---

## समीक्षा बैठक में अफसरों पर भड़की मंत्री शिल्पी नेहा, कहा

# पूरी जानकारी के साथ बैठक में आयें

- राज्य स्तरीय रबी फसल कार्यशाला में अधिकारियों की लापरवाही से नाराज हुई मंत्री
- गोड्डा के जिला कृषि पदाधिकारी को शो-कॉज




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सोमवार को विभागीय अधिकारियों के जवाब से नाराज दिखीं। जिला कृषि पदाधिकारियों के पास कृषि मंत्री के सवाल का जवाब नहीं था। कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजना और उसके लाभुकों की सही जानकारी देने में जिला कृषि पदाधिकारी फिसड्डी साबित हुये। दरअसल रांची के हेसाग स्थित पशुपालन भवन में रबी फसल पर राज्य स्तरीय कर्मशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को रबी फसल की सही जानकारी देना और उन्नत कृषि की ओर कदम बढ़ाना रहा। विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दिखी ने कहा कि कृषि विभाग में काम करना एक बेहतर अवसर है। किसानों से मिलकर जमीनी, हकीकत को जानकर किसानों को सरकार की योजना का लाभ दिया जा सकता है। बीएयू ने झारखंड की भूमि के अनुसार बीज तैयार किए हैं, जिसका लाभ राज्य के किसानों को दिया जा सकता है।

**मंत्री के सवालों में गच्चा खा गये अधिकारी :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने जब कर्मशाला को संबोधित करना शुरू किया तो उन्होंने सबसे पहले जिला कृषि पदाधिकारी से विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में सवाल पूछना शुरू किया।

### मक्खी मारने दफ्तर नहीं आयें

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने यहां तक कह दिया की अधिकारी मक्खी मारने के लिए दफ्तर नहीं आयें। इसके साथ ही गोड्डा जिला कृषि पदाधिकारी के कर्मशाला से अनुपस्थित रहने पर शोकॉज करने का निर्देश दिया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया है कि वो जब भी इस तरह की कार्यशाला में शिरकत करने आयें, तो पूरी तैयारी के साथ आयें। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पहले ही विभागीय अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन फील्ड विजिट करने का निर्देश दिया गया था। इसे हर हाल में पूरा करना है। 31 दिसंबर तक अलग-अलग कार्यशाला आयोजित करने का लक्ष्य दिया गया है। उसके बाद 2 से 3 जनवरी तक राज्य कृषि निदेशक तक रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। इस रिपोर्ट में धरातल पर योजना की हकीकत और लाभुकों की संख्या को विशेष तौर पर अंकित किया जाएगा।

---

## मंईयां सम्मान राशि 28 को, सीएम ने की समीक्षा बैठक

# किसी महिला को असुविधा नहीं हो अफसर इसका ख्याल रखें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मंईयां सम्मान योजना की राशि 28 दिसंबर को लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर किये जायेंगे। इसके तहत आयोजित समारोह की तैयारियों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को अपने आवासीय कार्यालय में बैठक की। बैठक में सीएम ने अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। समारोह का आयोजन 28 को राजधानी के नामकुम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन करने की तैयारी की है। बैठक में सीएम ने निदेर्शन दिया कि अधिकारी इस बात का ख्याल रखें कि कार्यक्रम में शामिल होने वाली किसी भी महिला को किसी भी तरह की असुविधा ना हो। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जानकारी ली। सूत्रों के मुताबिक, तीन लाख से अधिक लाभार्थियों को रांची लाने की तैयारी है। उनके रांची आने और लौटने को लेकर तैयारी भी की जा रही है। साथ ही कार्यक्रम के दौरान उनके लिए जलपान की व्यवस्था भी की जायेगी।



**परीक्षा तैयारी की भी समीक्षा :** सोमवार को हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने जेएसएससी की सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगित परीक्षा-2023 की भी समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अलका तिवारी, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कई विभागों के सचिवों के साथ रांची के डीसी मंजूनाथ भंजत्री, एसएसपी चंदन सिन्हा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

## मोहन भागवत पर भड़के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, कहा

# राजनीतिक सुविधानुसार बयान दे रहे संघ प्रमुख

एजेंसी

**हरिद्वार।** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर निशाना साधा है। मोहन भागवत की नसीहत पर भड़के शंकराचार्य ने कहा कि जब उन्हें सत्ता प्राप्त करनी थी, तब वह मंदिर-मंदिर करते थे। अब सत्ता मिल गयी तो मंदिर नहीं ढूंढ़ने की नसीहत दे रहे हैं। उन्होंने संघ प्रमुख पर राजनीतिक सुविधा के अनुसार बयान देने का भी आरोप लगाया।

शंकराचार्य ने कहा, 'भागवत जी अपनी सुविधा की बात कर रहे हैं कि जब हमको जरूरत थी तब हमने इसको बढ़ा लिया और जब जरूरत है घटा लें। शंकराचार्य ने कहा कि, न्याय सुविधा नहीं देखता बल्कि सच्चाई देखता है। इसलिए सच्चाई सामने आनी जरूरी है। इसी के साथ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने संभल सर्वे पर बोलते हुए कहा कि जो कुछ सच है अब सामने आ रहा है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा,जो भी इतिहास हम पढ़ते आ रहे हैं या जो हमनें जो सुना है उसी के साक्ष्य अब निकलकर सामने आ रहे हैं। ये जो मंदिरों को तोड़कर मस्जिद बनायी गयी ये राजनीतिक इस्लाम था। ये धार्मिक इस्लाम नहीं था। धार्मिक इस्लाम कभी ऐसा नहीं कर सकता। किसी की जमीन को कब्जा करके उसपर अगर नमाज पढ़ी जाये तो जो धार्मिक इस्लाम है उसके अनुसार खुदा उसको कबूल ही नहीं करता। ये राजनीतिक इस्लाम था। वहीं, शंकराचार्य ने कहा कि, 'जो राजनीतिक इस्लाम को मानने वाले लोग हैं उनको दिक्कत हो सकती है लेकिन जो धार्मिक इस्लाम के लोग हैं, शरीयत के अनुसार जीवन जीने वाले लोग हैं उनको इसका स्वागत करता चाहिए।



### भागवत ने मंदिर-मस्जिद विवाद पर चिंता जतायी थी

दरअसल, बीते दिनों संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लगातार सामने आ रहे मंदिर-मस्जिद विवादों पर चिंता जाहिर की थी। 19 दिसंबर को पुणे महाराष्ट्र में एक कार्यक्रम में बोलते हुए आरएसएस चीफ भागवत ने कहा था कि राम मंदिर हिंदुओं की आस्था का स्थान है। राम मंदिर होना चाहिए था और वो हुआ। लेकिन हर दिन नए-नए मुद्दे उठाना सही नहीं है। हमें दुनिया को ये दिखाना चाहिए कि हम लोग सद्भाव में रह सकते हैं।

---

### फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल नहीं रहे

**मुंबई।** मशहूर फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल (90) का सोमवार की शाम 6:30 बजे उनका निधन हो गया। वह कथित तौर पर वे किडनी संबंधी समस्याओं से भी पीड़ित थे। इस खबर की पुष्टि उनकी बेटी पिया बेनेगल ने की। वेलकम टू सज्जनपुर के निर्देशक श्याम बेनेगल ने 14 दिसंबर को अपना 90वां जन्मदिन परिवार और दोस्तों के साथ मनाया था। इस समारोह में अभिनेता कुलभूषण खरबंदा, नसीरुद्दीन शाह, दिव्या दत्ता, शबाना आजमी, राजित कपूर, अतुल तिवारी, अभिनेता-निर्देशक और शशि कपूर के बेटे कुणाल कपूर सहित कई लोग शामिल हुए थे। बेनेगल को 1976 में पद्म श्री और 1991 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

---

## मोदी ने रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र बांटे

# डेढ़ साल में दस लाख युवाओं को स्थायी नौकरी का बना रिकार्ड



सीबीसीआई के क्रिसमस समारोह में सभी क्षेत्रों के ईसाई एक साथ आए। आध्यात्मिक भजनों और गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां भी हुईं।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों तथा निर्णयों के कारण ग्रामीण भारत में भी रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। सरकार रोजगार मेलों जैसी पहलों के माध्यम से भारत की युवा प्रतिभाओं के पूर्ण उपयोग को प्राथमिकता दे रही है। पिछले 10 वर्षों में, विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सरकारी नौकरियों के लिए एक ठोस प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में लगभग 10 लाख स्थायी सरकारी नौकरियां दी गयी। यह एक रिकॉर्ड है। ये नौकरियां पूरी पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं और नये भर्ती लोग समर्पण और ईमानदारी के साथ देश की सेवा कर रहे हैं।

**देश का विकास युवाओं से ही :** पीएम मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के हजारों युवाओं के लिए एक नयी शुरूआत है। उन्होंने कहा, आपके वर्षों के सपने पूरे हुए हैं, वर्षों की मेहनत रंग लाई है। 2024 का यह जाने वाला वर्ष आपके लिए नयी खुशियां लेकर आये।

उन्होंने कहा कि किसी देश का विकास उसके युवाओं की कड़ी मेहनत, क्षमता और नेतृत्व पर निर्भर करता है। भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि देश की नीतियां और निर्णय अपने प्रतिभाशाली युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने युवाओं को सबसे आगे रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है।

---

# नये साल से पहले हांड़ कंपायेगी ठंड, आइएमडी का अलर्ट

## दिल्ली समेत सात राज्यों में ओलावृष्टि , झारखंड समेत कई राज्यों में कोहरा, शीतलहर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने अपने बुलेटिन में कहा है कि नया साल शुरू होने से पहले ठंड उत्तर भारत में हांड़ कंपकपाने जा रही है। आइएमडी ने कहा है कि इसी हफ्ते 26 से एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और आसपास के मैदानी इलाकों में बड़े पैमाने पर असर डालने जा रही है। इसकी वजह से 28 दिसंबर तक अरब सागर के साथ-साथ बंगाल की खाड़ी से उच्च नमी प्राप्त होगी। 27 से 29 दिसंबर के दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में छिटपुट वर्षा और बर्फबारी होने की संभावना है। पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी होने से मैदानी इलाकों में शीतलहर का प्रकोप और बढ़ सकता है। कश्मीर घाटी में सर्दी का सितम जारी है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण 27 को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़-दिल्ली समेत पश्चिम उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में गरज के साथ ओलावृष्टि के आसार हैं।



### झारखंड समेत कई राज्यों में रहेगा कोहरा

मौसम अधिकारियों ने कहा कि 24 तक उत्तर प्रदेश और ओडिशा के अलग-अलग इलाकों में, 24-27 दिसंबर तक हिमाचल प्रदेश, 26 तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और 25 दिसंबर तक राजस्थान में देर रात और तड़के घना कोहरा छाये रहने के आसार हैं। कश्मीर में शून्य से नीचे के तापमान के कारण जलापूर्ति लाइन में पानी जम चुका है, जबकि कई जलाशयों की सतह पर बर्फ की पतली परत जम गयी है। मौसम विभाग ने पर्यटकों/यात्रियों को प्रशासन द्वारा जारी परामर्श का पालन करने की सलाह दी है।

# एसटी, एससी छात्र-छात्राओं के लिए रांची तथा दिल्ली में कोचिंग सुविधा की योजना बनायें : मंत्री

## साईकिल वितरण का कार्य बच्चों के नामांकन के साथ ही संपन्न करें

- गुमला जिला प्रशासन को संवेदक का भुगतान रोकने और काली सूची में डालने का निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एसटी, एससी एवं ओबीसी कल्याण मंत्री चमरा लिण्डा ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक कर विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री ने आनेवाले समय के लिए एक बेहतर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश आदिवासी कल्याण आयुक्त को दिया। मंत्री ने कहा कि आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए पूर्ण समर्पण के साथ टीम वर्क में काम करते हुए हम उस लक्ष्य को हासिल करें, जो हमें सुकून दे सके। बैठक में मंत्री ने विभाग द्वारा चलाए जा रहे कई महत्वकांक्षी योजनाओं की समीक्षा करते हुए आदिवासी कल्याण आयुक्त को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। मंत्री ने कहा कि एसटी, एससी के कल्याणार्थ राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की स्थिति का गंभीरता पूर्वक आकलन कर सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र लाभुकों को मिले, इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार राज्य में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास को कटिबद्ध है।

**लापरवाही बरतने वाले संवेदकों का भुगतान रोकें तथा काली सूची में डालें**

चमरा लिण्डा ने विगत दिनों गुमला जिला के विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर जिला कल्याण कार्यालय द्वारा निष्पादित निविदा के तय मानकों के अनुरूप राशन एवं बैग-जूता आदि की आपूर्ति को गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाये जाने पर दोषी संवेदकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए भुगतान पर रोक और संवेदक को काली सूची में डालने का निदेश गुमला जिला प्रशासन को दिया है। साथ ही विभागीय मंत्री ने बताया कि गुमला जिला के कई विद्यालयों में भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुरूप नहीं था, दूध और फल की आपूर्ति नहीं हो रही है। आदिवासी कल्याण आयुक्त ने तत्काल जिला कल्याण पदाधिकारी को जांच करने और स्पष्टीकरण तीन दिनों के भीतर समर्पित करने का निदेश दिया।

**आदिवासी हेल्थ एटलस तैयार किया जाये**

मंत्री ने कहा कि आदिवासी की शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कल्याण विभाग की योजना महत्वपूर्ण है। पूरे राज्य में आदिवासी हेल्थ एटलस तैयार किया जाये। इससे उनके लिए स्वास्थ्य योजना तैयार की जा सकेगी। सभी ग्रामीण कल्याण अस्पतालों में सिकल सेल के उपचार की पूर्ण व्यवस्था बहाल की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि कल्याण विभाग संचालित विद्यालयों के बच्चों को राज्य के भीतर और पूरे देश में एक्सपोजर विजिट कराया जाये। मंत्री ने कहा कि 2024-25 शैक्षणिक सत्र के लिए आदिवासी और अनुसूचित जाति के लिए राशि की उपलब्धता के आधार पर छात्रवृत्ति वितरण मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाये। मंत्री ने निर्देश दिया कि अगले शैक्षणिक सत्र 2025-26 का अगस्त-सितम्बर तक छात्रवृत्ति वितरण पूर्ण हो इसके लिए कार्या योजना तैयार की जाये। सत्र 2025-26 में साईकिल वितरण का कार्य बच्चों के नामांकन के साथ पूरा किया जाये, ताकि पूरे सत्र बच्चे उसका उपयोग कर सकें।

### सत्र 2023-24 के पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु 157 करोड़ रुपये विमुक्त करने का प्रस्ताव अनुमोदित

मंत्री ने कहा कि मुख्यालय एवं क्षेत्रीय अधिकारी प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को क्षेत्र भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप हो रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के लिए चल रही योजनाओं में लापरवाही बरतने वालों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करें। उन्होंने वित्त विभाग से पिछड़ी जाति के लम्बित 2023-24 सत्र के पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 157 करोड़ विमुक्त किए जाने के प्रस्ताव को भी अनुमोदित कर वित्त विभाग विभाग भेजने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि आदिवासियों, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण कोचिंग की सुविधा रांची और दिल्ली में प्राप्त हो इसके लिए योजना तैयार की जाये। मंत्री ने कहा कि सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में टेली मेडिसीन की भी सुविधा शुरू की जाए इसके लिए भी योजना तैयार की जाये।

## लाभुकों में नमक व चीनी का वितरण नहीं होने पर बीएसओ, एमओ व डीलरों को शो-कॉज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) प्रदीप भगत ने सोमवार को आपूर्ति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की। समाहरणालय में आयोजित बैठक में जिला के सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (बीएसओ), पणन पदाधिकारी (एमओ) व सहायक गोदाम प्रबंधक उपस्थित थे। डीएसओ ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आवंटित नमक का पीडीएस दुकानों से वितरण की समीक्षा की। जिले के 6 प्रखंड और रांची अनुभाजन क्षेत्र में आवंटित नमक का शत प्रतिशत वितरण लाभुकों के बीच नहीं होने पर डीएसओ ने संबंधित बीएसओ और एमओ को शो-कॉज किया है। नामकुम, रातू, चान्हो, सिल्ली, मांडर, कांके व रांची (सीआर) में आवंटित नमक का शत प्रतिशत वितरण नहीं होने पर उन्होंने बीएसओ और एमओ को सख्त चेतावनी देते हुए 26 दिसंबर तक स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया गया।

**चीनी की राशि जमा नहीं करने पर डीलरों से मांगा जवाब** : डीएसओ ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आवंटित चीनी की अनुदानित राशि जमा नहीं करने पर संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से भी स्पष्टीकरण मांगा है। डीएसओ ने कहा कि 26 दिसंबर तक स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करने पर संबंधित डीलरों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस दौरान शत-प्रतिशत आवंटित चीनी के विरुद्ध राशि जमा करते हुए निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत लाभुकों के बीच चीनी का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### सीएम सहित 12 आरोपियों ने लगायी कोर्ट में हाजिरी

**रांची।** पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने सोमवार को बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में चार्जशीटेड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 12 आरोपियों ने हाजिरी लगाई। जेल में बंद आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। जमानत पर चल रह आरोपियों की ओर से अधिवक्ता एवं सशरीर उपस्थित होकर हाजिरी दी। हेमंत सोरेन जमानत पर चल रहे हैं। उनकी ओर से वकील ने हाजिरी दी। पेशी के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाह, हजारीबाग के कोर्ट कर्मी मो इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और चौकीदार संजीत कुमार की न्यायिक हिरासत अवधि 4 जनवरी तक बढ़ा दी है।अगली पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही की जायेगी।

## पत्रकार बंधुओं की हरसंभव मदद हमारी प्राथमिकता : डॉ इरफान अंसारी

- पत्रकार रंजीत तिवारी से मिलने असरफी अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री
- सड़क दुर्घटना में घायल पत्रकार का इलाज होगा मुफ्त, मंत्री ने दिए सख्त निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी सोमवार को धनबाद के असरफी अस्पताल पहुंचे, जहां जामताड़ा के वरिष्ठ पत्रकार रंजीत तिवारी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद भर्ती हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मंत्री डॉ अंसारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल पत्रकार को जामताड़ा से धनबाद रेफर कराया और समुचित इलाज की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की। मौके पर पहुंचे डॉ अंसारी ने कहा कि पत्रकार समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। जब वे मुसीबत में होते हैं, तो सबसे पहले हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम उनकी हर संभव मदद करें। रंजीत जी की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए मैंने सिविल सर्जन को स्पष्ट निर्देश दिया है कि उनके इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी और परिवार को एक भी पैसा नहीं देना होगा।

डॉ अंसारी की पहल के बाद स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला अस्पताल पहुंचा। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से यह सुनिश्चित करने को कहा कि मरीज को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने इस बात पर नाराजगी व्यक्त की कि अस्पताल का मालिक मौके पर उपस्थित क्यों नहीं है और मरीज की स्थिति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डॉ अंसारी ने मौके पर यह भी घोषणा की कि स्वास्थ्य विभाग का नया रोडमैप तैयार किया जा रहा है, जिसे 14 तारीख के बाद सार्वजनिक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राज्य के प्रत्येक प्रखंड में बेहतर और समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे मरीजों को इलाज के लिए अन्यत्र जाने की आवश्यकता न पड़े। श्री रंजीत तिवारी की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और उनका इलाज पूरी तरह से निःशुल्क किया जाएगा।

मंत्री डॉ अंसारी की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि झारखंड सरकार पत्रकार और आम जनता के हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## राज्य में निवेश को बढ़ावा देने और निवेशकों को आमंत्रित करने का रोडमैप तैयार करें : उद्योग मंत्री

- विभागीय समीक्षा में संजय यादव ने कहा, रिक्त पदों को भरने के लिए जल्द कदम उठाये जायेंगे
- उद्योग विभाग अंतर्गत विभिन्न निदेशालयों, संस्थाओं के कार्यों की ली गई जानकारी , पदाधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश


खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि झारखंड विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे। विकसित राज्य की श्रेणी में खड़ा रहे। इसके लिए जरूरी है कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा दिया जाये और इसके लिए विभागीय स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस के मद्देनजर आज उद्योग विभाग एवं विभाग के अंतर्गत विभिन्न निदेशालयों एवं संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की जा रही है और पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया जा रहा है। वह सोमवार को प्रोजेक्ट बिल्डिंग में उद्योग विभाग के पदाधिकारियों के साथ विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के क्रम में विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों की बात सामने आने पर मंत्री ने कहा कि रिक्त पदों की सूची जल्द उपलब्ध करा दें, ताकि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से विचार विमर्श कर जल्द ही इस दिशा में आवश्यक कदम उठाये जायें।

**मुख्यमंत्री के विकसित झारखंड की परिकल्पना को करना है साकार :** मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और मेरी सोच है कि झारखंड में उद्योगों को बढ़ावा दिया जाये। राज्य में अधिक से अधिक उद्योग लगे। निवेशक झारखंड आयें और उद्योग लगायें। सरकार उन्हें हर सुविधाएं मुहैया कराएगी । उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों के विकास के लिए यह भी जरूरी है कि बिचौलियों से सावधान रहा जाये।

इस अवसर पर उद्योग विभाग, हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प, निदेशालय, जियाडा, ज़िडको, झारखंड माटीकला बोर्ड, मुख्यमंत्री लघु, कुटीर एवं उद्यम विकास बोर्ड, झारक्राफ्ट, झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र सिंह, अपर सचिव उद्योग, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, निदेशक हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय आकांक्षा रंजन, प्रबंध निदेशक जियाडा, प्रबंध निदेशक ज़िडको, प्रबंध निदेशक झारक्राफ्ट, प्रबंध निदेशक, झारखंड माटीकला बोर्ड, सीईओ, मुख्यमंत्री लघु, कुटीर एवं उद्यम विकास बोर्ड, सीईओ झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड सहित विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राहुल गांधी मामले में हुई आंशिक सुनवाई



रांची। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर टिप्पणी करने के मामले में मानहानि का सामना कर रहे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थित से छूट की मांग वाली याचिका पर अब 13 जनवरी को पुनरू सुनवाई होगी। एमपीध्एमएलए कोर्ट अपना सुरक्षित आदेश सोमवार को नहीं सुना सका। अदालत ने 9 दिसंबर को याचिका पर सुनवाई प॰ात आदेश सुरक्षित रख लिया था। लेकिन, कोर्ट नहीं बैठने के कारण आदेश टल गया है। अमित शाह पर टिप्पणी करने के मामले में एमपीध्एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को उपस्थित होने के लिये समन जारी किया है। याचिकाकर्ता की ओर से पिछली सुनवाई में अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने बहस की है। समन जारी होने के बाद उनकी ओर से सीआरपीसी की धारा 205 के तहत व्यक्तिगत उपस्थित से छूट के लिये 14 अगस्त को याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी के खिलाफ नवीन झा ने सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया है। इसमें कहा गया है कि राहुल गांधी की टिप्पणी से भाजपा की छवि खराब हुई है। इसलिए इन पर कानूनी कार्रवाई की जाये। राहुल गांधी ने दिल्ली के कांग्रेस के अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में एक आरोपी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता है।

## बाबा साहेब अंबेडकर पर गृह मंत्री की टिप्पणी सोची-समझी रणनीति का हिस्सा : रामेश्वर उरांव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्यसभा में देश के गृहमंत्री अमित शाह की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर की गई टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस 24 दिसंबर, मंगलवार को देशभर के साथ प्रदेश के सभी जिलों में अंबेडकर सम्मान मार्च निकलेगी। रांची में यह सम्मान मार्च कांग्रेस भवन से डीसी कार्यालय तक निकाली जाएगी। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय



में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। इस मौके पर मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, सोनाल शांति, खुर्शीद हसन रूमी, जगदीश साहु, शान्तनू मिश्रा उपस्थित थे।

**गृहमंत्री ने अंबेडकर किया अपमान :** रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के लिए जो अपमानजनक टिप्पणी की है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। अब बीजेपी या अमित शाह इस पर जितना भी सफाई दें इस बात से फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि छुपा हुआ एजेंडा उजागर हो गया है कि ये लोग बाबा साहब और उनके बनाए गए संविधान से नफरत करते हैं।

**संसद में मणिपुर पर चर्चा से इनकार :** रामेश्वर उरांव ने कहा कि कांग्रेस के कई सांसद सदन में अडानी और मणिपुर पर चर्चा करना चाहते थे, लेकिन बीजेपी ने उसे नकार दिया। बीजेपी अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रही है। लोकतंत्र के लिए ये संकेत सही नहीं है कि सदन में सरकार मुद्दों पर बात नहीं करें। उन्होंने कहा कि अंबेडकर को लेकर जो बयान अमित शाह ने दिया है वह स्लीप ऑफ टंग नहीं है, बल्कि उनके दिल की बात जुबां पर आ गई है।

**बीजेपी संविधान बदलना चाहती है :** रामेश्वर उरांव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार का नारा बीजेपी इसलिए दे रही थी क्योंकि उनका इरादा बाबा साहब के संविधान को बदल कर आरक्षण खत्म करने का था, लेकिन देश की जनता ने ऐसा नहीं होने दिया। रामेश्वर उरांव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन की यह सामूहिक मांग है कि अमित शाह इस्तीफा दें या पीएम मोदी उन्हें अपने कैबिनेट से हटाएं।

**आज राज्य के सभी जिले में अंबेडकर सम्मान मार्च :** झारखंड कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि अमित शाह के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में जो अपमानजनक और अभद्र टिप्पणी की गई है उसके विरोध में कांग्रेस कार्यालय से डीसी कार्यालय तक कल अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डोरंडा स्थित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद अंबेडकर सम्मान मार्च में शामिल होंगे। मार्च के बाद कांग्रेस के नेता हर जिले के डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपेंगे।

## झारखंड पहुंचे यूपी के मंत्री, बताया

# महाकुंभ को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए यूपी सरकार प्रतिबद्ध

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** यूपी के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ आयोजित है। महाकुंभ में सभी को आमंत्रित करने उत्तर प्रदेश के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्य मंत्री सुरेश राही झारखंड पहुंचे है। सोमवार को रांची के लालपुर स्थित होटल रैनडीव ने मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्य मंत्री सुरेश राही ने संवाददाता सम्मेलन कर सभी को महाकुंभ के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने बताया कि यूपी सरकार के एक कैबिनेट मंत्री और एक राज्य मंत्री देश के सभी राज्य की राजधानी जाकर वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत आम लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि राज्यपाल से मंगलवार को मिलकर उन्हें महाकुंभ के लिए आमंत्रित करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री से अभी समय नहीं मिलने की बात भी उन्होंने कही। संवाददाता सम्मेलन में मंत्रियों ने महाकुंभ का प्रचार-प्रसार किया।



### क्लीन कुंभ और ग्रीन कुंभ के लिए संकल्प

इसके तहत विभिन्न दोना विक्रेताओं की दुकानों का आवंटन, 400 स्कूलों के प्राचार्य के साथ बैठक और 4 लाख बच्चे प्रयागराज को करेंगे स्वच्छता के लिए जागरूक। ग्रीन महाकुंभ के लिए 3 लाख पौधों का रोपण भी किया गया है। स्वास्थ के क्षेत्र में परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल बनाया गया है। 20 बेड के दो और 8 बेड के छोटे अस्पताल तैयार किए गए है। मेला क्षेत्र में 10-10 बेड के दो आईसीयू आर्मी हॉस्पिटल द्वारा बनाए गए है। जिनमें 24 घंटे डॉक्टर तैनात रहेंगे। इनमें 291 एमबीबीएस, 90 आयुर्वेदिक और स्पेशलिस्ट, 182 नर्स तैनात रहेंगे।

### मंत्रियों ने बताई प्रयागराज महाकुंभ की विशेषता

**दिव्य और भव्य आयोजन:** महाकुंभ-2025 को 2019 के महाकुंभ से भी अधिक दिव्य और भव्य बनाने का लक्ष्य है।

**अत्याधुनिक सुविधाएं:** महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठाए जा रहे हैं।

**स्वच्छ और सुरक्षित:** महाकुंभ को स्वच्छ, स्वस्थ, सुरक्षित एवं डिजिटल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**पर्यावरण संरक्षण :** सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ का संकल्प लिया गया है और पूरे प्रयागराज में करीब तीन लाख पौधों का रोपण किया गया है।

**स्वास्थ्य सुविधाएं:** तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की बड़े पैमाने पर तैनाती की गई है और अस्पतालों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

**डिजिटल सुविधाएं :** महाकुंभ की वेबसाइट, ऐप, एआई चैट बॉट, क्यूआर आधारित पास, डिजिटल साइनेज, स्वचालित राशन आपूर्ति प्रणाली आदि जैसी डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पर्यटकों की सुविधाएं: स्मार्ट पार्किंग, रिवर फ्रंट, इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर आदि जैसी सुविधाएं पर्यटकों के लिए उपलब्ध होंगी। 101 स्मार्ट पार्किंग की व्यवस्था है, जिसमें प्रतिदिन 5 लाख वाहन पार्क किए जाएंगे।

उन्होंने बताया की उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ-2025 को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**महाकुंभ नगरी में बनाए गए हैं 35 पुराने और नए पक्के घाट :** मंत्रियों ने बताया कि महाकुंभ नगरी में 35 पुराने और नए पक्के घाट बनाए गए हैं, जो श्रद्धालुओं के स्नान में काफी सहायक साबित होंगे। 12 किलोमीटर क्षेत्र में फैले सभी 44 घाटों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुंबई की मरीन ड्राइव की तर्ज पर गंगा किनारे लगभग 15.25 किलोमीटर क्षेत्र में संगम से नागवासुकी मंदिर तक, सूरदास से छतनाग तक, कर्जन ब्रिज के समीप से महावीर पुरी तक रिवर फ्रंट का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर को अपग्रेड किया गया है। इससे भीड़ प्रबंधन में सहायता मिलेगी। सीसीटीवी कैमरों को देखने के लिए 52 सीटर चार व्यूइंग सेंटर स्थापित किए गए हैं।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की उपस्थिति में सैकड़ों युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कंग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की उपस्थिति में पूर्व प्रदेश सचिव ईश्वर आनंद के प्रयास से विकास कुमार के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में युवा साथियों ने कांग्रेस का दामन था। जिसमें रामू,विकास, सूचित झा, प्रियांशु मिश्रा, विश्वनाथ ठाकुर, सुनील ठाकुर,अजय करमाली, मनोज कुमार, कुणाल बर्मन, लोकेश, अमित, राजेश कुमार पंकज, सुनील ठाकुर, इमरोज खान, आसिफ अंसारी, पिंटू कुमार, छोटू, जीमन मुंडा, राजू, आसिफ अंसारी, शकील खान, एचडी कामिल, रोहित टोप्पो शामिल है। मौके पर केशव महतो कमलेश ने सभी को माला एवं कांग्रेस का पप्ता पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर श्री कमलेश ने कहा कि समाज के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है कल के झारखंड का भविष्य आज का युवा ही तय करेगा, इसके लिए जरूरी है कि जनता की समस्याओं को जड़ से जानकर उसके समाधान की दिशा में प्रयास करें। सरकार जन समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है जरूरत सिर्फ एक नेक पहल और उचित मार्गदर्शन की है। राजनीतिक प्रतिनिधि और कार्यकताओं पर जनता की जिम्मेवारियां होती हैं। इस जिम्मेवारी को निभाने में कतई कभी पीछे नहीं हटना है। इसमें संगठन का भरपूर सहयोग मिलता रहेगा।

# मानगो में शुद्ध पेयजलापूर्ति की राह में बाधक कारकों पर गंभीरतपूर्वक चर्चा

- मानगो में सुगमतापूर्वक पेयजलापूर्ति हेतु बैठक हुई, सरयू राय ऑनलाइन शामिल हुए

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति सुगमतापूर्वक संचालित करने के लिए मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त सुरेश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में एक बैठक सोमवार को निगम कार्यालय में हुई। इस बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता मो आरिफ अंसारी और कनीय अभियंता आशुतोष पाठक शामिल हुए। अस्वस्थ रहने के बावजूद जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय कुछ समय के लिए बैठक में ऑनलाईन जुड़े और अपना सुझाव रखा।




मानगो नगर निगम कार्यालय में हो रही बैठक का दृश्य।

बैठक में सरयू राय ने नगर निगम और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि यह बैठक उनके नुक्ताचीनी करने, उनके कामों में कमियां निकालने के लिए नहीं की जा रही है, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि 100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बने मानगो पेयजल परियोजना, मानगो के सभी क्षेत्रों में पेयजल पहुंचाने में क्यों विफल हो रहा है? इसमें उन्हें जनप्रतिनिधि के नाते, निगम के प्रमुख के नाते उप नगर आयुक्त को और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सभी स्तर के अभियंताओं को एकजुट होकर परस्पर सहयोग की भावना से काम करना होगा। यही इस बैठक का उद्देश्य है।

### विधायक सरयू राय के सुझाव

**पहला :** नदी से रॉ वाटर खींचने के लिए लगे पम्पों की क्षमता एवं वर्तमान स्थिति क्या है?

**दूसरा :** जब यह पानी वाटर ट्रीटमेंट में जाता है और वहां से साफ होकर विभिन्न टंकियों में जाता है तो इसके लिए लगे संयत्रों की स्थिति क्या है।

**तीसरा :** टंकियों में पानी भरने और वहां से पाईप लाईन के द्वारा घरों तक पेयजल पहुंचाने के लिए बने संरचनाओं की स्थिति क्या है।

**चौथा :** बालीगुमा क्षेत्र में पेयजल पहुंचाने के लिए बने टंकियों को चालू करने के उपाय क्या हैं? इन सभी में यदि कहीं कोई समस्या है तो उसे कैसे सुधारा जाये, उस पर विचार करना है।

सरयू राय ने यह भी बताया कि मानगो पेयजल परियोजना का डीपीआर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने तैयार किया था। इसका क्रियान्वयन जुस्को ने किया था। दो वर्ष से अधिक समय तक संचालन एवं मरम्मत का काम भी जुस्को ने किया था। उसके बाद से यह परियोजना पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा ही संचालित की जा रही है। आवश्यक है कि परियोजना का मूल डीपीआर जुस्को द्वारा इसे संचालित करने के समय के अनुभवों पर भी विचार किया जाए और जहां कमियां रह गई हैं उन्हें दूर किया जाय।

श्री राय ने बताया कि बैठक में उन्हें जानकारी मिली कि इंटेक वेल से नदी का पानी खींचकर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में भेजने के लिए कुल 5 मोटर पम्प हैं, जिसमें से 375 एचपी का एक मोटर पम्प हमेशा ही खराब रहता है। यहाँ पर कोई रिजर्व पम्प नहीं है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता को इस कमी को दूर करने के लिए प्राक्कलन तैयार कर समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

बताया गया कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में कुल 6 मोटर हैं, जिसमें से 150 एचपी का एक मोटर पूर्णतः क्षतिग्रस्त है तथा वहां स्थापित 630 केवीए का एक ट्रांसफार्मर भी पूर्णतः क्षतिग्रस्त है। क्षतिग्रस्त मोटर की मरम्मति हेतु सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को निदेशित किया गया, इसके लिए उन्हें प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया और ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए बिजली विभाग से बात करने की जिम्मेदारी उप नगर आयुक्त को दी गई।

**छह जोन में बांट कर की जा रही जलापूर्ति, हर जोन में मोटर क्षतिग्रस्त :** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक को बताया गया कि पूरे नगर निगम क्षेत्र को छह जोन में विभाजित कर जलापूर्ति का कार्य किया जाता है, जिसमें से चार जोन में लगे मोटर पम्प में से सभी जोन के एक-एक मोटर पम्प पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने बताया कि खराब मोटर पंप को मरम्मति हेतु भेजा गया है, जो अबतक नहीं बन पाया है।

# जेपी सिंह बने सीपीएम के नये जिला सचिव

- सीपीएम का दो दिवसीय 24वां पूर्वी सिंहभूम जिला सम्मेलन संपन्न
- 17 सदस्यीय नयी जिला कमेटी का गठन किया गया
- जन मुद्दों पर आंदोलन आंदोलन तेज करने का लिया गया निर्णय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोमवार को कॉ0 सीताराम येचुरी नगर (आंध्र क्लब- गोलमुरी) में सीपीआई(एम) का दो दिवसीय 24वां जिला सम्मेलन जिले के ज्वलंत जनमुद्दों पर आंदोलन तेज करने के संकल्प के साथ आज संपन्न हो गया।




सम्मेलन में उपस्थित वक्तागण।

सम्मेलन का उद्घाटन पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने किया उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा झारखंड में डबल इंजन सरकार बनाने के मंसूबों को राज्य की जनता द्वारा नकार दिए जाने को एक सकारात्मक जनादेश बताया। सम्मेलन मे जिले के 11 प्रखंडों की 45 शाखाओं से, 23 महिला सहित 121 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, सम्मेलन में जिला सचिव द्वारा पेश की गई राजनीतिक - सांगठनिक रिपोर्ट पर 32 प्रतिनिधियों ने चर्चा में हिस्सा लिया और महत्वपूर्ण सुझाव दिए, उन सुझावों को शामिल किए जाने के बाद रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

सम्मेलन में 13 प्रस्ताव पारित किये गए. जिसमें केंद्र सरकार द्वारा ह्लवन नेशन वन इलेक्शनह्व का विरोध करने, ह्ल1991 के पूजा स्थल अधिनियम को सख्ती से लागू करनेह्व, झारखंड के मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप राज्य में जल्द एक अधिकार संपन्न विस्थापन आयोग का गठन करने, किसानों से धान की खरीद में हो रही अनियमितता पर रोक लगाने, प्रखंड स्तर तक बढते भष्टाचार पर लगाम, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा की बकाए राशि का भुगतान करने, मनरेगा के बकाया मजदूरी का पेमेंट करने, डायन-बिसाही के नाम पर उत्पीड़न पर रोक, भूमि बैंक की समाप्ति, नशीले पदार्थों की तस्करी सहित बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण, वनों की सुरक्षा तथा हाथियों के हमलों से सुरक्षा, काश्तकारी अधिनियम और पेसा के तहत अधिकारों को सुनिश्चित करना, जनोन्मुखी औद्योगिक और निवेश नीति के माध्यम से रोजगार सृजनसे संबंधित हैं।

सम्मेलन में, राज्य पर्यवेक्षक प्रकाश विप्लव व समीर दास तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता कॉमरेड डी झा के मार्गदर्शन में प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से 17 सदस्यीय जिला कमेटी तथा 9 से 11 जनवरी 2025 को रांची में होने वाले राज्य सम्मेलन के लिए 20 प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया। नव निर्वाचित जिला कमिटी कॉम केपी सिंह को नया जिला सचिव निर्वाचित किया। सम्मेलन में, निर्णय लिया गया कि फरवरी 2025 से केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध तथा जनता के ज्वलंत मुद्दों को लेकर आंदोलन तेज किया जायेगा।

# राहुल पर दर्ज किया गया है फर्जी मुकदमा : सुबोधकांत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में प्रेस वार्त्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रेस वार्त्ता को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि राज्यसभा में घटित घटना एवं प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के ऊपर फर्जी एफआईआर दर्ज किए जाने की घटना विगत दिनों राज्यसभा के अंदर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के बारे में उनकी अपमानजनक और आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के खिलाफ घोर भ्रत्सना करते हैं। उक्त टिप्पणी हमारे संविधान निर्माता के अद्वितीय विरासत का अपमान करती है। उन लाखों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचती है, जो डॉ. अंबेडकर को समानता एवं न्याय और सामाजिक परिवर्तन के रूप में मानते हैं।

# अरका जैन यूनिवर्सिटी में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस कार्निवल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी ने सोमवार को अपने स्टाफ और छात्रों के लिए एक रंगारंग क्रिसमस कार्निवल का आयोजन किया। इस भव्य आयोजन ने सभी को जश्न और मस्ती का मौका दिया। कार्यक्रम में छात्रों और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, और यह आयोजन सांस्कृतिक विविधता और आपसी सौहार्द का प्रतीक बना।



क्रिसमस कार्निवल के दौरान केक काटते डॉ एसएस रजी व सहयोगी।

कार्निवल का मुख्य आकर्षण मैजिक शो रहा, जिसने दर्शकों को चकित कर दिया। इसके साथ ही, सभी प्रतिभागियों को कॉम्प्लीमेंटरी टैटू दिए गए, जो खासा लोकप्रिय रहे। सीक्रेट सांता और कार्निवल फैशन परेड जैसे कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। प्रतिभागियों ने अपने फैशन सेंस और क्रिएटिविटी का प्रदर्शन किया, जिसने सभी को प्रेरित किया। कार्निवल में स्वादिष्ट व्यंजनों से सजे फूड स्टॉल और मजेदार गेम स्टॉल्स लगाए गए, जिनमें हर उम्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सांता क्लॉज ने बच्चों और छात्रों के बीच केक और गिफ्ट्स बांटे। यह पल सभी के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला रहा।

# बाबा साहेब के नाम पर झूठ और भ्रम फैला रही कांग्रेस: विद्युतवरण महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं को आड़े हाथों लिया। सांसद विद्युत वरण महतो ने कांग्रेस पार्टी पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति कांग्रेस का रवैया हमेशा दोहरा और अपमानजनक रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर बाबा साहेब के नाम का इस्तेमाल केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए करने और उनके सिद्धांतों को कुचलने का आरोप लगाया। सांसद महतो ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को हराने और हाशिये पर रखने के लिए कई षड्यंत्र रचे।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते सांसद विद्युतबरण महतो। साथ में जिला अध्यक्ष सुधांशु व प्रदेश प्रवक्ता काले।

1952 और 1954 के चुनावों में उन्हें हराने के लिए कांग्रेस ने हर संभव प्रयास किया। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने उन्हें कभी भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया, जबकि उनके नेताओं ने स्वयं को भारत रत्न के सम्मान से नवाजा। कहा कि भाजपा के समर्थन वाली सरकार के दौरान वर्ष 1990 में बाबा साहेब को भारत रत्न देकर उनके योगदान को उचित सम्मान दिया गया।

# क्रिसमस पर यूं जगमगा रहा कान्वेंट स्कूल परिसर



साकची नार्दन टाउन स्थित कान्वेंट स्कूल को क्रिसमस के अवसर पर जम कर सजाया गया है। आज स्कूल की विद्युत सज्जा का परीक्षण किया गया तो यूं दिखा नजारा।

# लोग क्या कहेंगे, मत सोचिये, जितनी-जैसी आती है हिंदी जरूर बोलिये : आनंद सेन

- श्रीनाथ विवि का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी महोत्सव संपन्न
- निर्भया कांड की अधिवक्ता सीमा समृद्धि कुशवाहा हुई सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोमवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय आठवां श्रीनाथ अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी महोत्सव, 2024 का समापन हुओ जिसमे चिंतन मनन सत्र में वक्ता के रूप में झारखंड उच्च न्यायलय के माननीय न्यायमूर्ति आनंद सेन, निर्भया कांड की अधिवक्ता (उच्चत्तम न्यायलय) सीमा समृधि कुशवाहा एवं झारखंड बार काउन्सिल के उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला जी, उपस्थित रहे।






कार्यक्रम को संबोधित करते न्यायमूर्ति आनंद सेन और सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता को सम्मानित करते न्यायमूर्ति आनंद सेन व कुलाधिपति सुखदेव महतो।

चिन्तन-मनन सत्र के समन्वयक श्रीनाथ विश्वविद्यालय के वरिष्ठ सलाहकार श्री कौशिक मिश्रा एवं जियाडा के उपनिदेशक दिनेश रंजन थे। पहला प्रश्न कौशिक मिश्रा ने माननीय न्यायमूर्ति आनन्द सेन से पूछा कि न्यायिक प्रक्रियाएं प्रायः अंग्रेजी में होती है, इसमें हिंदी की क्या भूमिका हो सकती है? इसका जबाव देते हुए माननीय न्यायमूर्ति ने कहा कि अंग्रेजी माध्यम से उच्चत्तम न्यायलय में अधिकांश काम होता है। जिस भाषा को हम नहीं जान रहे हैं उस भाषा में हम अपने कानून को कैसे समझें। श्री कौशिक मिश्रा जी ने न्यायमूर्ति महोदय से प्रश्न पूछा कि हिंदी के प्रति जो एक लापरवाह रवैया है, इसे कैसे दूर किया जा सकता है और इसे कैसे संप्रेषण की भाषा बनाई जा सकती है ? इस पर माननीय न्यायमूर्ति ने जवाब देते हुए कहा कि यदि कोई कहता है कि हिंदी हमें नहीं आती है तो यह गलत बात है। आप उतना ही हिंदी बोलिये, जितनी आपको आती है लोग क्या कहेंगे, यह मत सोचिये। श्री मिश्रा ने राजेश शुक्ला से सवाल किया कि आम आदमी जो संथाली या जनजाति भाषा जानता है और हिंदी नहीं जानता आप ऐसे किसी आदमी के साथ यदि कोई अनुभव रहा हो तो कृपया साझा करें।

## स्पीड न्यूज



### राजकीय पॉली टेक्निक गम्हरिया की छात्राओं ने लहराया परचम

**गम्हरिया।** झारखंड युनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलोजी के निर्देश पर, विकसित भारत विकसित झारखंड निर्माण के तहत रांची में आयोजित आईडिया पिचिंग प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में राजकीय महिला पॉलीटेक्निक गम्हरिया की छात्राओं ने विजय पताका फहरा कर संस्थान का गौरव पूरे प्रदेश में बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता के प्रथम राउंड का आयोजन सर्वप्रथम महिला पॉलीटेक्निक में किया गया था। इस दौरान 20 ग्रुपों में से चयनित पांच ग्रुपों को द्वितीय राउंड के लिए बीआईटी सिंदरी भेजा गया था जिसमें एक ग्रुप का चयन फाइनल राउंड के लिए हुआ।

### शहीद निर्मल महतो की 74वीं जयंती 25 को

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि वीर शहीद निर्मल महतो का 74वीं जयंती हर साल की भांति दिनांक 25 दिसंबर 2024 को कदमा स्थित उलीयान में मनाया जायेगा। दिन के 11.45 बजे चमरिया गेस्ट हाउस बिस्टुपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा। जिला समिति ने सभी प्रखंड एवं पंचायत एवं नगर समितियां को निर्देश दिया कि सभी अपने-अपने प्रखंड एवं नगर क्षेत्र में प्रातः वीर शहीद निर्मल महतो की जयंती समारोह मनायेंगे। उसके बाद जमशेदपुर उलीयान स्थित समाधि स्थल पर मुख्य समारोह होगा।

### डॉ एके लाल पर हमले से आइएमए आक्रोशित

**जमशेदपुर।** आइएमए जमशेदपुर ने अपने वरिष्ठ सदस्य और स्टेट उपाधीक्षक डॉ अरविंद लाल पर मरीज के परिजनों द्वारा हुए मारपीट और बदसलूकी की घोर निंदा की है। सचिव डा सौरव चौधरी ने यहां जारी बयान में कहा कि मरीज के परिजन को ये अधिकार कतई नहीं है कि इलाज के नाम पर किसी भी कारणवश डॉक्टर से मारपीट और दुर्व्यवहार करे। वजह कुछ भी हो, डॉक्टर से अगर कोई धक्का-मुक्की और फिजिकल असॉल्ट होगी, तो इसे बरदाश्त नहीं करेगा।

### नववर्ष को लेकर तीन दिवसीय मेला लगेगा

**चांडिल।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक मेला कमेटी भुईयांडीह की और से क्रिसमस एवं नव वर्ष को लेकर तिन दिवसीय मेला का आयोजन किया गया है। इस मेला में 25 दिसंबर को सुबह दस बजे से मुर्गा पाड़ा तथा दोपहर एक बजे से पियु रानी महतो दल द्वारा झूमर संगीत का आयोजन किया गया है। 26 दिसम्बर को मुर्गा पाड़ा एवं सोनाय प्रिया डांस ग्रुप पुरुलिया द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है तथा 27 तारीख को मुर्गा पाड़ा एवं छः नृत्य का आयोजन किया गया है।


### मानगो के देवेंद्र लोक अपार्टमेंट में लगी आग



**जमशेदपुर।** मानगो डिमना रोड स्थित देवेंद्र लोक अपार्टमेंट के पांचवें मंजिल में चंदन कुमार शर्मा के फ्लैट में भीषण आग लग गई एक कमरे में रखा हुआ पूरा सामान जलकर राख हो गया संभवत आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। फ्लैट के मालिक ने विकास सिंह को दूरभाष में फोन कर कहा कि उनके फ्लैट में आग लग गई है झारखंड सरकार की अग्निशामक गाड़ी मौके में पहुंचे तो गई है लेकिन काम नहीं कर रही स्थानीय थाना भी फोन नहीं उठा रहा है पुरे फ्लैटवासी संकट के दौर से गुजर रहे हैं विकास सिंह ने बिना विलंब किए टाटा स्टील के अग्निशमन विभाग के साथ-साथ प्रशासन के वरीय पदाधिकारी को मामले की जानकारी दी। कुछ ही देर बाद टाटा स्टील की अग्निशामक गाड़ी भी मौके में पहुंच गयी। अग्निशामक गाड़ी के बचाव कार्य के पहले फ्लैट की महिलाओं ने आग पर काबू पा लिया था।

## एक नजर में

### विधायक कालिंदी ने दरगाह पर की चादरपोशी



**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद मुंबई स्थित प्रसिद्ध हाजी अली दरगाह पोहोच कर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने चादर चढ़ाकर राज्य के अमन-चैन और राज्य वासियों के सुख शांति एवं समृद्धि को लेकर दुआ मांगी।

### 13.69 करोड़ से सुदृढ़ होगी 25 किमी सड़क



**चांडिल।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृत नीमडीह व कुंकडू प्रखंड क्षेत्र में 7 सड़को का ईंचागढ के विधायक सविता महतो ने सोमवार को सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। कहा कि 13 करोड़ 69 लाख 20 हजार 2 सौ रुपये की लागत से 25 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जायेगा। मौके पर झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, केंद्रीय सदस्य चारुचांद किस्कु, काबलु महतो, धरमु गोप, हरिदास महतो, राहुल वर्मा, हरे कृष्ण सिंह सरदार, सचिन गोप, शंकर सिंह सरदार, टिंकू महतो उपस्थित थे।

### सरायकेला : एनआर +2 उवि की शकीला पुरस्कृत



**जमशेदपुर।** एनआर प्लस हाई स्कूल की शकीला महतो ने सोमवार को रांची में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिताओं में एकल लोक नृत्य में दूसरा पुरस्कार हासिल किया और 12 जनवरी 2025 को नयी दिल्ली में युवा मामले विभाग, युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय उत्सव में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अर्हता प्राप्त की। इससे पहले शकीला महतो ने 12 को सरायकेला में आयोजित कार्यक्रम में एकल लोक नृत्य में जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार और 19 दिसंबर 2024 को चाईबासा में आयोजित क्षेत्रीय स्तर पर एकल लोक नृत्य प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार हासिल किया था। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा पदाधिकारी क्षितिज, जिला खेल पदाधिकारी अमित कुमार, एनएसएस के जिला समन्वयक डॉ ओम प्रकाश एवं एनआर प्लस हाई स्कूल के प्रमोद कुमार राउत ने उन्हें बधाई दी।

### समाजसेवी मुख्तार का किया गया अभिनंदन




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में समाजसेवी मुख्तार आलम खान को झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा दिये गये सम्मान पर खुशी की लहर है। इस उपलक्ष्य में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के दफ्तर में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो अहमद बद्र और विशिष्ट अतिथि मशहूर शायर रिजवान औरंगाबाद व हाजी रजी नौशाद मौजूद रहे। प्रो बद्र ने कहा कि यह सम्मान केवल मुख्तार आलम खान का ही नहीं, बल्कि पूरे जमशेदपुरवासियों का है। उन्होंने ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सेक्रेटरी के तौर पर जमशेदपुर के लोगों के लिए उल्लेखनीय सामाजिक कार्य किये हैं। कार्यक्रम की शुरुआत ट्रस्ट के अध्यक्ष मतीनुल हक अंसारी द्वारा की गयी, जबकि स्वागत भाषण डॉक्टर ताहिर हुसैन ने दिया। मुख्तार को फूलों का गुलदस्ता, शाल और अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### एबीएमपी आदर्श उवि में हुई खेलकूद प्रतियोगिता




**जमशेदपुर।** आकर्षक मार्च पास्ट और रंगारंग ड्रिल डिस्प्ले के साथ ही ग्रामीण अंचल में स्थित एवं शिक्षा प्रसार केंद्र जमशेदपुर टाटा मोटर्स द्वारा संचालित, एबीएमपी आदर्श उच्च विद्यालय राहरगोड़ा का 62 वां वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता 2024 का आयोजन विद्यालय खेल परिसर में संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि मानसी क्लब की सचिव रीना पदान, विशिष्ट अतिथि के रूप में मानसी क्लब की संयुक्त सचिव जे दीपा फरनांडो की गरिमा मय उपस्थिति में विद्यालय के वार्षिक खेलकूद समारोह का झंडोत्तोलन के साथ विधिवत उद्घाटन की घोषणा हुई मौके पर विवेक विद्यालय गोविंदपुर के प्राचार्य अवधेश सिंह, सामुदायिक उच्च विद्यालय बारीगोडा के प्रधानाध्यापक बीपी यादव, मध्य एवं उच्च विद्यालय लक्ष्मी नगर की प्रधानाध्यापिका उमा पांडेय, विद्यासागर उच्च विद्यालय बामनगोड़ा की प्रधानाध्यापिका प्रतिभा वर्मा की उपस्थिति बनी रही। इससे की पहले विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता रंजन ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। उन्होंने अपने स्वागत संबोधन में स्कूल की खेल उपलब्धियां के बारे में बताते हुए अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मानसी क्लब की सचिव रीना पदान ने अपने संबोधन में कहा ग्रामीण परिवेश के स्कूलों में इस तरह के बेहतर आयोजन देखने का कम ही मौका मिलता है, सफल आयोजन में न केवल छात्र-छात्राओं का बल्कि विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का मेहनत तारीफे काबिल रहा है। विद्यालय के 62 वें वार्षिक खेलकूद आयोजन के लिए विजय प्रतिभागियों को बधाई और आयोजन समिति को शुभकामना दिया। वार्षिक खेल कूद में कुल 64 स्पर्धाओं का आयोजन हुआ। जिसमें लड़कों के समूह में छह ग्रुप और लड़कियों के समूह में छह ग्रुप और चार हाउस रेड, ब्लू, येलो, ग्रीन में पूरे किये गये। चारों हाउस के प्रतिभागी छात्रों की संख्या लगभग 950 की रही। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के द्वारा बारी-बारी से विजयी खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के रूप में मुख्य रूप से 100 मीटर, 200 मीटर 75 मी और 4 x100 मीटर रिले दौड़, गोला फेंक, चक्का फेंक, लंबी कूद, ट्रिपल जंप के अलावा छोटे बच्चों के लिए बुक बैलेंसिंग रेस, मेंढक दौड़, बोरा दौड़, गोली चम्मच दौड़ और ओपन कैटेगरी में 800 मीटर की दौड़ का आयोजन हुआ। इसके अतिरिक्त पुरुष शिक्षकों के लिए 200 मी वॉकिंग रेस और शिक्षिकाओं के लिए गोली चम्मच रेस का आयोजन हुआ।

## स्पीड न्यूज

### प्रसिद्ध दवा व्यवसायी संतोष का निधन



**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी एवं पलामू बैडमिंटन एसोसिएशन के संतोष सिंह नामधारी का निधन सोमवार की सुबह मेदिनीनगर स्थित आवास पर हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। इनका अंतिम संस्कार पंपूकल घाट पर किया गया। इनके निधन पर शहर के कई व्यवसायियों सहित गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### रूपेश बने महासभा के प्रदेश महामंत्री



**चैनपुर पलामू।** अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा राष्ट्रीय युवा संघ के प्रथम अधिवेशन में राष्ट्रीय युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरज कमलापुरी तथा प्रदेश महामंत्री रूपेश कुमार को मनोनीत कर प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदन गुप्ता तथा महामंत्री उदय गुप्ता ने बधाई दी।

### आग लगने से घर समेत पशुधन खाक



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के गंगतुआ निवासी मुकेश पांडेय पिता जनार्दन पांडेय के घर में आग लगने से एक गाय की मौत हो गयी तथा दो गायें गंभीर रूप से घायल हैं। मुकेश के घर में रविवार की रात अचानक आग लग गयी। घर में रखे समान एवं कागजात जल गये।

### महत्वना धाम में 31 को लगेगा मेला



**विश्रामपुर (पलामू)।** खुंटिसोत नदी तट स्थित बाबा महत्वना धाम पर 31 दिसंबर को भव्य वार्षिक मेला लगेगा। इसकी तैयारी जोरों पर है। इलाके में आस्था का केंद्र बाबा महत्वना धाम देव स्थल पर साल के अंतिम दिन प्रतिवर्ष मेला लगता है। धाम के पुजारी सरयू चौधरी ने बताया कि इस बार मेला को अविस्मरणीय बनाने के लिए कई कार्यक्रम होंगे। मेला में बच्चों के मनोरंजन हेतु भी व्यवस्था की जा रही है।

### बीपीएम शव्या और धावाडीह मुखिया रिंकी यादव ने किया पोशाक वितरण



**सतबरवा।** बीपीएम शव्या कुमारी तथा धावाडीह मुखिया रिंकी यादव ने सोमवार को उमवि करमा के वर्ग 1 एवं 2 के 40 छात्र–छात्राओं के बीच झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग से मिले पोशाक का वितरण किया। मुखिया रिंकी यादव ने कहा कि पोशाक से बच्चों में एकरूपता आती है। बच्चों में अमीरी गरीबी के भेदभाव को पोशाक दूर करता है और बच्चों में समानता की भावना जागृत होती है। गरीब परिवार के बच्चों को स्वेटर से ठंड से राहत मिलेगी। बीपीएम शव्या कुमारी ने अभिभावकों को बताया कि 600 रुपये में हर बच्चे को दो सेट पैंट–शर्ट, एक स्वेटर, जूता और मोजा दिया गया है। मौके पर संकुल साधनसेवी सुधीर मिश्रा, प्रभारी प्राचार्य सलीमुद्दीन अंसारी, जुम्मन मियां, शाहिद रजा भी थे।

### बनकट स्कूल से देवरी खुर्द मोड़ तक रोड का सीओ ने कराया सीमांकन




**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र सोनवर्ती गांव बनकट से देवरी खुर्द रोड बनाने की प्रक्रिया तेज हो गयी है। सोमवार को एसडीओ के निर्देश पर सीओ पंकज कुमारने सड़क निर्माण के लिए विधिवत सीमांकन कराया। बताया कि ग्रामीणों की मांग थी। जब संविदा निकली, तो कुछ लोग विरोध करने लगे। विधिवत सरकारी अमीन से सीमांकन कराया गया है। कार्य में रुकावट आने पर अतिक्रमण भी हटाया जायेगा।

### मनरेगा की योजनाओं में मिली गड़बड़ी



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड स्तरीय मनरेगा का वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22, 2022–23 का सामाजिक अंकेक्षण प्रखंड कार्यालय सभागार में हुआ। जिसमें ज्यूरी सदस्य प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, पूर्वी जिप सदस्य विजय राम, लोकपाल पलामू शंकर कुमार, BGVS लेस्लीगंज शैलेश वर्मा, झारखंड सामाजिक अंकेक्षण सोसायटी कार्यकारिणी सदस्य जेम्स हेरेंज, बीडीओ सुनील सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्य का शुभारंभ किया। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ने की। अंकेक्षण में कुछ योजनाओं को छोड़ ज्यादातर में गड़बड़ी पायी गयी। जिसपर जांच के बाद रोजगार सेवकों द्वारा साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने पर जुर्माना लगा। जुर्माना 15 दिनों के भीतर प्रखंड कार्यालय में जमा करना होगा। कोट खास एवं जामुडीह पंचायत में गड़बड़ी मिलने पर तत्कालीन रोजगार सेवक मोहम्मद हसन को जमकर फटकार लगी। मौके पर सोशल ऑडिट यूनिट पलामू के सदस्य आश्रिता तिर्की, सुशील एक्का, रामटहल प्रजापति, अवधेश महतो आदि उपस्थित थे।

### एसएसएमएस कॉलेज में बंटे पुरस्कार



**तरहसी पलामू।** सुखदेव सहाय मधेश्वरा सहाय डिग्री कॉलेज के बैनर तले इंद्राणी बृजदेव सहाय फाउंडेशन नई दिल्ली ने विगत कई वर्षों से विभिन्न नाम से केवल तरहसी में टॉपर छात्र–छात्राओं को स्कॉलरशिप देता है। वर्ष 2024 के लिए यह स्कॉलरशिप पुरस्कार कमल इंद्राणी बृजदेव सहाय स्कॉलरशिप स्नातक स्तर पर उर्दू विषय में सत्र 2020 /2023 के कॉलेज टॉपर शमशाद अहमद एवं नजराना खातून को 7500 रुपये का चेक दिया गया। बृजदेव सहाय स्मृति स्कॉलरशिप प्रखंड स्तरीय तरहसी प्रखंड के टॉपर छात्र वर्ष 2024 में शिवम राज +2 के छात्र को दिया गया। इंद्राणी बृजदेव सहाय स्मृति स्कॉलरशिप मैट्रिक 2024 के लड़कियों में टॉपर आफरीन प्रवीण सलारी स्कूल की छात्रा एवं साक्षी प्रभाव प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी उवि तरहसी की छात्रा को दिया गया। इंद्राणी बृजदेव सहाय स्मृति स्कॉलरशिप मैट्रिक एस सी में टॉपर रंजन कुमार को 10 +2 उच्च विद्यालय के छात्र प्रत्येक को 6000 रुपये दिये गये।

## ऑक्सफोर्ड में तृतीय वार्षिकोत्सव उड़ान का होगा आयोजन : प्राचार्य डॉ एके सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



डॉ एके सिंह, प्राचार्य ऑक्सफोर्ड।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, न्यू टाउनशीप, शाहपुर में 24 दिसंबर दिन मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे तृतीय वार्षिकोत्सव उड़ान आरंभ होगी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि दिव्यांश शुक्ला आईपीएस पलामू, ऑक्सफोर्ड ग्रुप के निदेशक सह पॉकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता एवं अन्य अतिथिगण करेंगे।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि इस बार तृतीय वार्षिकोत्सव का थीम कलर्स ऑफ इंडिया है। प्राचार्य वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। तत्पश्चात स्वागत गीत, नृत्य, कक्षा प्रेप के छात्रों ने टिंवकल टोज, कक्षा प्रथम से चेन्नई सुपर कीड्स, कक्षा तृतीय के द्वारा पुराने गीतों पर नृत्य, वरिष्ठ बालिकाओं के द्वारा कत्थक नृत्य, कक्षा चतुर्थ से आरंभ है प्रचंड, छात्र-छात्राओं ने रामायण आधारित हिंदी एवं अग्रेजी में जुलियस सिजर कहानी पर आधारित नाटक, कक्षा द्वितीय के छात्र-छात्राओं ने भारतीय त्योहारों पर नृत्य, कक्षा सप्तम के छात्राओं ने नागपुरी नृत्य तथा छात्रों ने प्रेज द लॉर्ड पर नृत्य, कक्षा पंचम के छात्र-छात्राओं ने पहाड़ी नृत्य, छात्राओं ने भारत नाट्यम तथा शिव तांडव, छात्र-छात्राओं ने पंजाबी भांगड़ा एवं लोकनृत्य, कलर्स ऑफ इंडिया पर भी प्रस्तुतिकरण होगा।

## भाजपा ने ही दी डॉक्टर अंबेडकर को देशरत्न की उपाधि : सांसद बीडी राम

- संसद की परंपरा को कांग्रेस व इंडिया गठबंधन ने अमर्यादित किया
- राहुल गांधी ने आदिवासी महिला सांसद के साथ किया अभद्र व्यवहार
- संविधान पर चर्चा करनेवाले कांग्रेस बाबा साहब को सम्मान क्यों नहीं दिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संसद के दोनों सदनों में संविधान को लेकर चर्चा हो रही थी, उस दौरान कांग्रेस ने आरक्षण, संविधान, ओबीसी विरोधी होने का परिचय दिया। भाजपा इसे तुलनात्मक दृष्टि से यह बताना चाहती थी कि किस प्रकार कांग्रेस आरक्षण व अंबेडकर विरोधी रही है। चुनाव में अंबेडकर को हराने वाली कांग्रेस चाहती थी कि अंबेडकर संसद में जीतकर नहीं आये, उन्हें वंचित किया गया। आज डॉ भीमराव अंबेडकर के बनाये संविधान को लेकर कांग्रेस किस मुंह से चर्चा कराना चाहती है। उसका दोहरा चरित्र उजागर हो चुका है। उक्त बातें सांसद बिष्णु दयाल राम ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कांग्रेस, इंडिया गठबंधन व राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस आरक्षण के नाम पर देश को गुमराह कर रही है। एक आदिवासी सांसद फांदनोन कोन्याक के साथ राहुल गांधी ने अमर्यादित आचरण का परिचय देते हुए अभद्र व्यवहार किया जो भारतीय लोकतंत्र में काला दिन के रूप में गिना जायेगा।

**खास बातें :** सांसद ने कहा कि इतना ही नहीं भाजपा सांसद जब मकर द्वार पर विरोध प्रकट कर रहे थे, उस समय जान बूझकर सोची समझी साजिश के तहत राहुल गांधी मकर द्वार के बीच से अपना अमर्यादित परिचय को उजागर करते हुए भाजपा सांसदों को धक्का मुक्की कर अंदर प्रवेश करना चाह रहे थे। जबकि वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उनसे कहा कि बगल के रास्ते से अंदर चले जायें लेकिन राहुल अपनी गुंडागर्दी का परिचय देते हुए तानाशाह बन भाजपा सांसदों को धक्का देते हुए अंदर जाना चाहे। इसमें भाजपा के एक बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी गिर गये जिससे उन्हें गंभीर चोटें आयी है। वे आइसीयू में भर्ती हैं। वहीं दूसरे सांसद मुकेश राजपूत का एमआरआई कराना पड़ा। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, शिव कुमार मिश्रा, विजय ओझा, अभिमन्यु तिवारी शामिल थे।

## दौरे पर पलामू आयेंगे केंद्रीय सूचना व प्रसारण राज्य मंत्री

- 25 को मोहम्मदगंज के रेलवे प्रोजेक्ट का निरीक्षण कार्यक्रम करेंगे मंत्री
- बुधवार को दूरदर्शन केंद्र व एमएमसीएच का करेंगे भ्रमण कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची आगमन पर मंत्री का स्वागत करते अधिकारी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन तीन दिवसीय पलामू दौरे पर सोमवार की शाम मेदिनीनगर आयेंगे। इसके तहत वे सोमवार की दोपहर को रांची पहुंचे, जहां पलामू जिला प्रशासन की तरफ से जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने बुके देकर मंत्री का स्वागत किया।

**जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों संग करेंगे बैठक, आकांक्षी जिला प्रोग्राम के तहत पलामू में विकास कार्यों का लेंगे जायजा :** तीन दिवसीय दौरे पर पलामू आ रहे मंत्री सोमवार की रात परिसदन भवन में जिले के माननीयों संग बैठक करेंगे। इसी क्रम में मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक करेंगे। बैठक में आकांक्षी जिला प्रोग्राम के तहत पलामू में हुए विकास कार्यों की समीक्षा की जायेगी। वहीं टाउन हॉल में जिले के जनप्रतिनिधियों संग भी बैठक निर्धारित की गयी है। मंगलवार को ही मंत्री का हरिहरगंज दौरा प्रस्तावित है। इसी तरह बुधवार को मंत्री का दूरदर्शन केंद्र व एमएमसीएच का भ्रमण कार्यक्रम है। मंत्री का 25 दिसंबर को मोहम्मदगंज के रेलवे प्रोजेक्ट का निरीक्षण कार्यक्रम भी निर्धारित है।

जिला पार्षद ने किया क्रिकेट मैच का शुभारंभ, पर्यावरणविद ने किया पौधा दान

## राष्ट्र के धरोहर व वन पर्यावरण का प्रमुख अंग है युवा खेल व कला संस्कृति : पर्यावरणविद-पार्षद

खबर मन्त्र संवाददाता



लोगों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते डॉ कौशल, पार्षद अमित।

**छतरपुर पलामू।** अनुमंडल के चिरु सुपर किंग ने चिरु फार्म खेल मैदान में पिछले 18 वर्षों से होते आ रहे क्रिकेट मैच का उद्घाटन रविवार को राष्ट्रीय गान के उपरांत जिला पार्षद अमित जायसवाल ने टॉस के बाद बैटिंग कर औपचारिक उद्घाटन किया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल व छतरपुर पूर्वी के जिला परिषद अमित जायसवाल ने विशिष्ट अतिथि प्रमोद यादव, अरुण साव, मनोज साह, डॉ दिलीप सिंह, डॉ बीके यादव, डॉ बीरेंद्र यादव, डॉ मनीष कुमार, शंकर साह बालेश्वर साव, नरेश सिह, नरेश रजक, सचिन पांडेय ने किया। डॉ किशोर ने राष्ट्रीय गान के बाद कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी। युवा कला व संस्कृति ये सभी वन पर्यावरण के प्रमुख अंग और राष्ट्र का धरोहर है। इसकी हिफाजत सबका दायित्व है क्योंकि विश्व का विकास का बुनियाद देश का युवा होते हैं। छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित जायसवाल ने कहा कि गांव में खिलाड़ियों और प्रतिभा की कमी नहीं है। मौके पर चिरू सुपर किंग अध्यक्ष महेंद्र रजक, सचिव राहुल कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन पासवान, उपाध्यक्ष पवन कुमार, उपसचिव, अनिल रजक, बसंत विश्वकर्मा, डाली उप मुखिया अफजाल अंसारी, लाल बहादुर सिंह, मुनेश्वर सिंह, मोहन सिंह, सहदेव यादव, मनोज पासवान, नरेश रजक भी थे।

## मनातू बीडीओ ने अनाथ बच्चों के शिक्षा और भरण पोषण का जिम्मा उठाया

शिवशंकर पासवान

- पलामू डीसी के निर्देश पर हुई पहल



**पांकी पलामू।** पलामू उपायुक्त के निर्देश पर सोमवार को मनातू बीडीओ अनुज बांडों ने डुमरी पंचायत के झांटी टोला गीतहर में माता-पिता के निधन के बाद अनाथ चार बच्चे जो दाने दाने को मोहताज हो गये। जिसकी खबर प्रकाश में आया। जिसके बाद उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए मनातू बीडीओ को भेज कर प्रशासनिक सुविधा मुहैया करायी। जिसके तहत चारों बच्चों को कपड़ा, कंबल, जूता, चप्पल, राशन, पैसे भी दिये गये। बीडीओ ने पंचायत सेवक को निर्देश देकी कहा कि जल्द मृत्यु प्रमाण पत्र बना कर परिवारिक लाभ दें। बच्ची को कस्तूरबा में नामांकित करवायें। उन्होंने आस पड़ोस, रिश्तेदार और लोगों को सचेत कर कहा कि इन बच्चों पर नजर रखें और परेशानी होने पर तत्काल मुझे सूचित करें। अनाथ बच्चों को सरकारी सुविधा देने पर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और बीडीओ को धनवाद दिया। बाल विकास परियोजना कर्मियों को बीडीओ ने कहा कि हर योजना का लाभ इन्हें दिलायें।

## ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज चियांकी में 16 से 21 दिसंबर तक वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई। इसमें बीएड के प्रथम और द्वितीय सत्र की छात्राओं ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा दिखायी। शुभारंभ प्राचार्या डॉ अनुपमा गुप्ता के प्रेरणादायक संदेश से हुआ, जिसमें उन्होंने खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी है। बल्कि अनुशासन, सहनशीलता और टीम वर्क जैसे गुणों को भी विकसित करता है। प्रतियोगिता में कई रोचक खेल हुए। संचालन शारीरिक शिक्षक पवन शर्मा की देखरेख में हुआ। मौके पर अविनाश सिंह, सुजीत कुमार, सौरभ सिंह, सुशील दत्त उपाध्याय, अरुण पांडे, रामसागर, वेद प्रकाश, प्रभाकर मौर्य, अंजना दुबे, माया त्रिपाठी, रेखा सिंह आदि भी थे।

### मृदा परीक्षण स्वास्थ्य का प्रमाण पत्र वितरित



**चैनपुर पलामू।** किसान दिवस पर चैनपुर प्रखंड स्थित कृषि सिंगल विंडो सेंटर में कंकाली पंचायत के 30 किसानों के बीच मृदा परीक्षण स्वास्थ्य का प्रमाण पत्र व बोरोन का वितरण सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रियंका कुमारी ने किया। मौके पर उपस्थित सम्मानित किसानों में जागरूक और उत्साहित देखने को मिला।

### सघन जांच अभियान में दर्जनों वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सदीक चौक पुल के पास सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन गाड़ियों की जांच की गयी जिसमें कुछ चालक बगैर हेलमेट, बिना लाइसेंस और कुछ ट्रिपल लोड थे। जिसमें से 13 दोपहिया वाहन गाड़ियों को पकड़ थाना परिसर में रखा गया है। चालान फाइन राशि 22600 रुपये आया।

### नवनिर्वाचित विधायक को भेंट किया गया संविधान



**हुसैनाबाद पलामू।** हैदरनगर के युवा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित विधायक संजय सिंह यादव के घर पहुंच सोमवार को भारत का संविधान पुस्तक देकर उन्हें बधाई दी। साथ ही संविधान की रक्षा हेतु हर जनप्रतिनिधियों को पढ़ने व नागरिकों को जानने के लिए प्रेरित किया। विधायक ने भी सभी को बधाई देते हुए उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मौके पर एआर रहमान खान, सोनू कुमार, अभिषेक कुमार, शाहनवाज खान, सैफ अली, वसीम अंसारी, मोहसिन अहमद समेत कई अन्य मौजूद थे।

### पंजरी कला पंचायत में चला सदस्यता अभियान



**विश्रामपुर (पलामू)।** संगठन महापर्व को लेकर भाजपा ने बिश्रामपुर प्रखंड के पंजरी कला पंचायत शक्ति केंद्र में सोमवार को सदस्यता अभियान चलाया। अभियान की शुरुआत सदस्यता प्रभारी शिवबंश मिश्रा ने की। इस दौरान दर्जनों लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी गयी। श्री मिश्रा ने सभी बूथ अध्यक्षों व बूथ कमेटियों को बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने को कहा। बताया कि 22 दिसंबर से शुरू हुआ यह अभियान आगामी 14 जनवरी तक चलेगा। इस बीच 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन भी सभी बूथों पर मनाया जायेगा।

## सहजकर्ता दल जीपीएफटी का प्रखंडस्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** सबकी योजना सबका विकास अभियान ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल जीपीएफटी का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण पाटन प्रखंड सभागार में किया गया। यह प्रशिक्षण 22 से 24 दिसंबर तक दिया जायेगा। इसमें प्रत्येक पंचायत से छह प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, सेविका ग्राम संगठन के महिला को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक को मास्टर ट्रेनर पुनम सिंह एवं करम थापा ने प्रशिक्षण दिया। पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त किया तथा प्रशिक्षण में भाग ले रहे लोगों को आवश्यक जानकारी दी। मौके पर पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, मुखिया सुमन गुप्ता, शक्ति शंकर गुप्ता, करम थापा, पुनम सिंह आदि उपस्थित थे।

### कसौधन वैश्य परिवार का वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित



**चैनपुर पलामू।** कसौधन वैश्य परिवार का वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह चैनपुर निर्माण स्थल निमिया के प्रांगण में हुआ। जिसके मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं कश्यप ऋषि मुनि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर प्रार्थना सभा की, जिसमें भरत पुरोहित, हरिहर प्रसाद, प्रदीप प्रसाद आदि थे।

## बीडीएम इंटरनेशनल स्कूल ने वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के चेड़ाबार स्थित भुवनेश्वर दुबे मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र देकर सभी का सम्मान भी किया गया। अतिथियों ने टॉपर बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट दिया। भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे ने ग्रामीण परिवेश में इतनी अच्छी शिक्षा व्यवस्था देने के लिए विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया और भविष्य में विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास की कामना की। बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखायी।

## झारखंड के एड वर्ल्ड कंपनी के नेशनल प्रमोटर को मिला भारत बिजनेस अवार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता




दिल्ली में मेडल लेते असित चक्रवर्ती व अन्य।

**मेदिनीनगर।** झारखंड के ऐड ऑर्ल्ड कंपनी ऑनलाइन मार्केटिंग में आज पूरे भारत में परचम लहरा रहा है। यही कारण है कि ऐड ऑर्ल्ड कंपनी के नेशनल प्रमोटर को मास्टर ऑफ एक्सीलेंस अवॉर्ड और उनके टीम को दिल्ली में भारत बिजनेस अवॉर्ड्स मिला हैं। मास्टर ऑफ एक्सीलेंस अवॉर्ड और भारत बिजनेस अवॉर्ड्स ताईकी मीडिया लिमिटेड ने दिया है। इस अवार्ड्स समारोह में देश भर से कई बिजनेसमैन शामिल हुए थे।

ऐड ऑर्ल्ड के नेशनल प्रमोटर असित चक्रवर्ती ने बताया कि हमारी कंपनी 5 साल पहले झारखंड के रांची से शुरूआत की थी। आज पूरे भारत में हमारी कंपनी का अलग पहचान बन गया है हालांकि असित चक्रवर्ती ने बताया कि हमारी टीम 25 सालों से नेटवर्किंग के काम कर रही है।

उन्होंने बताया कि आज इस कंपनी में झारखंड उड़ीसा, बंगाल, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, गुजरात और अन्य कई राज्यों के लोग काम कर रहे हैं। बताया कि ऐड ऑर्ल्ड कंपनी पर्सनल केयर, आयुर्वेद केयर और किचन केयर पर काम कर रही है। आज इस कंपनी को देशभर लोगों का काफी साथ मिल रहा है।

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन ने व्यवसायी संतोष नामधारी के निधन पर जताया शोक

### नामधारी का निधन अपूरणीय क्षति : रमेश शुक्ला

- विद्या मेडिकल हॉल में आयोजित की गयी शोक सभा, रमेश शुक्ला ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता
- दवा व्यवसायी का पंपूकल स्थित घाट पर होगा अंतिम संस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता



दो मिनट का मौन रखते शोक सभा में शामिल व्यवसायी।

**मेदिनीनगर।** शहर के प्रसिद्ध दवा व्यवसायी संतोष सिंह नामधारी के निधन पर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन पलामू ने शोक सभा का आयोजन कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। विद्या मेडिकल हॉल में आयोजित शोक सभा की अध्यक्षता रमेश शुक्ला ने की।

श्री शुक्ला ने कहा कि व्यवसायी संतोष सिंह नामधारी के निधन से दवा जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। उनका दाह संस्कार पम्पूकल के पास स्थित घाट पर किया जायेगा।

शोक व्यक्त करते वालों में संघ के संरक्षक सतीश तिवारी, मृत्युंजय शर्मा, अमिताभ मिश्रा, रमाकांत पाण्डे, हनी सिन्हा, पुरषोत्तम अग्रवाल, जितेंद्र कुमार, नवल किशोर शाही, सूरज अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, पवन कुमार सहित सैकड़ों व्यवसायी मौजूद थे।

सुप्रभात

मंगलवार 24.12.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 243

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



## असामाजिक तत्वों के हमले पर उबले पत्रकार, सड़कों पर उतरे

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** पिछले दिनों गिरिडीह में खबर संकलन के दौरान गिरिडीह के वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ सिंह पर असामाजिक तत्वों के हमले को लेकर धनबाद प्रेस क्लब के पदाधिकारी और पत्रकार साथियों ने धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही घटना की निंदा करते हुए सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की।

धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह काफी दुखद घटना है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला दर्शाता है कि अब अपराधी तत्व समाज में हावी हो चुके हैं और इन पर लगाम लगाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन देकर इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग करेंगे। उन्होंने पत्रकार सुरक्षा कानून लाने की भी मांग की।

प्रेस क्लब के महासचिव ने दुख व्यक्त व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की घटना की पुनरावृति नहीं होनी चाहिए। हो उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से मांग करेंगे कि दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए और पत्रकारों के लिए सुरक्षा कानून लागू होना चाहिए। प्रेस क्लब के बलराम दुबे, राजीव सिंह, कन्हैया, बिपिन, नीरज, राजेश, संतोष, नीतीश, राजेश के साथ सैकड़ो सदस्य और पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## सहकार से समृद्धि ग्रामीण विकास की अहम बुनियाद : डीजीएम

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** नाबार्ड झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को गिरिडीह के होटल मीर में पैक्स के लिए एक दिवसीय क्लस्टर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग, धनबाद और बोकारो के लगभग 80 पैक्स ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन नाबार्ड के डीजीएम प्रफुल रंजन झा ने किया। उन्होंने सहकारी समितियों की बेहतरी के लिए भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय द्वारा किए जा रहे विभिन्न पहलों से पैक्स को अवगत कराया। उन्होंने पैक्स की व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नए मॉडल उपनियमों के आलोक में पैक्स के साथ व्यवसाय विकास योजना पर भी चर्चा की। कार्यशाला के दौरान गिरिडीह के डीडीएम आशुतोष प्रकाश ने पैक्स के लिए विभिन्न केंद्रीय और नाबार्ड योजनाओं की जानकारी दी और जिला सहकारिता पदाधिकारी अश्विनी ओझा ने राज्य सरकार की विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। पीडब्ल्यूसी सलाहकार द्वारा भारत सरकार की कम्प्यूटरीकरण योजना के तहत पैक्स को ई-पैक्स में बदलने के लिए एक विशेष सत्र भी लिया गया। झारखंड मिल्क फैडरेशन के कौशलेन्द्र ने समितियों को डेरी क्षेत्र में जुडने संबन्धित जानकारी दी एवं विस्तृत सर्वे फारमैट भी साझा किया । कार्यक्रम में धनबाद के डीडीएम रवि लोहानी, कोडरमा के डीडीएम मोजम्मिल हुसैन, हजारीबाग के डीडीएम (अतिरिक्त प्रभार) मृत्युंजय बख्शी भी उपस्थित थे।



### मारवाड़ी युवा मंच ने किया कंबल वितरण



**कुमारधुबी।** बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीब और असहाय लोगों के बीच मारवाड़ी युवा मंच चिरकुंडा शाखा द्वारा मिट्ठू गढ़यान के आवासीय कार्यालय में धानकल बस्ती, सुंदर नगर, दास पाड़ा, फकीर मोहल्ला, नीचे बाजार, हाड़ीपाड़ा में जरूरतमंद लोगों के बीच 101 कम्बल का वितरण किया गया। बुजुर्ग लोगों ने कम्बल वितरण पर खुशी की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विपुल शर्मा, प्रणव गढ़यान,पंकज अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, अभिषेक जिंदल के अलावा मारवाड़ी युवा मंच के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। अध्यक्ष ने सभी को धन्यवाद दिया।

### डॉ विवेक आउटस्टैंडिंग लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया



**धनबाद।** दशाना फांउडेशन द्वारा कॉन्स्टिच्यूशन क्लब आफ इंडिया, नई दिल्ली में आउटस्टैंडिंग लीडरशिप अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि डेंटल काउंसिल आफ इंडिया कार्यकारिणी समिति के सदस्य सह झारखंड स्टेट डेंटल काउंसिल के अध्यक्ष डॉ विवेक कुमार को डेंटल के क्षेत्र में सक्रियता एवं सराहनीय कार्य के लिए विशिष्ट अतिथि सांसद सह फिल्म अभिनेता रवि किशन ने आउटस्टैंडिंग लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजकमल को 14 पदक

**धनबाद।** मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स बिरसा मुंडा स्टेडियम में एन के साधु खान आमंत्रण एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राजकमल के एथलीटों ने 4 स्वर्ण, 8 रजत एवं 2 कांस्य पदक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने कहा कि खेल बच्चों के साहस और उत्साह को बढ़ाता है। इसलिए खेलकूद में बढ़-कर कर भाग लेना चाहिए। एथलीटों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार प्रसन्नचित्त है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में लवली, निशांत कुमार, आयुष कुमार, कुमार नमन, रजत पदक प्राप्त करने वाले में दिव्या, तृषा, अनुकल्प कोप, प्रिंस तिवारी, अमन कुमार, कौशल कुमार, वेद प्रकाश शर्मा, रूद्र नील मोदक, कांस्य पदक अनंता, प्रतीक कुमार शामिल हैं। विजेता छात्र-छात्राओं को नगद राशि 10600, ट्रैकसूट एवं मोमेंटो पुरस्कार में दिया गया।

# धनबाद में कई विकास योजनाओ का काम जल्द होगा शुरु : ढुल्लू महतो

## मटकुरिया-आरा मोड़, निरसा और गोविंदपुर फ्लाई ओवर का टेंडर फाइनल, जल्द शुरू होगा

**▸▸ कांग्रेस पार्टी कर रही गृह मंत्री को बदनाम करने की कोशिश**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने आज यहां कहा कि जिले के विकास के लिए वह कृत संकल्प हैं। कई योजनाएं धरातल पर उतरने वाली हैं, जबकि कुछ योजनाओं पर प्रक्रियाओं को पूरा किया जा रहा है।

सोमवार को सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मटकुरिया-आरा मोड़, निरसा और गोविंदपुर फ्लाई ओवर का टेंडर फाइनल हो चुका है, जल्द ही यह काम शुरू हो जाएगा। गया पुल अंडरपास की प्रक्रिया राज्य सरकार के अधीन है। सरकार को इसपर त्वरित पहल कर काम शुरू कराना चाहिए। राज्य सरकार यदि जमीन उपलब्ध कराती है तो धनबाद में एयरपोर्ट भी बनाने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस की सच्चाई को रखने का काम कर रहे हैं। बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर हम सभी के आदर्श हैं और हमेश रहेंगे। भाजपा नीति, सिद्धांत और विचारधारा की पार्टी है। हमलोग गरीब, आदिवासी, शोषित, वंचित समाज को सम्मान देने का काम करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वीपर का पांव तक धोने का काम किया है। हमलोग उनके सिद्धांतों पर चलने वाले लोग हैं।

सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के बयान को कांग्रेस पार्टी तोड़ मड़ोकर पेश कर रही है और जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। उन्हें बदनाम करने का काम किया जा रहा है। राहुल गांधी ने संसद भवन की गरिमा तार तार करने का काम किया है। इससे पहले देश के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। संसद भवन में मुझे भी धक्का दिया गया। झारखंड की एक महिला सांसद के साथ भी धक्का मुक्की की। अपने काले करनामे छुपाने के लिए ये लोग ऐसा कर रहे हैं। देश की 150 करोड़ जनता देख रही है। इस लोकसभा चुनाव में झूठ बोलकर भाजपा की कुछ सीटें कम करने में सफल तो रहे, लेकिन अगले चुनाव में उनकी वे सफल नहीं हो पायेंगे।

निरसा में भाजपा और भाकपा माले के बीच बढ़ रहे तनाव पर उन्होंने कहा कि वहां के वर्तमान विधायक मनमानी कर रहे हैं। उन लोगों ने उस क्षेत्र की कई खदानों और कल कारखानों को बंद कराने का काम किया। बाद में जो भी कल कारखाने खुले, भाजपा के शासन में खुले। गोपीनाथडीह का एक भी आदमी किसी काम में रुकावट नहीं डाल रहा है। वहां के लोगों को सिर्फ फंसाने का काम किया जा रहा है। लेकिन मेरे रहते लाल झंडा के लोग सफल नहीं हो पायेंगे। पुलिस को इस मामले में निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। राज्य के भोले भाले लोगों को मईयां सम्मान और न जाने क्या क्या प्रलोभन देकर ये लोग सत्ता में दुबारा आये हैं। आज पत्रकार भी इनके राज्य में सुरक्षित नहीं है, आगे चलकर पुलिस की भी किडनैपिंग होने लगेगी। मौके पर सतेंद्र कुमार, संजय झा, मानस प्रसून आदि मौजूद थे।

### संयुक्त किसान मोर्चा का प्रतिवाद कार्यक्रम

## किसानों को एकजुट होने का आह्वान




खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम ) के देशव्यापी आह्वान पर आज गिरिडीह में कई किसान संगठनों ने संयुक्त रूप से प्रतिवाद कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य रूप से माले समर्थित अखिल भारतीय किसान महासभा तथा फॉरवर्ड ब्लॉक समर्थित ऑल इंडिया अग्रगामी किसान सभा से जुड़े लोगों ने एसकेएम के बैनर तले पहले झंडा मैदान गिरिडीह में धरना दिया और प्रतिवाद मार्च निकालकर मोदी सरकार की किसान विरोधी नीतियों का विरोध किया। बाद में उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त गिरिडीह के माध्यम से मांग पत्र भी प्रेषित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूरन महतो तथा संचालन अशोक पासवान ने करते हुए मोदी सरकार को घोर किसान विरोधी बताकर इसके खिलाफ संघर्ष की जरूरत बताई। वहीं, अपने संबोधन में पूर्व विधायक सह अखिल भारतीय किसान महासभा के केंद्रीय नेता राजकुमार यादव ने कहा कि, मोदी सरकार किसान विरोधी है। केंद्र ने वादा करके भी किसानों के लिए एमएसपी कानून नहीं बनाया। पूर्व जिप सदस्य सह ऑल इंडिया अग्रगामी किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, मोदी सरकार का किसान विरोधी चेहरा अब किसी से छिपा नहीं रह गया है। सरकार ने एमएसपी कानून नहीं बनाकर किसानों के साथ सीधा धोखा दिया है।

## चोरी, छिनतई व लूट मामले के 5 आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शहर के सरायढेला में पुलिस ने चोरी, छिनतई और लूट के कई मामलों का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार शातिर अपराधियों की निशानदेही पर भारी मात्रा में सोनै-चांदी के जेवर, बाइक एवं अन्य सामान भी बरामद किये हैं।

पुलिस उपाधीक्षक नौशाद आलम ने सोमवार को सरायढेला थाना में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि सरायढेला थाना में दर्ज लूट, चोरी छिनतई के कांडों का खुलासा हुआ है। पुलिस टीम ने छापामारी की और पांच शातिरों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार न्यू खुशबू अलंकार ज्वेलर्स दुकान से चोरी की गई भारी मात्रा में चांदी के जेवर, प्लाई संसार फर्नीचर दुकान से चुराया गया सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर एवं हीरापुर निवासी से लूटी गई बुलेट तथा हाउसिंग कॉलोनी निवासी रोशन गुप्ता से लूटी गई लाल रंग की टीवीएस विक्टर मोटरसाइकिल सहित अन्य दो बाइक को बरामद किया गया है। वहीं घटना में प्रयुक्त एक लोहे का मोटा रड भी बरामद किया गया है।

प्लाई दुकान से चुराये 1.20 लाख रुपये से अपराधियों ने ने पलंग व मोबाइल भी खरीदा है। गिरफ्तार शेखर व राजीव पासवान ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पहले सरायढेला स्थित प्लाई संसार नामक दुकान से एक लाख बीस हजार रुपये चोरी की थी। दुकान का सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर लोहारकुल्ही तालाब के पास फेंक दिया था। पुलिस ने डीवीआर को बरामद कर लिया है। शेखर ने पुलिस को बताया कि दुकान से चुराये 1.20 लाख रुपये दोनों ने 60-60 हजार रुपये बांट लिये। राजीव ने उस पैसे से एक पलंग खरीदा तथा 20 हजार रुपये अपने भाई को दिया था। वहीं शेखर ने उस पैसे से एक मोबाइल खरीदा था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### ये सामान हुए बरामद

चांदी का लोटा तीन पीस, सिंदूर रखने का किया 03 पीस, कसैली 20 पीस, पायल एक जोड़ी, मछली चार पीस, चम्मच सात पीस, रिंग छह पीस, बाला आठ जोड़ा, गले का चीक दो पीस, पेन एक पीस, कजरौटा तीन पीस, मूर्ति 6, ब्रासलेट तीन, चूड़ी तीन, बिछिया पांच जोड़ा, कटोरा आठ पीस, दो ग्लास, तीन रिंग, माहुली 31, पान का पत्ता आठ, ताबीज 11, चेन एक, चंद्रमा 10, लॉकेट एक, प्लेन सिक्का एक, जितिया चार, सिंहासन एक, सजावट की मूर्ति एक, प्लेट पांच, घुंघरू 30 ग्राम, अन्य चांदी के सामान 20 ग्राम के अलावा अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है।

### एक नजर में

### 'बेटी बचाओ-बेटी पढाओं' के तहत सभी उच्च विद्यालयों में कार्यक्रम



**गिरिडीह।** 'बेटी बचाओ-बेटी पढाओं' अभियान के तहत गिरिडीह जिले के सभी उच्च विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाल संरक्षण पदाधिकारी, श्री जीतु कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई की काउंसलर नीलम कुमारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी उच्च विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान बाल विवाह रोकने के लिए सभी बच्चों को शपथ भी दिलायी गई। जिला समाज कल्याण विभाग की टीम द्वारा 1. उच्च विद्यालय कुम्हारलालो, पीरटांड़, 2. प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय डुमरी तथा 3. पारसनाथ दिगंबर जैन उच्च विद्यालय डुमरी में निरीक्षण कर अवलोकन किया गया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### विधायक अरूप चटर्जी ने मैथन डैम में किया स्पीड वोट का उद्घाटन



**मैथन।** नये वर्ष के आगमन पर नौकाविहार को सुगम बनाने के लिए मैथन डैम के बाबू घाट पर विधायक अरूप चटर्जी एवं एग्यारकुंड प्रखंड प्रमुख संगीता महतो ने सोमवार को नए स्पीडवोट का उद्घाटन संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बाबू घाट के संचालकों द्वारा विधायक अरुप चटर्जी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। उसके बाद सभी ने स्पीड वोट पर सवार होकर मैथन डैम में नौकाविहार का लुत्फ उठाया। मौक पर विधायक ने कहा कि बाबू घाट के संचालकों ने नववर्ष के अवसर पर नया वोट लाकर सैलानियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक पहल की है। स्पीड वोट के आ जाने से सैलानियों को वोटिंग व नौकाविहार करने में काफी आनंद आएगा। लोग गोवा और आइलैंड जैसा लुत्फ मैथन डैम में उठा सकेंगे। मौके पर काफी संख्या में पर्यटक एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### डीनोबली स्कूल मैथन में पहली बार हुआ पूर्व छात्रों का पुनर्मिलन





**मैथन।** डीनोबली स्कूल, मैथन ने रविवार की शाम अपना पहला पूर्व छात्र मिलन समारोह जश्न के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में 1985 बैच से लेकर 2015 बैच तक के करीब सौ पूर्व छात्र भावपूर्ण पुनर्मिलन में एकत्र हुए। पूर्व छात्र अपने अल्मा मेटर के साथ फिर से जुड़ने और पुरानी यादों को ताजा करने के लिए देश के विभिन्न स्थानों से पहुंचे थे। कार्यक्रम में विधायक अरूप चटर्जी डीनोबिली मैथन की पूर्व छात्रा अपनी पत्नी के साथ पहुंचे, जिसने जश्न में चार चांद लगा दिया। डीवीसी मैथन के परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। समारोह का संचालन डीनोबिली स्कूल, मैथन की प्रिंसिपल मिस शुक्ला चौधरी ने किया, जो खुद 1985 बैच की पूर्व छात्रा और संस्थान की पूर्व शिक्षिका हैं। यह आयोजन एक समर्पित कोर कमेटी के प्रयासों से संभव हुआ, जिसमें कीर्ति नारायण, दीपू कुमार, परीक्षित सिन्हा, डॉ सुष्मिता चौधरी, अमित मुखर्जी, श्रीमती दीपा प्रसाद, श्रीमती सुहासिनी केशरी आदि शामिल हैं। समारोह पूर्व छात्रों और वर्तमान स्कूल समुदाय के लिए उल्लेखनीय और यादगार अवसर था। जैसे ही विभिन्न बैचों के पूर्व छात्र फिर से एकजुट हुए पूरी शाम पुरानी यादों, सौहार्द और डीनोबिली मैथन की विरासत का हिस्सा होने पर गर्व की कहानियों से भर गई। इस कार्यक्रम के जरिये न केवल स्कूल के समृद्ध इतिहास का जश्न मनाया गया, बल्कि संस्थान और इसके पूर्व छात्रों के बीच साझा गहरे बंधन को भी प्रदर्शित किया गया।

### झामुमो के प्रतिनिधिमंडल ने की एचयूआरएल प्रबंधन से मुलाकात

**सिंदरी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने एचयूआरएल प्रबंधन से सोमवार को मुलाकात की। महानगर उपाध्यक्ष ने बताया कि एचयूआरएल सिंदरी कारखाना में कार्यरत 400 में मात्र 100 मजदूर स्थानीय हैं। यह सरकार के नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि कारखाने में कार्य करने के लिए मजदूरों का गेटपास निर्गत किया जाता है। परंतु मजदूरों के वाहनों की पार्किंग के लिए व्यवस्था नहीं है। उन्होंने बताया कि श्रमिकों से बैगिंग बिल्डिंग में अकुशल श्रमिक मजदूरी देकर कुशल श्रमिकों के अनुसार बेल्ट ऑपरेटर का काम लिया जा रहा है। उन्होंने मजदूरों के शोषण की बात करते हुए कहा कि प्रबंधन के संवेदक शिफ्ट में काम नहीं कराकर रैक आने व जाने के हिसाब से काम करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एचयूआरएल प्रबंधन ने इसे गंभीरता से लिया है और जल्द ही इसके सुधार की रुपरेखा तैयार की जाएगी। एचयूआरएल एच आर हेड संत सिंह ने कहा कि प्रबंधन मजदूर हित में कार्य कर रहा है। मजदूरों की समस्याओं का त्वरित निदान किया जा रहा है।

### वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दिखाया प्रतिभा का जलवा



**तोपचांची।** सोमवार को तोपचांची प्रखंड के गोमो जीतपुर स्थित हॉली चाइल्ड स्कूल में फुड फेयर सह वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तोपचांची उप प्रमुख हेमलाल महतो व स्कूल के प्रिंसिपल डोलन चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के विधार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों का मनमोह लिया। फुड फेयर सह वार्षिक समारोह में स्कूल के विधार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय व्यंजन शामिल थे। विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा स्कूल के शिक्षकों ने इन व्यंजनों का स्वाद लिया और उनकी सराहना की। मुख्य अतिथि तोपचांची प्रखंड उप प्रमुख हेमलाल महतो ने कहा कि विधार्थियों के अंदर अनन्त प्रतिभा छुपी हुई है। वर्तमान समय में हमें उनके प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। उन्होंने मानव जीवन में शिक्षा का महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में शिक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा और मेहनत के लिए बधाई दी और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के प्रिंसिपल डोलन चौधरी ने कहा कि यह कार्यक्रम हमारे विद्यार्थी की प्रतिमा और क्षमता को प्रदर्शित करने का एक अवसर है। हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है और हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम का प्रदर्शन से विद्यार्थियों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा में निखार आती है। मौके पर शिक्षक पुतुल राय, अखिलेश्वर वर्मा, हबीब खान, किरण, रश्मि, शिल्पी, आशा, दीपाली, ज्योति, दिया चौधरी, अक्षय चौबे, राजेश , रविंद्र , विजय, पलिया, दीपक सहित अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड जैसे सभी राज्यों में बदलने होंगे खेती के तौर-तरीके: विजय पाल

## आने वाला समय देश के किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के लिए चुनौती पूर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोविंदपुर।** भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान रांची के संयुक्त निदेशक डॉ विजय पाल भडाना ने सोमवार को कहा कि आने वाला समय देश के किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के लिए चुनौती पूर्ण है। एक तरफ आबादी लगातार बढ़ रही है और खाद्यान्न की आवश्यकता बढ़ रही है, दूसरी ओर खेती की जमीन लगातार घटती जा रही है। शहरीकरण होता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में झारखंड जैसे प्रदेश ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। यहां की खेती मानसून पर निर्भर है। इस चुनौती से निपटने के लिए हमें खेती-बाड़ी के तौर तरीके को बदलने की जरूरत है।

वह किसान दिवस पर सोमवार को संबोधी रिट्रीट कौवाबांध में जलवायु परिवर्तन के दौर में कृषि एवं किसानों के सतत विकास विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में जलवायु परिवर्तन के दौर में खेती के तौर तरीके बदलने होंगे। कम पानी में पैदावार के लिए गेहूं की तरह धान की फसल को सीधे लगाना होगा। वर्तमान में पहले धान के बिचड़े तैयार किये जा रहे हैं। फिर धान की रोपनी होती है। इसमें पानी ज्यादा लग रहा है। इस तरीके को बदलकर अब गेहूं की तरह सीधे धान रोपने की जरूरत है। केवीके संत कबीर नगर यूपी के प्रमुख डॉ अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि कृषि उत्पादन लागत को कम करना होगा। तकनीकी प्रयोग से वर्तमान उत्पादन को आगामी वर्षों में चार गुणा करना होगा। वैज्ञानिकों को अत्यधिक उत्पादन वाली प्रजातियां तथा उत्पादन तकनीक विकसित करनी होगी।

किसानों को प्रगतिशील बनाना होगा। अबू धाबी विश्वविद्यालय के मो जावेद ने कहा कि गन्ना उत्पादन को बढ़ाकर चीनी और इथेनॉल की पैदावार बढ़ानी होगी। इथेनॉल, जो पेट्रोल डीजल में मिलाया जाता है, के उत्पादन से हम महंगाई को कम कर सकते हैं। इस अवसर पर किसान दिवस भी मनाया गया। मौके पर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा आदि क्षेत्रों के करीब 100 किसानों को मिट्टी जांच मशीन दी गई और मिट्टी जांच करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक चावल अनुसंधान संस्थान हैदराबाद के प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर ब्रजेंद्र ने देश-विदेश से आए कृषि वैज्ञानिकों का स्वागत किया। इस अवसर पर रांची के अतिरिक्त आयकर आयुक्त अजय कुमार सिंह, लोकसभा के संयुक्त सचिव जितेंद्र परमार, प्रगतिशील किसान एन लेंका, सतीश कुमार, प्रो दिनेश रजक, गजेंद्र परमार आदि ने भी अपने विचार रखें तथा देश की खपत के अनुरूप खेती का पैदावार बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि समय के साथ चलकर पैदावार नहीं बढाया गया तो आने वाले समय में अनाज के लिए हमें दूसरे देशों पर आश्रित होना पड़ेगा। इस संगोष्ठी का समापन मंगलवार को वेबीनार के साथ होगा।

खबर मन्त्र
रांची. मंगलवार . 24 दिसंबर 2024
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# विश्व व्यापार में पिछड़ा

अमेरिका वैश्विक व्यापार में बहुत बड़ी हिस्सेदारी रखता है, जबकि भारत की हिस्सेदारी केवल 1 प्रतिशत है। भारत को अधिकांश सामान जैसे कच्चा तेल और फार्मा उद्योग के लिए आवश्यक सामग्री आयात करनी पड़ती है। दरअसल, हम अमेरिका और चीन पर अत्यधिक निर्भर हैं, हालांकि चीन के उत्पादों के निर्यात कम करने की कोशिशों के बावजूद व्यापारिक निर्भरता कम नहीं हुई है। भारत ने आशा व्यक्त की थी कि कोविड महामारी के बाद चीन की कमजोर स्थिति के चलते वह विदेशी निवेश को आकर्षित कर सकेगा। ट्रम्प ने चीन से आयात पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ाने की घोषणा की थी, और कनाडा, मैक्सिको से भी आयात पर शुल्क लगाया गया था, जबकि हाल ही में चेतावनी को छोड़ दें तो भारत के विरुद्ध इतने बड़े स्तर पर ऐसा कदम शायद ही उठाया गया हो। चीन के आर्थिक संकट में निवेशक वहां पैसा लगाने से हतोत्साहित हो रहे हैं, जिससे चीन प्लस वन रणनीति को लागू करने की बात की जाती रही है, ताकि भारत एक आकर्षक निवेश स्थल बने। भारत को इसमें सीमित सफलता मिली है। इसके मुकाबले, वियतनाम, थाईलैंड, कंबोडिया और मलेशिया को अधिक लाभ हुआ क्योंकि वहां सस्ता श्रम, सरल कर कानून, कम शुल्क और तेज मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। भारत वैश्विक व्यापार में अपने स्थान को मजबूत करे, लेकिन नौकरशाही, लालफीताशाही और भ्रष्टाचार इसके मार्ग में रुकावट डाल रहे हैं। अनुसंधान और नवाचार की कमी, साथ ही एफटीए समझौतों में असफलता, भारत को अन्य देशों की तरह सफलता दिलाने में विफल रही। जबकि अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर सख्त शुल्क लगा दिए, बहुराष्ट्रीय कंपनियां चीन के विकल्प की तलाश कर में रहीं, लेकिन यह अवसर भारत में नहीं आ सका। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

**मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7**

**वृष : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7**

**मिथुन : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7**

**कर्क : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6**

**सिंह : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9**

**कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6**

**तुला : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7**

**वृश्चिक : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7**

**धनु : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे। शुभांक-2-4-5**

**मकर : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-5-7-9**

**कुंभ : शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9**

**मीन : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6**

# अटल बिहारी वाजपेयी एक अजातशत्रु



**पूर्व** प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सही मायने में अजातशत्रु थे। उनसे जो कोई एक बार मिल लेता, उसे वे अपना बना लेते थे। आज अगर वे जीवित होते तो सौ साल के होते। 25 दिसंबर,1924 को ग्वालियर में जन्मे वाजपेयी जी ने 16 अगस्त,2018 को दिल्ली में अपनी अंतिम सांस ली। 93 साल के जीवन में वे 65 साल पूरी तरह से राजनीति में सक्रिय रहे। उन्होंने अलग तरह की राजनीति की। दिल्ली ही नहीं देश के अनेक हिस्सों में सैकड़ों लोग ऐसे मिल जाएंगे जो अटल जी से जुड़े किस्से सुनाने लगेंगे। अपने निधन से सालों पहले वे बीमार होने के चलते राजनीति से दूर हो गए थे, बावजूद इसके उनके सरकारी आवास पर उनसे मिलने वालों का तांता लगा रहता था। यह जानकर लोगों को ताजुब्ब होगा कि प्रधानमंत्री रहते हुए उनसे जो नेता सबसे ज्यादा मिलने जाते थे, उनमें एक नाम उनके भारी राजनीतिक विरोधी भाकपा महासचिव इन्द्रजीत गुप्त का था। उनके मित्रों की सूची में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला का नाम प्रमुख था। देश में कांग्रेस की सरकार थी और देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए विपक्ष के नेता रहे अटल जी की अगुवाई में तब के विदेशमंत्री संयुक्त राष्ट्र गए थे। उन्हें देखकर पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के पसीने छूट गए थे।

1999 के लोकसभा चुनाव में अटल जी लखनऊ और गुजरात के गांधीनगर से चुनाव लड़ रहे थे। लखनऊ में उनके सामने समाजवादी पार्टी ने फिल्म अभिनेता राज बब्बर को चुनाव लड़वाया। एक व्यवसायी जो एक मीडिया घराना भी चलाते थे, अटल जी को हराने के लिए हर प्रयास कर रहे थे। चुनाव में अटल जी की भारी जीत हुई। वे प्रधानमंत्री बने। कोई और होता तो उस व्यवसायी को परेशान करता। प्रधानमंत्री बनने के बाद अटल जी ने उनको समय देकर उनसे मुलाकात की। उसी मीडिया संस्थान के एक पत्रकार उनके साथ गांधीनगर गए हुए थे। गुजरात के तब के मुख्यमंत्री सुरेश मेहता ने अटल जी को खुश करने के लिए उस व्यवसायी के खिलाफ खिलाफ मुकदमा कायम करवाया था। अटल जी की चिंता उनके साथ गए उस मीडिया घराने के पत्रकार के नौकरी की थी। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी साथ गए दूसरे वरिष्ठ पत्रकार को दी। दिल्ली के अपने मित्र कांग्रेस नेता जग प्रवेश चन्द्र के अनुरोध पर उन्होंने एक विधायक की सदस्यता बचाई। अपनी विचारधारा के प्रति वे समर्पित थे। 1996 में उनकी सरकार केवल 13 दिन में चली गई। 27 मई,1996 को संसद में उन्होंने कहा कि सरकार बचाने के लिए वे विचारधारा से समझौता नहीं कर सकते। 1998 में वापस उनकी सरकार बनी जो 13 महीने चली और 1999 में बनी सरकार ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।



**-मनोज मिश्र**

> 1968 से 1973 तक जनसंघ के अध्यक्ष रहे। 1974 में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ। 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनी तो उसके अध्यक्ष बने। वे पहली बार 1957 में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से सांसद बने। 10 बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। वे उत्तर प्रदेश के अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली से लोक सभा के सांसद रहे।

उन्होंने 24 दलों के साथ मिलकर ऐतिहासिक सरकार चलाई और रिकार्ड काम किए। देश को चारों दिशाओं से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना बनी। 1998 में पोखरण में पांच परमाणु परीक्षण किए गए। उससे खफा पाकिस्तान में कारगिल में हमला किया तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया। बावजूद इसके उन्होंने पाकिस्तान से रिश्ते सुधारने की हर संभव प्रयास किया। दिल्ली से खुद प्रमुख नागरिकों के साथ बस से लाहौर की यात्रा की। उनकी कोशिश नवाज शरीफ का तख्तापलट होने और जनरल परवेज मुशर्रफ के अड़ियल रवैये से सफल नहीं हो पाई। पहले गैर कांग्रेसी नेता के रूप में उन्होंने बतौर प्रधानमंत्री छह साल का कार्यकाल पूरा किया। वे कहा करते थे कि भारत को लेकर मेरी एक दृष्टि है-ऐसा भारत जो भूख, भय, निरक्षरता और अभाव से मुक्त हो। मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अटल जी की सोच को उन्नत तरीके से बढ़ाने में लगे हुए हैं। अटल जी को देश के अनेक हिस्सों में सम्मानित किया जाता रहा। 1992 में उन्हें पद्म विभूषण और 2015 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

अटल जी न केवल लोकप्रिय नेता थे बल्कि कवि, लेखक पत्रकार भी थे। उन्होंने अपना सार्वजनिक जीवन पत्रकार के नाते शुरू किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ कर राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य और वीर अर्जुन में पत्रकारिता की। 1951 से ही जनसंघ के स्थापना काल से जुड़े। संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सहायक बने। फिर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सहयोगी बने। 1968 से 1973 तक जनसंघ के अध्यक्ष रहे। 1974 में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ। 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनी तो उसके अध्यक्ष बने। वे पहली बार 1957 में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से सांसद बने। 10 बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। वे उत्तर प्रदेश के अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली से लोक सभा के सांसद रहे। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उनसे प्रभावित होकर कहा था कि एक दिन वे देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उनके भाषण को सुनने के लिए देश के हर कोने में लोग देररात तक मीलों यात्रा करके आते थे। लोक जनशक्ति पार्टी के नेता रामविलास पासवान ने संसद में अटल जी के भाषणों का किस्से सुनाए थे। अटल जी को राजनीति की जमीनी समझ भी गजब की थी। आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी को चुनाव के लिए तैयार करवाने वालों में अटल जी प्रमुख थे। उन्होंने जय प्रकाश नारायण और संघ नेताओं को विश्वास में लेकर ओम मेहता से इंदिरा गांधी पर चुनाव करवाने के लिए दबाव डलवाया। उन्हें पता था कि वे हारेंगी लेकिन उनके समर्थकों ने उन्हें बेहद लोकप्रिय बताकर चुनाव करवाने के लिए उन्हें तैयार किया। इसके चलते देश की राजनीति बदली।

जनता पार्टी सरकार के विदेश मंत्री के नाते पहली बार अटल जी ने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण दिया। वे कार्यकताओं को खूब महत्व देते थे। हर रोज एक घंटा उनसे बिना पूर्व समय लिए कार्यकर्ता मिल सकते थे। किसी कार्यकर्ता के निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हर समय तत्पर रहते थे। उनके प्रधानमंत्री रहते हुए विजय गोयल प्रधानमंत्री कार्यालय का मंत्री रहने के चलते उनके काफी करीबी रहे। वो कहते हैं कि अटल जी सही मायने में राष्ट्र पुरुष थे। लंबे समय तक सांसद , मंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बावजूद वे आजीवन फक्कड़ रहे। शुरूआती दिनों के उनके साथी और लोकप्रिय कवि, गीतकार गोपाल दास नीरज ने एक बार संस्मरण सुनाया था कि वे अटल जी के साथ आगरा किसी कवि सम्मेलन में गए। रेलगाड़ी लेट होने से वे सम्मेलन स्थल पर तब पहुंचे, जब आयोजन समाप्त हो चुका था। उन्होंने नीरज को तांगे का किराया देने को कहा तो उन्होंने पैसा होने से इनकार कर दिया। फिर वे आगरा में रहने वाली अपनी बहन के घर गए और उनसे मांगकर तांगे का किराया दिया। वे आजीवन अविवाहित रहे। उन्होंने देश को अपना परिवार माना और खुद अपनी मुंहबोली बेटी के साथ जीवन का अंतिम समय बिताया। देश के विभिन्न हिस्सों और लाल किले पर दिए भाषणों के अंश आज भी अनेक लोग दुहराते मिल जाएंगे। उनकी कविताएं बेहद लोकप्रिय हैं। उन्हें देश और दुनिया में लंबे समय तक लोकतंत्र से जुड़े हर मामले में याद किया जाता रहेगा और उनका उदाहरण दिया जाता रहेगा।

## लेटर टू एडिटर

### जनाकांक्षाओं की बात

**सरकार** जनाकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो जनता उसे बदल भी देती है। नई सरकार से जनता उम्मीद करती है कि वह उसकी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। यही सत्ता परिवर्तन के निहितार्थ हैं। लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि सरकार बदलने के साथ अक्सर चेहरे बदल जाते हैं। लोकतंत्र में सरकारों का बदलना एक सामान्य प्रक्रिया है। आवश्यकता इस बात की है कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनाकांक्षाओं पर खरी उतरे।

**-सतीश शर्मा, हजारीबाग**

### सख्त कार्रवाई हो

**बांग्लादेश** को 1971 में भारत ने मुक्ति वाहिनी की मदद से स्वतंत्रता दिलाई थी, लेकिन आज वहां के कट्टरपंथी हिंदू विरोधी हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं। बांग्लादेश को यह याद रखना चाहिए कि वह कई मामलों में भारत पर निर्भर है। कट्टरपंथियों की धमकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है, ताकि हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जा सके। **-रवि, रांची**

## ट्वीट

**एमएसपी** की गारंटी और कर्ज. माफी समेत अन्य मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी की तबीयत बिगड़ना चिंताजनक है। सरकार को बातचीत करके अनशन खत्म करवाना चाहिए।

जायज मांगों के लिए किसानों को बार-बार अनशन और प्रदर्शन के लिए मजबूर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। 700 से ज्यादा किसानों की शहादत के बाद भी सरकार निर्दयी बनी हुई है। मैंने पहले भी कहा है और फिर दोहरा रहा हूं - जैसे मोदी सरकार कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर हुई, वैसे ही उसे इन मांगों को मानने के लिए मजबूर किया जाएगा। किसानों और देश के लिए बेहतर यही होगा कि देर करने की बजाय जल्द से जल्द मान ले।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# लोकप्रियता का आधार खो रहे नयी पीढ़ी के हीरो

## युवा

**ऐसे प्रशंसक नहीं जो किसी खास हीरो की फिल्म रिलीज का इंतजार करें**

वरुण धवन

पुराने दिग्गज अभिनेताओं के मुकाबले में देखें तो आज के दौर के ज्यादातर हीरो का कोई फैन बेस नहीं है। चाहे वह वरुण धवन हो, चाहे आयुष्मान खुराना ,कार्तिक आर्यन,सिद्धार्थ मल्होत्रा या फिर शाहिद- काफी अनुभव के बाद भी ऐसे प्रशंसक नहीं जो इनकी फिल्म का इंतजार करें। अब वरुण धवन फिल्म 'बेबी जॉन' के जरिए फिर दर्शकों से मुखातिब हैं।

असीम चक्रवर्ती

निश्चित तौर पर 'पुष्पा-2' के बाद अभिनेता अल्लू अर्जुन के फैन बेस को एक बड़ा मजबूत आधार मिला है। दूसरी ओर वरुण धवन फिल्म 'बेबी जॉन' के जरिए फिर दर्शकों की तरफ मुखातिब हैं। गौरतलब है इस फिल्म को लेकर यह तीसरी-चौथी बार उनकी धमाकेदार लॉन्चिंग हो रही है। यही नहीं, आजकल के कई नये हीरो की बात करें,तो कई-कई फिल्में करने के बाद भी उनका कोई प्रशंसक वर्ग नहीं बन पाता है। इनकी तुलना में पुराने दौर के किसी भी हीरो का नाम ले लीजिए,अपने-अपने दौर में इन सबका सशक्त फैन बेस होता था।

**सफलता की कसौटी पर नये दौर के हीरो**

बात नये दौर के हीरो वरुण धवन की करें तो उन्हें अपने दिग्गज पिता डेविड धवन की वजह से ही बॉलीवुड की जमीन बहुत अच्छी मिली मगर वह उसमें कुछ खास उगा नहीं पाए। हालांकि उनके पिता ने उन्हें स्थापित करने में कोई कोशिश बाकी नहीं रखी थी। कभी उन्हें गोविंदा की इमेज दी,तो कभी सलमान की,पर हर बार वह निरर्थक साबित हुए। उनके एक और गॉड फादर करण जोहर ने भी उन्हें स्थापित करने में कोई कमी नहीं बरती। लेकिन वरुण सशक्त पहचान नहीं बना पाए। बार-बार कुछ नया रूप धरने के बावजूद उनकी किसी भी नयी फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच कोई क्रेज नजर नहीं आता है। जोरदार प्रचार के बावजूद उनकी नयी फिल्म 'बेबी जॉन' की रिलीज इससे पहले भी कई बार टल चुकी है। अब अंततः दर्शकों के बीच में यह आ रही है।

**और भी कई हीरो हैं**

वरुण की तरह कई हीरो इसी तरह के लॉन्चिंग पैड से चलने की कोशिश करते हैं। अब जैसे कि अभिनेता मनोज बाजपेयी एक जिद की तरह कई बार हीरो बनने की काशिश करते हैं,मगर हर बार उन्हें हताश होकर अपने रुटीन ट्रैक पर वापस आना पड़ता है। कुछ माह पहले की अपनी एक फिल्म 'भैयाजी' के साथ दमदार एंट्री लेनी चाही थी,मगर दर्शकों ने उन्हें पहले दिन ही जतला दिया कि आप एक अच्छे अभिनेता हैं,इसलिए दमदार कैरेक्टर ही आप पर फबता है। हीरो बनने की चाह में आपकी बेवजह की कोशिश किसी दर्शक को पसंद नहीं है। इसी तरह से प्रचार का सहारा लेकर काबिल एक्टर राजकुमार राव ने फिल्म 'स्त्री-2' के बाद अपनी कीमत काफी बढ़ा दी थी,मगर इसके बाद आई 'विकी और विद्या का वो वाला वीडियो' ने उन्हें समझा दिया कि वह अपने फैन बेस के आधार पर कोई फिल्म अब भी नहीं चला पाते हैं। देखा जाए तो आयुष्मान खुराना,विकी कौशल,कार्तिक आर्यन,सिद्धार्थ मल्होत्रा,शाहिद कपूर जैसे आजकल के ज्यादातर हीरो का कोई फैन बेस नहीं है। यहा तक कि इनमें उम्रदराज अभिनेता शाहिद कपूर अभी तक अपना प्रशंसक वर्ग तैयार नहीं कर पाए। पांच साल पहले की उनकी सफल फिल्म 'कबीर सिंह' के बाद ऐसा लगा था कि शाहिद अपनी इस सुपर हिट फिल्म के सहारे अपनी इमेज को पुख्ता करेंगे। मगर इसके बाद वह फिर जर्सी,ब्लडी डैडी,तेरी बातों में 'उलझा' जैसी फिल्मों में उलझ कर रह गए। जबकि अभिनेता इतने अनुभव के बाद उम्दा एक्टर के तौर पर सामने आ ही जाता है।

**दिलीप, राज, देव, की अलग शान**

पुराने दौर के दिग्गज अभिनेताओं को उनके बाद के आए कई हीरो अपना प्रेरणा बताते है। उस दौर के तीन हीरो दिलीप कुमार,राज कपूर और देव आनंद का कोई सानी नहीं था। इनका अलग-अलग विस्तृत आकलन हमेशा चर्चा का विषय होगा। पर इनका जुदा अंदाज इनके फैन बेस का मुख्य आधार रहा है। जैसे कि राज साहब के गरीबीवाले अंदाज को ढेरों दर्शक पसंद करते थे। दूसरी ओर दिलीप कुमार ट्रेजड्री किंग के तौर पर दर्शकों के जेहन में छाए रहे। और देव साहब के लटकों-झटकों का अपना अलग मैनरिज्म था। और इन सबसे ऊपर थी इनकी एक्टिंग संपन्नता। इसी वजह से तीनों एक्टर का प्रभाव अभी तक है।

**धर्मेंद्र,राजेश,अमिताभ का जुदा अंदाज**

ये तीन महान एक्टर जब सक्रिय थे,तभी धर्मेंद्र,राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन आदि अपनी पुख्ता जगह बनाने की जद्दोजेहद कर रहे थे। इन तीनों ने फिल्म वर्ल्ड को उम्दा योगदान दिया है।

# कुंभ का महाविज्ञान-पंच महाभूतों का त्रिगुण संपन्न आधार

## धर्म

**संजय तिवारी**

**प्रयागराज** में संगम का तट पुनः ऊर्जा लिए प्रतीक्षा में है। 12 वर्ष बीत चुके। पृथ्वी, पवन, पानी, आकाश, वायु और अग्नि अपनी अपनी गति से रचना और विलय की यात्रा कर रहे हैं। जो निर्मिति है उसका शोधन होना है। इसी निर्माति में समस्त चराचर जगत है। इस निर्मिति का एक लय है, आधार है, अध्यात्म है, दर्शन है जिसे सनातन मनीषा महाविज्ञान की संज्ञा देती है। यह अद्भुत है। अद्वितीय है। विश्व की किसी सभ्यता के पास इसको समझने की सामर्थ्य नहीं। सनातन भारत की मनीषा ने इसका गूढ़ जान लिया है और सृष्टि के साथ ही इसके संस्कारयुक्त आकार , प्रकार और आयोजनों को स्थापित भी कर लिया है। सृष्टि में पिंड की स्थापना का आधार प्रति बारहवें वर्ष संशोधित और परिमार्जित होता है। यही कुंभ है।

सृष्टि के साथ साथ तीर्थ की यात्रा। अमृत घट का रहस्यमय स्वरूप। सृष्टि में तीन लोक। इन तीन में से एक लोक। इस एक लोक में तीर्थराज प्रयागराज । यहां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी का पवित्र संगम। ऐसे संगम तट पर महाकुंभ का अलौकिक समागम । समुद्र मंथन के कुंभ घट से जुड़े इस तीर्थ क्रम में अब तक लाखों पड़ाव बीत चुके हैं। युगों और कल्पों की इस यात्रा में यह संगम स्वरूप भारत के तीन घाटों की यात्रा कर अपनी संपूर्णता में प्रत्येक 12 वर्ष पर प्रयागराज में अवतरित होता है। गंगा , यमुना और सरस्वती के पावन संगम को यह साक्षी मान कर मासोपरांत विदा होता है। पृथ्वी पर उपस्थित मानव जाति इसके मर्म को समझने का प्रयास करती है। सनातन की यह अवधारणा नित प्रति नई व्याख्याओं के साथ आगे बढ़ती जाती है।

इस महाकुंभ के आयोजन का आधार सृष्टि के वे ही त्रिगुणात्मक अवयव हैं जिन्हें वेदों ने भी गाया है और गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी। तीन की इस आधार आंकिक योग से इतर इस सृष्टि और पूरे ब्रह्मांड में कुछ भी शेष है ही नहीं। इसी लिए सनातन संस्कृति और इसके समस्त शास्त्रों में सृष्टि और प्रकृति को त्रिगुणात्मक कहा गया है। इस त्रिगुणात्मक स्वरूप की व्याख्या आगे करेंगे लेकिन इसके तीन अंग कितने और किस रूप में व्यवस्थित हैं, उसको समझना जरूरी है।

यह कुंभ क्या है ? एक घट। यानी घड़ा। अमृत से भरा हुआ घट ही समुद्रंथन से प्राप्त हुआ था। उस घट में विद्यमान अमृत की प्राप्ति की इच्छा ने ही सुर और असुर संघर्ष को जन्म दिया। प्रत्येक 12 वें वर्ष, इस ब्रह्मांड की इस सृष्टि में पृथ्वी पर एक मात्र गंगा, यमुना और सरस्वती का यह संगम स्थल है जहां उस घट की अमृत की कुछ बूंदें यहां प्राप्त हो जाने की संभावना प्रबल रहती है। इन बारह वर्षों की अवधि के भीतर प्रत्येक तीन वर्ष पर यह आंशिक स्थिति हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में बनती है। इसीलिए इन तीन स्थानों पर क्रम से प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल पर अर्ध कुंभ आयोजित होते हैं।

**कुंभ और ब्रह्माण्ड**

कुंभ और इस ब्रह्मांड के संबंधों को भी समझने की जरूरत है। अंड शब्द का आशय एक कोष से है। ऐसा कोष जिसमें जगदनियंता परम ब्रह्म विराजमान हो। ब्रह्म जो अजन्मा है। अविनाशी है। उसी के कोष को ब्रह्मांड कहते हैं। अर्थात ब्रह्मांड में जो है वह ब्रह्म है, अविनाशी है, अमर है। इसीलिए सनातन शास्त्रों ने मनुष्य की व्याख्या करते समय इसे अमृतस्य पुत्राः की संज्ञा प्रदान की है। उस ब्रह्मांड का जो आकार है वह घट जैसा है। ऐसे घट के आकार वाले ब्रह्मांड का ही स्वरूप महाकुंभ अथवा कुंभ का आयोजन भी है। इस कुंभ में भरे हुए अमृत की बूंद पाने को लालायित प्रेमी ही इस आयोजन के भागीदार होते हैं।

सनातन संस्कृति में कुंभ अर्थात घट या कलश का बहुत महत्व है। जन्म से मृत्यु तक के सभी शुभाशुभ संस्कारों में कुंभ (कलश) को स्थापित करने के पश्चात ही देव पूजन कर्म करने का विधान है। कलश या घट ही कुंभ है। ज्योतिष शास्त्र में बारह राशियों में से कुंभ एक राशि भी है। कुंभ का आध्यात्मिक अर्थ है ज्ञान का संचय करना, ज्ञान की प्राप्ति प्रकाश से होती है और कुंभ स्नान, दर्शन, पूजन से आत्म तत्व का बोध होता है। हमारे अन्दर ब्रह्माण्ड की समस्त रचना व्यापत है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 'यत पिण्डे, तत ब्रह्माण्डे, तत ब्रह्माण्डे, यत पिण्डे', अर्थात जो मानव पिण्ड में है, वही ब्रह्माण्ड है और जो ब्रह्माण्ड में है, वही मानव पिण्ड में है। कुंभ, 'घट' का सूचक है और घट शरीर का, जिसमें घट-घट व्यापी आत्मा का अमृत रस व्याप्त रहता है।

**अंड अर्थात अणु और इसके अंग**

जब कुंभ के आकार वाले ब्रह्मांड की चर्चा करते हैं तो इसके सूक्ष्म स्वरूप से चिंतन आरंभ होता है। सृष्टि में जो भी साकार है उसका निर्माण अणुओं से हुआ है। सनातन संस्कृति में प्रत्येक सूक्ष्म के तीन गुण बताए गए हैं। इसी आधार पर प्रकृति और सृष्टि को त्रिगुणी कहा गया। रज, तम, सत की संज्ञा वाले इन गुणों पर आगे चर्चा करेंगे।

अभी इतना संज्ञान में लेना आवश्यक है कि पश्चिम के आधुनिक विज्ञान ने भी सृष्टि के सूक्ष्म को तोड़ कर तीन हो गुण प्राप्त किया है जिन्हें आधुनिक विज्ञान की भाषा में हम इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संज्ञा देते हैं। इन्हीं तीन के आधार पर आज की आधुनिक दुनिया दौड़ रही है। सनातन संस्कृति में सृष्टि के आधार कारक स्वरूप तीन देव सुनिश्चित किए गए हैं जिन्हें क्रम से ब्रह्मा , विष्णु और महेश की संज्ञा दी गई है। जन्म के कारक ब्रह्मा जी हैं। जीवन के पोषक विष्णु जी हैं। मृत्यु के देव महेश हैं। आधुनिक विज्ञान के आधार अन्वेषण में प्राप्त इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन के गुणों की विवेचना से स्पष्ट हो जाएगा कि हमारे सनातन शास्त्रों ने प्रकृति और सृष्टि को त्रिगुणी क्यों कहा होगा। हमारे पूज्य ब्रह्मा, विष्णु और महेश की निरंतर उपस्थिति के कारण क्या हैं और ब्रह्माण्ड का सृष्टि पर्व कुंभ ही क्यों है।

स्पीड न्यूज

## टीबी उन्मूलन के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन



बैठक में मौजूद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** टीबी उन्मूलन हेतु 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर स्वराज के द्वारा उपायुक्त को जानकारी गई की 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक संचालित 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत पूरे जिले में संभावित टीवी मरीजों की पहचान एवं उनके उपचार हेतु कार्य किया जा रहा है।अभियान के तहत टीबी रोग के लक्षण अथवा संभावित टीबी मरीजों का निशुल्क चेस्ट एक्स-रे व अन्य स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। इस दौरान उपायुक्त ने जिला यक्ष्मा पदाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारियो के साथ समन्वय बनाते हुए अभियान के तहत कार्य करने एवं सीएसआर के माध्यम से भी अभियान को उद्देश्यों को पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन



अमित कुमार यादव व अन्य

**इचाक।** बरकट्ठा विधानसभा से तीसरी बार शानदार जीत दर्ज करने के उपरांत.. इचाक प्रखंड के पुनाई में संकटमोचन मंदिर के निकट भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय आभार सह अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव और चतरा विधायक जनार्दन पासवान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह में जनता व कर्मठ कार्यकताओं ने अतिथियों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया.. ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत हुआ और फूल माला पहनाकर, शॉल, गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक अमित कुमार यादव जी इस स्नेह एवं प्रेम के लिए सभी का हृदय की गहराइयों से आभार जताया। अपने संबोधन में विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि ये हमारी जीत नही बल्कि आपसबो की जीत है, भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता सम्मान का हकदार है, जिस बूथ में प्रत्याशी नही भी जा पाते हैं वहाँ भी कार्यकर्ता अपने मेहनत से चुनाव जीतते हैं, कहा कि क्षेत्र की समस्याओं से हम अवगत हैं। सभी समस्याओं का समाधान होगा विश्वास रखें। मौके पर सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## सुशासन सप्ताह के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** 19 दिसंबर से 24 दिसंबर 2024 तक संचालित सुशासन सप्ताह के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' विषय पर सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दौरान जिला योजना पदाधिकारी संतोष कुमार भगत के द्वारा जानकारी दी गई की प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के निदेर्शानुसार 19 दिसंबर से 24 दिसंबर 2024 तक प्रशासन गांव की ओर अंतर्गत सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान अभियान मोड में जन शिकायत मामलों अथवा सीपीग्राम पोर्टल पर आए मामलों को निष्पादित किया जाना है। सुशासन सप्ताह के तहत प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर भी कार्यशाला एवं बैठक आयोजित की जा रही है।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से किसानों को जोड़ा जा रहा है : ममता



वितरण करते

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत सोमवार को चितरपुर पशु चिकित्सालय परिसर में (रेलवे ओवरब्रीज के समीप) मौजूद बतौर मुख्य अथिति रामगढ़ विधायक ममता देवी ने 23 बकरी एवं 10 सुकर लाभुकों के बीच वितरण किया। मौके पर विधायक ने कहा कि सरकार की यह योजना स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों को जोड़ा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देने और आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है।

# रामगढ़ बैंक ऑफ बड़ौदा में 1 लाख की छिनतई



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** मेन रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में सोमवार को छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि बैंक के अंदर पैसा जमा करने के दौरान एक दंपत्ति पैसा जमा करने गये । उसी क्रम में उनके थैले से ब्लेड मारकर पैसे निकाल लिये गये। मामले की जानकारी के बाद पुलिस बैंक परिसर गई और घटना की जांच पड़ताल किया। वहीं, रामगढ़ थाना से महज 400 मीटर की दूरी पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में हुई इस घटना के बाद लोग सहमे हुए हैं। लोग पुलिस से शहर में गश्ती बढ़ाने और अपराधी तत्वों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

नवंबर माह में अपेक्षाकृत कम कार्रवाई पर उपायुक्त सख्त

# अवैध बालू उठाव व परिचालन पर सख्ती बरतने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने गुड गवर्नेंस वीक (सुशासन सप्ताह 19 से 24 दिसंबर) के तहत एजेन्डावार विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने टास्क फोर्स की पिछली बैठक में दिये गये निदेश के अनुपालन की समीक्षा की। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त अवैध बालू के उठाव तथा परिचालन की सूचना पर उपायुक्त पुलिस तथा प्रखंड स्तर बेहतर कॉर्डिनेशन के साथ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिलास्तर के सभी चेक पोस्ट का सुचारू व गंभीरता से बालू से लदे वाहनों की जांच एवं परिचालन पर रोक लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बड़कागाँव/ कटकमदाग / सदर/ बरकट्ठा/ कटकमसांडी / पेलावल आदि से अवैध परिवहन की सूचनाएँ दैनिक समाचार पत्रों, स्थानीय प्रतिनिधियों एवं राज्य स्तर से लगातार प्राप्त हो रही है जिसकी रोकथाम जरूरी है।

विशेष शाखा, झारखण्ड, रॉंची से प्राप्त पत्र के अनुसार बड़कागांव क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से बालू उठाव कर कटकमदाग होते हुए बालू परिवहन का मामला प्रतिवेदित किया है तथा चौपारण थानान्तर्गत क्षेत्रों से भी नदियों से स्थानीय मिलीभगत कर बालू के अवैध परिवहन का मामला की जानकारी के आधार पर स्थानीय प्रशासन व पुलिस को टीम गठित कर नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे गतिविधियों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। खनन विभाग द्वारा बड़कागाँव/ चुरचू/ विष्णुगढ़/ चरही आदि क्षेत्रों से कोयला के अवैध खनन, परिवहन के संदर्भ में की गई कार्रवाई एवं रोकथाम की समीक्षा। आगे उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी खनिज से लदे वाहनों को ओभरलोड के मामले में पकड़े गये वाहनों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु जिले के सभी थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए।



बैठक में उपायुक्त व अन्य

## ड्रिंक एंड ड्राइव पर भी अंकुश लगाने की आवश्यकता: उपायुक्त

उपायुक्त ने कहा कि ड्रिंक एंड ड्राइव एक गंभीर मामला है। आए दिन बेलगाम वाहनों से कई मासूम लोगों की दुःखद मृत्यु की सूचना समाचार पत्रों से प्राप्त होती है जिसपर अंकुश लगाना अनिवार्य है। नशे पर नकेल कसने के लिए नियमित रूप से सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया। नए वर्ष पर कई लोग बेतहाशा तेज गति से वाहनों को चलाते है और दुर्घटना के शिकार हो जाते है। उन्होंने ड्रिंक एंड ड्राइव की जांच के लिए ब्रेथ एनलाइजर का भी उपयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के कई स्थानों में हो रहे अफीम की खेती को नष्ट करने की कारवाई नियमित रूप से की जा रही है,इस प्रकार की कारवाई को गतिमान बनाए रखना आवश्यक है। मौके पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, डीएफओ पूर्वी, डीएमओ अजित कुमार,अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आइपीएस सुश्री श्रुति, सभी सीओ एवं थाना प्रभारी मौजुद रहे।

## बैठक में उपायुक्त ने म्यूटेशन पर गति लाने का दिया निर्देश

**हजारीबाग।** राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में हुई। राजस्व की बैठक में म्यूटेशन, ई कोर्ट, सरकारी परियोजनाओं के लिए भूमि हस्तांतरण, मुआवजा संबंधी मामलों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अकारण 90 दिनों तथा 30 दिनों से ज्यादा म्यूटेशन के लंबित मामलों पर नाराजगी जाहिर करते हुए तीव्र गति से समय पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। म्यूटेशन के अत्यधिक लंबित वाले प्रखंडों के अंचलाधिकारियों को गंभीरता के साथ कार्य करने का सख्त निर्देश देते हुए कारवाई की बात कही। डीसी ने कहा कि म्यूटेशन से संबंधित मामलों में अगर किसी आवेदन को रिजेक्ट करते है तो उन आवेदनों पर पहले सेल्फ सेटिस्फाइड हो ले।

## अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़।** एकल अभियान दक्षिण झारखंड संभाग रामगढ़ अंचल का अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 22 दिसंबर को सिद्धू कान्हू मैदान रामगढ़ में संपन्न हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ भारत माता एवं सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं ओंकार, गायत्री मंत्र , श्रीराम स्तुति के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथी के रूप में जिला संघ चालक शत्रुघन प्रसाद, कमल बगडीया, अमित सिन्हा, राजेश ठाकुर, अभिषेक जसवाल, विनीत मारवाह, राजेश मोदी, ओमप्रकाश कुशवाहा, रितेश कश्यप, डॉ नारायण सिंह, जन्मेंजय प्रताप, मनीष अग्रवाल, विनोद मिश्रा, धिरज पराशर, सुरेश गणक, उमा सिन्हा, वीणा सिंह, संजू प्रसाद, मालती गुप्ता, नीरज पाठक, राजेश साव, धनंजय पुटूस, आयोजन समिति अध्यक्ष विशाल जसवाल, सचिव अंकित रणर मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में रामगढ अंचल के संच रामगढ, गोला बरलंगा, पतरातू, भुरकुंडा, कुजू, माण्डू, सिल्ली, सोनाहातू, इन सभी संचों से कुल 274 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## वन भोज में शामिल हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सदस्य

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुधा वर्मा की अगुवाई में महिला प्रकोष्ठ द्वारा स्थानीय छड़वा डैम में 22 दिसंबर को पारिवारिक वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ठंड के बावजूद काफी उत्साह के साथ भारी संख्या में महिला-पुरुषों के अलावा बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिवपुरी, रामनगर, न्यू एरिया, मंडई, विष्णुपुरी, दारू, चौपारण आदि के उप समितियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में खेलकूद प्रतियोगिता, अंतराक्षी, गीत-संगीत प्रतियोगिता का बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने भरपूर मनोरंजन किया। इसके बाद लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। इससे पहले वनभोज कार्यक्रम का आरंभ भगवान चित्रगुप्त की आरती से हुई। चाय-नाश्ते के दौरान पारिवारिक परिचय का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम को सफल सफल बनाने में मुख्य रूप से कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय, बैजनाथ लाल, नवल लाल, ललित मोहन प्रसाद, शशिकांत श्रीवास्तव, राजीव रंजनू समेत सैकड़ों कायस्थों ने सराहनीय योगदान दिया।

बीएसएफ मेरू कैंप में झारखण्ड राज्य के विभिन्न केन्द्रीय संगठनों में

## चयनित अभ्यर्थियों को प्रदान किया गया नियुक्ति पत्र



मौके पर उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** सीमा सुरक्षा बल, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, मेरू कैंप, हजारीबाग में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के आगमन पर के0 एस0 बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय एवं सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक, राकेश रंजन लाल, उप महानिरीक्षक व डी0 के0 प्रमाणिक, उप महानिरीक्षक द्वारा मुख्य अतिथि माननीय अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। तदोपरांत उन्हे परिसर स्थित शान-ए-मगध अतिथि गृह में गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।

# आर के आर्ट एवं प्रतिभा कला कुंज ने 6वीं पेंटिंग प्रतियोगिता में 718 बच्चों ने दिखाया हुनर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** आर के आर्ट एवं प्रतिभा कला कुंज के तत्वावधान में 22 दिसंबर को प्रखंड मैदान में 6वीं पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीपीओ बरही अजित कुमार विमल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा मालती देवी, ब्रह्मदेव केशरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, व्यवसायिक संघ अध्यक्ष कपिल केशरी, जीप सदस्या प्रीति गुप्ता, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, कामेश्वर सिंह, डॉ. उमेश कुमार दास, चंचला कुमारी, मनोज उपाध्याय, मुन्ना यादव, शैलेन्द्र गुप्ता, सिराज खान, और रवि केशरी मौजूद रहे। मंच संचालन प्रमोद सिंह और रवि केशरी ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने बच्चों के उत्साह और उनकी कला की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जीप सदस्य प्रीति गुप्ता और बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी सहित कई अन्य वक्ताओं ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। गुरुदेव गुप्ता, देवधारी प्रजापति, और मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने भी प्रतियोगिता की सराहना की। प्रतियोगिता के जज के रूप में हजारीबाग के आर्टिस्ट टिंकू, रामगढ़ की निधि कुमारी और हजारीबाग के गोपी कृष्णा ने बच्चों की पेंटिंग का मूल्यांकन किया। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये नगद, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट, द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपये नगद, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपये नगद, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्राप्त किया।





बुके देकर सम्मानित करते

## परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू में मनाया गया क्रिसमस गैदरिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू में बड़े ही धूमधाम से क्रिसमस गैदरिंग मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार सभी को क्रिसमस की बधाइयां दी और अपनी शुभकामनाओं में हमें यह संदेश दिया।

उन्होंने बताया कि क्रिसमस प्रेम का त्यौहार है और हमें भी अपने पड़ोसियों से प्रेम और अपने दुश्मनों को माफ करते हुए अपने हृदय को शुद्ध और साफ करना है।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(कृषि प्रभाग)**

पत्रांक–10/लेखा विविध–13/2016 रांची, दिनांक–

**सूचना**

अपर सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची हेतु 01 (एक) अदद Tablet कय किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

1. iPad Pro M4 Chip - 01 अदद (Wifi, Storage-12/256 GB, Display-13inch)

- उक्त Tablet का मूल्य 1.00 (एक लाख)+जी0एस0टी0 अलग से के अंतर्गत होना चाहिए।
- iPad के Authorize Dealer को प्राथमिकता दी जाएगी।

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता अपना–अपना कोटेशन नोटिस प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों के अंदर शिलबन्द लिफाफा में अवर सचिव, **कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची** के पदनाम से लेखा शाखा में जमा कर सकते हैं।

ह0/–
(शिव किशोर मिश्र)
सरकार के अवर सचिव

PR 342654 Agriculture(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय**
**सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची।**

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना (द्वितीय आमंत्रण)/
**PR No.-340567 Water Resource (2024-25)D**

पुनः अति अल्पकालीन

ई– निविदा प्रसंग सं0– WRD/IMD/RANCHI/08/2024–25

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | लतरातु जलाशय योजना के बॉया Outlet Gate का Emergent कार्य । |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 4,55,854.00 (चार लाख पचपन हजार आठ सौ चौवन रूपये) मात्र। |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 01 (एक माह)। |
| 4. | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 9,200.00 (नौ हजार दो सौ रूपये) मात्र। |
| 5. | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपये में) | रू0 750.00 (सात सौ पचास) मात्र। |
| 6. | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 24–12–2024 (11:00 बजे पूर्वाह्न ) |
| 7. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 01–01–2025 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 8. | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 03–01–2025 (10:30 बजे पूर्वाह्न ) |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची। |
| 10. | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 0651–2912296 |
| 11. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकारी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची ।

PR 342723 (Irrigation) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियन्ता काकार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ़**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना** Annexure1

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/RAMGARH F2 - 12/2024-25 (3rd Call) दिनांक– 23.12.2024

1 योजना का नाम — DMFT न्यास परिषद् से अनुमोदन के द्वारा स्वीकृत योजनाएँ
2 विज्ञापन दाता का नाम — कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।
3 ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि — 26.12.2024 2:00 बजे अपराह्न
4 ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय — 02.01.2025 5:00 बजे अपराह्न
5 ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय — 04.01.20252:00 बजे अपराह्न
6 (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता — कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।
(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0/ई–मेल — मो0–06553–231173 eemidramgarh24408@gmail.com

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत/ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 12/12 | Gola | Saragdih | Construction of Boudary wall at High School, Dimra, Saragdih, Gola | 2772300 | 5000 | 06 (छः) माह |

नोट– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्रकाशित निविदा के प्राक्कलित राशि में घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 342700 Minor Irrigation (24-25)_D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

ई– अति अल्पककालीन निविदा आमंत्रण सूचना

**ई–निविदा सं0 :– RE-RDD/SD/HZB/25/2024-25 (3rd call)**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RE-RDD/SD/HZB/25/03/2024-25 (3rd call) | बड़कागांव | हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखण्ड में आंगो पंचायत में ग्राम उरेज एवं पचंडा के बीच हहारो नदी पर पुल निर्माण। | 5,37,74,300.00 | 10,75,500.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.01.2025
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 03.01.2025 से दिनांक 13.01.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –15.01.2025 अपराह्न 5:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 342713 (Rural Development)24-25*D

स्पीड न्यूज

### एसडीओ ने नीलाम पत्र वादों की राशि वसूली एवं निष्पादन को लेकर की समीक्षा बैठक



**कोडरमा।** अनुमंडल पदाधिकारी सह नीलाम पत्र पदाधिकारी रिया सिंह द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में नीलाम पत्र वादों की राशि वसूली एवं निष्पादन को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को नीलाम पत्र वादों की राशि वसूली के लिए बकायेदारों के विरुद्ध वारंट निर्गत करने का निर्णय लिया गया। साथ ही बकाया वसूली एवं नीलाम पत्र वादों का निष्पादन में तेजी लाने हेतु सभी संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधक को निर्देश दिए। साथ ही पुराने नीलाम पत्र वादों की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा किया गया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक निवेश कुमार, प्रधान लिपिक उदय शंकर बख्शी, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक व उनके प्रतिनिधि मौजूद थे।

### कोडरमा मेडिकल ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**कोडरमा।** गांधी चौक स्थित कोडरमा मेडिकल स्टोर के संचालक कुंतल कुमार बनर्जी के द्वारा सोमवती को बहेरवाटांड़ वार्ड नम्बर 2 में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। शिविर में डॉ.अनीसुल और महिला चिकित्सक डॉ.शिल्पी काजल के द्वारा सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य जांच कर जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराई गई। शिविर के दौरान श्री बनर्जी ने कहा कि यह शिविर सिर्फ गरीबों और असहायों के लिए आयोजित किया गया है, पैसे के अभाव में जो अपना इलाज नही करवा पाते हैं, ऐसे लोगों के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया। वहीं उन्होंने बताया कि शिविर में 150 से अधिक लोगों को नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता जयप्रकाश राम, मो.अली, विक्रम कुमार, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतगर्त करमा के समीप कार और मोटरसाइकिल के बीच हुए टक्कर में मोटरसाइकिल सवार युवक दुरोडीह डोमचांच निवासी गौतम कुमार पिता उपेंद्र यादव घायल हो गया। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक कॉमर्स कॉलेज से परीक्षा देकर मोटरसाइकिल से वापस डोमचांच लौट रहा था, इसी दौरान घटनास्थल पर पहुंचते ही कार से टकरा गया, जिससे युवक घायल हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा, जहां युवक का इलाज किया जा रहा है।

### वाणी कम्प्यूटर की दोनों शाखाओं में फाइनल परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**कोडरमा।** वाणी कम्प्यूटर सेंटर के कोडरमा और झुमरीतिलैया दोनों शाखाओं में एडीसीए, डीसीए, टैली और टाइपिंग का फाइनल परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमे दोनों शाखाओं के छात्र छात्राएं शामिल हुए। वहीं सेंटर के निदेशक सतीश कुमार यादव ने बताया कि दोनों शाखाओं में आयोजित फाइनल परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। वहीं उन्होंने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए छात्र छात्राओं का फाइनल परीक्षा ओएमआर शीट पर लिया जाता है, ताकि भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए छात्र छात्राएं अभी से मानसिक रूप से परीक्षा को लेकर तैयार रहे। वहीं उन्होंने बताया कि परीक्षा में सफल छात्र छात्राओं को भारत सरकार से मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र दिया जाता है। वहीं श्री यादव ने बताया कि एडीसीए, डीसीए और टैली का अगला बैच 10 जनवरी से शुरू होगा। मौके पर शिक्षक गगन कुमार, मीना कुमारी, अमित कुमार के अलावे तबरेज आलम, कुमारी अनन्या, आनन्द कुमार, सौम्या सिन्हा, श्याम सुंदर, तृप्ति कुमारी, कशिश कुमारी, साहिल कुमार, आर्यन कुमार, प्रेम मालाकार, आयुष सिंह, सोनू कुमार सिंह, अंजू कुमारी आदि मौजूद थे।

# तिलैया डैम के सैलानियों की जिंदगी दांव पर, सैलानी के पास लाइफ जैकेट नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**कोडरमा।** जिले का मुख्य पिकनिक स्पॉट माने जाने वाला तिलैया डैम जिसकी खूबसूरत हसीन वादियों हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। अक्सर यहां भिन्न-भिन्न छुट्टियों, नव वर्ष एवं क्रिसमस पर्व के मौके पर यहां बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने आते हैं। दरअसल यहां आये हुए लोग नौका विहार का भी आनंद उठाते हैं, लेकिन देखा जा रहा है कि नौका विहार के दौरान किसी भी सैलानी के पास लाइफ जैकेट नहीं होता। इससे सैलानियों की जिंद्गी दांव पर लगा रहता है।

**बरती जा रही लापरवाही :** बोट के चालक भी लाइफ जैकेट का इस्तेमाल नहीं करते। जिसके कारण संचालक और चालक की लापरवाही के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में अगर कोई बड़ा हादसा हो जाता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

**पूर्व में दिए गए हैं निर्देश :** नाविकों को जिले के उपायुक्त समेत अन्य उच्चाधिकारियों लारा बोटिंग के समय लाइफ जैकेट पहनने का सख्त निर्देश दिया गया था। मगर नाविकों द्वारा निर्देशों की अव्हेलना कर वे लोगों की जिंदगियों से खेल रहे हैं।

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां नाविक के रूप में कैलाश यादव, बबलू पंडित, मुकेश पंडित, राजेश मोदी, मुन्ना मोदी द्वारा बोटिंग का कार्य किया जा रहा है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

वहीं चन्दवारा सीओ अशोक भारती से दूरभाष पर संपर्क कर जानकारी ली गयी तो उन्होंने कहा कि इस संबंध में जानकारी मिली है, इसकी जांच के लिए तीन मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया गया है, साथ ही निदेश दिया गया है कि यदि ऐसा पाया जाता है तो कार्रवाई करते हुए नाव को सीज किया जायेगा।

## डकैती करने के प्रयास मामले में एक युवक गिरफ्तार



**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर स्थित विनायक होण्डा शोरूम डोमचांच के पीछे स्थित एक घर पर 09 दिसम्बर 2024 की रात्रि में अज्ञात अपराधकर्मियों ने घर में घुसकर डकैती करने का प्रयास किये जाने के मामले में डोमचांच पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। विदित हो कि अज्ञात अपराध कर्मियों के द्वारा विनायक होण्डा शोरूम डोमचांच के पीछे एक घर में ताला तोड़कर डकैती करने प्रयास किया था। इस संबंध में डोमचांच थाना कांड संख्या 109/24 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस कांड के उद्भेदन एवं अज्ञात अराध कर्मियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी अनुदीप सिंह के द्वारा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा गहन अनुसंधान एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचना एवं आसूचना संकलन कर छापामारी के क्रम में 22 दिसम्बर 2024 को एक अभियुक्त 27 वर्षीय पिन्टु कुमार उर्फ साधु पिता रामगुलाम शर्मा बाघाटिल्हा थाना बिलची जिला पटना बिहार निवासी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में डोमचांच थाना द्वारा विधि सम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में पुअनि. प्रेम कुमार, थाना प्रभारी डोमचांच व सशस्त्र बल, डोमचांच थाना के जवान शामिल थे।

## सीसीटीवी कैमरे से लैश होगा कोडरमा सहयोग करेंगे व्यवसायी संगठन : एसपी

- **जिले के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के साथ एसपी ने की बैठक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में जिले के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने, यातायात व्यवस्था, अपराध नियंत्रण समेत सुरक्षा सम्बन्धी अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया और सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। वहीं एसपी ने चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों व अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को चिन्हित स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील करते हुए कहा कि जिले के प्रमुख चौक चौराहों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगे रहने से एक ओर जहां अपराधियों और असामाजिक तत्व अपराध करने में डरेंगे तो दूसरी ओर यदि कोई अपराध हो जाता है तो दोषियों को जल्द पहचान करने व गिरफ्तार करने में काफी सहूलियत होगी। बैठक में चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन के अनुरोध पर चिन्हित स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने में हरसम्भव सहयोग करने की बात कही। मौके पर एसपी के अलावे एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रदीप केडिया, रामरतन महर्षि, अविनाश सेठ, थाना प्रभारी सुजित कुमार व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## ग्रिजली कॉलेज एवं विनोबा भावे विवि ने किया वनभोज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं जन्तु विज्ञान विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के संयुक्त तत्वावधान तिलैया डैम के प्राकृतिक घटाओं में मनोरम वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षुओं सहित सहायक प्राध्यापकों द्वारा उक्त जलाशय में नौका विहार का आनंद उठाते हुए सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी का लुत्फ़ उठाया। जीव विज्ञान विभाग विभागाध्यक्ष डॉ.बीरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि वनभोज कार्यक्रम से हम शारिरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत होते हैं। वहीं महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार सेठ ने कहा कि पिकनिक विद्यार्थी जीवन के लिए विशेष महत्व रखता है। कार्यक्रम में दोनों संस्थाओं के विद्यार्थी, प्रशिक्षु, सहायक प्राध्यापक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों ने पिकनिक का भरपूर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के मुख्य परिचालन पदाकािरी तनिष्क सेठ, महाविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. संजीता कुमारी, झुमरीतिलैया शहर के समाजसेवी संजय अग्रवाल एवं विनोबा भावे विवि के जन्तु विज्ञान विभाग के सभी प्राध्यापक एवं सदस्य ने अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जीएस स्कूल के बच्चों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस. पब्लिक स्कूल डोमचांच के बच्चों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के तत्वाधान में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित परीक्षा में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सभी बच्चों को शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा भेजे गए प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। जिसमें विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, निदेशक नितेश कुमार, उपनिदेशक नीरज कुमार, प्राचार्य प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन, सीसीए कोऑर्डिनेटर मो.इलियास, कार्यक्रम प्रमुख सुनील शर्मा व ममता सिन्हा के द्वारा सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं निदेशक ने बच्चों को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कहा इस तरह के परीक्षा के आयोजन से बच्चों के अंदर एक नई ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम में सभी शिक्षक तथा बच्चे शामिल थे।

## ओसेल कंपनी की हाइवा ने एक अधेड़ को कुचला, मौत

- **नौकरी व मुआवजा की मांग को लेकर परिजनों व ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**टंडवा (चतरा)।** कोल वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना टंडवा शहीद चौक समीप उडसू की है। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर तेलियाडीह निवासी गोपाल साव अपना हाइवा उडसू मोड़ समीप हॉर्न बनाने आया था, हाइवा बना कर लूना से पुनः घर वापसी जा रहा था कि ओसेल कम्पनी की तेज रफ्तार गति से आ रहे एक हाइवा ने लूना सवार गोपाल साव को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद परिजन घटना स्थल पर पहुंचे, जहां शव को देखकर रोने-बिलखने लगा। इधर स्थानीय ग्रामीणों व परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर सड़क जाम कर दिया एवं कोयला ढुलाई कर रहे ट्रांसपोर्ट कंपनी एवं हाइवा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ नौकरी व मुआवजा की मांग करने लगे। वहीं बसपा नेता रामोतार राम ने कहा कि इस प्रकार से दिन-प्रतिदिन दर्दनाक घटनाएं घटती ही जा रही हैं, जिसपर लगाम नहीं लग पा रहा है। ओसेल, जेएआरएल, आरकेटीसी एवं पीएनएम कोल ट्रांसपोर्टिंग कम्पनियों के वाहन सड़क सुरक्षा नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए लोगों की जान ले रहे हैं। इसका एक ही समाधान है कि ऐसी कम्पनी ब्लैक लिस्ट हों, और जब तक ग्रामीण सड़क के अलावे ट्रांसपोर्टिंग सड़क नहीं बनती है तब तक कोयले की ट्रांसपोर्टिंग बंद हो। अंततः अलग से ट्रांसपोर्टिंग सड़क ही लोगों की जान बचा पाएगी। आगे उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि जब तक ग्रामीण सड़क के अलावे ट्रांसपोर्टिंग सड़क नहीं बनती है तब तक टंडवा प्रखंड में नो इंट्री लागू हो। इधर स्थानीय पुलिस द्वार घटनास्थल पहुंचकर घटना की जायजा लेते हुए उचित कार्रवाई की जा रही थी।

### जपुआ मोड़ पर पलटा कोल वाहन, चालक सुरक्षित

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के जपुआ मोड़ के पास सोमवार को कोयला लदा एक हाईवा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। बताया गया कि वाहन केरेडारी या आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला लादकर कटकमसांडी जा रहा था। चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ पर कोल वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन हादसों में अब तक कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बेलगाम और तेज रफ्तार कोल वाहनों ने सड़क किनारे रहने वाले लोगों के लिए खतरा बढ़ा दिया है। अक्सर वाहनों के चकमा देने से जानलेवा दुर्घटनाएं हो जाती हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इन बेलगाम वाहनों की रफ्तार पर रोक लगाने और सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है।

## कोडरमा में समारोह पूर्वक मनाया गया पेंशनर्स स्थापना दिवस

# समाज के लिए उपयोगी मार्गदर्शक होते हैं पेंशनर्स : डॉ. नीरा यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** झारखंड राज्य पेंशनर्स समाज के कोडरमा शाखा का स्थापना दिवस सोमवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरा यादव और बैंक ऑफ इंडिया कोडरमा बाजार शाखा प्रबंधक रुचि रश्मि ने संयुक्त रूप से किया। इसके पूर्व समाज के जिलाध्यक्ष नारायण मोदी ने मुख्य अतिथि व आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. नीरा यादव ने कहा कि पेंशनर्स के पास अनुभवों और तजुर्बों का खजाना होता है, ऐसे में हमें इनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है, सही मायने में कहा जाय तो देश और समाज के लिए पेंशनर्स उपयोगी मार्गदर्शक होतें है, समाज और देश की उन्नति में इनके अनुभव सहायक बन सकते है। वहीं उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि जिले के पेंशनर्स बेहतर तरीके से सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं। वहीं बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक रुचि रश्मि ने कहा कि पेंशनर्स को यदि बैंकिंग से सम्बंधित कोई समस्या हो तो बेझिझक बताएं, प्राथमिक देकर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके पूर्व समाज के जिलाध्यक्ष श्री मोदी ने पेंशनर्स की समस्याओं को रखते हुए कहा कि अपने सेवाकाल में हम सबों ने देश और समाज की उन्नति में बढ़चढ़ का हिस्सा लिया। आज इस उम्र में भी सामाजिक दायित्वों का निर्वहन बखूबी निभाया जा रहा है। वहीं बिन्दुमती देवी, कलावती देवी, नागेश्वर सिंह, सिराजुद्दीन अंसारी, उर्मिला देवी, ब्रज किशोर सिंह, परमानन्द शर्मा आदि को शॉल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डीपीओ अनूप कुजूर, पेंशनर्स समाज के सुभाष शर्मा, राम नरेश चौधरी, सीता प्रसाद, मोती देवी, सहदेव प्रसाद, प्रयाग महतो, मुनि सिंह, चंद्रिका प्रसाद, राजकुमार सिंह, नरेश झा आदि मौजूद थे।

एक नजर में

### नये साल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, चतरा प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**चतरा।** साल 2024 की समाप्ति और नव वर्ष 2025 के आगमन को लेकर चतरा अनुमंडल क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों के पर्यटन स्थलों पर जुटने की संभावना है। इसे देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा ने सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी के अनुसार, पर्यटन स्थलों पर भड़काऊ गाने बजाने, नशे की हालत में वाहन चलाने और प्रतिबंधित क्षेत्रों में फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा, किसी भी प्रकार के हथियार, विस्फोटक पदार्थ या आग्नेयास्त्रों के साथ पर्यटन स्थलों पर जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसा करने पर आईटी एक्ट और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई होगी। जिला प्रशासन ने लोगों से शांति और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की है। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पर्यटन स्थलों पर दंडाधिकारियों की तैनाती भी की गई है। यह एडवाइजरी जनहित में जारी की गई है।

### दो माह से मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे ग्रामीण





**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के बारिसाखी पंचायत के नयाखाप गांव निवासी भोली यादव अपने पिता स्व. सेवा महतो का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पिछले दो माह से प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने बताया कि 16 अक्टूबर को पंचायत सचिव के पास प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अब तक यह प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। भोली यादव का कहना है कि प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद कोई समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने उपायुक्त से हस्तक्षेप कर उनके पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र जल्द जारी कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने सरकारी कार्यालयों में हो रही इस प्रकार की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की है।

### प्रेस क्लब पत्थलगड़ा की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**चतरा।** सोमवार को प्रेस क्लब पत्थलगड़ा की बैठक मां भगवती मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब के प्रखंड अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने की, जबकि संचालन प्रखंड सचिव मोहम्मद सिराजुल ने किया। बैठक में पत्रकारों ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया और कुछ अहम निर्णय लिए। इस बैठक में उपाध्यक्ष सुनील कुमार दांगी, उपसचिव कैलाश दांगी, मनीष सिंह, अभिषेक सिंह, सुनील कुमार और विष्णुदेव दांगी सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे। बैठक में आने वाली कार्य योजनाओं और पत्रकारिता के पेशेवर मुद्दों पर चर्चा की गई, ताकि प्रेस क्लब के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इस दौरान पत्रकारों ने पत्रकारिता के क्षेत्र में सुधार, एकजुटता और स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए रणनीतियां बनाई। बैठक के अंत में क्लब के कामकाजी कार्यों में और सुधार लाने के लिए अधिकारियों से सहयोग की अपील की गई।

### आरसीए सीनियर ने नगवां रॉक्स को 52 रनों से हराया

**गिद्धौर।** चतरा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में जवाहरलाल फुटबॉल मैदान, गिद्धौर में नगवां रॉक्स और आरसीए सीनियर के बीच खेले गए क्रिकेट मैच में आरसीए सीनियर ने 52 रनों से जीत दर्ज की। इस मैच में आरसीए सीनियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 157 रन बनाए। जवाबी पारी में नगवां रॉक्स की टीम 16 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 106 रन ही बना पाई और ऑल आउट हो गई। इस प्रकार आरसीए सीनियर ने 52 रनों से मैच जीत लिया। गेंदबाजी में सुभाष और सोनू ने तीन-तीन विकेट और आयुष ने दो विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन के लिए सुभाष सिंह को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया। मैच के अंपायर की भूमिका रिशु कुमार ने निभाई, जबकि स्कोरर सुमित थे। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह, सह सचिव आशुतोष, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, सदस्य मिथिलेश कुमार राय, जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम राणा, हरिओम केसरी, पवन कुमार और राहुल वर्धन भी मौजूद थे।

### कैपिटल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय किसान दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन





**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के चित्रगुप्त नगर स्थित कैपिटल विश्वविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों के योगदान को सम्मानित करना और कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बिरेन्द्र प्रसाद और डॉ. अर्चना कृष्णा मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम की शुरुवात विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह को माल्यार्पण के साथ हुई। मुख्य अतिथि ने किसानों की महत्ता और कृषि क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने किसानों को राष्ट्र के स्तंभ बताते हुए उनके सतत् प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों पर व्याख्यान और किसान समुदाय के लिए जागरूकता सत्र शामिल थे। वहीं मुख्य अतिथि ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की जंयती 23 दिसम्बर को किसान दिवस के रूप में मनाई जाती है। यह दिन भारतीय किसनों और कृषि क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए समर्पित है। वहीं कुलसचिव डॉ.अजीत सिंह ने किसानों की प्रेरणादायक कहानियां साझा की और कृषि में नवाचारों की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन सहायक कुलसचिव डॉ.वंदना भदानी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने किसानों और कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने किसानों के प्रति सम्मान और सहानुभूति व्यक्त की।

## सुशासन सप्ताह 2024 के तहत कार्यशाला में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत कार्यों पर जोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आज सुशासन सप्ताह 2024 के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा ने की। इस कार्यशाला में स्वास्थ्य, शिक्षा, शिकायत निवारण, सार्वजनिक कार्य और अन्य क्षेत्रों में सुशासन से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकारी योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए रणनीतियों पर काम करना होगा। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कार्यालयों में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निष्पादन किया जाए और किसी भी व्यक्ति को जानकारी देने में कोई कमी न हो। उन्होंने बताया कि सुशासन सप्ताह 2024 के तहत 19 से 24 दिसम्बर 2024 तक आयोजित किए गए कैंपों में अब तक 8256 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 5993 का समाधान किया जा चुका है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपील की कि वे समय पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और कार्यों को शीघ्रता से पूरा करें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### चल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रन्हे घाघरा में मनाया गया क्रिसमस गैदरिंग समारोह



घाघरा। चिल्ड्रेन एकेडमी 10+2 स्कूल रन्हे घाघरा में क्रिसमस गैदरिंग सह क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन सभी शिक्षकों द्वारा मोमबत्ती जलाकर किया गया। इसके बाद मौजूद विद्यार्थियों के समक्ष शिक्षिका रीना मिंज ने बाइबल से यीशु के जन्म से संबंधित वचन पढ़ा। शिक्षक अजीत लकड़ा ने यीशु खरिस्ट के जन्म से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। साथ ही शिक्षिका सोसन गुलाब सुरीन ने मौजूद लोगों को बताया कि 24 दिसंबर कि रात 12 बजे कड़ाके की ठंड में यीशु खीस्त का जन्म हुआ। इसे देखते हुए रोमी साम्राज्य ने 25 दिसंबर कि तारीख को क्रिसमस के रूप में मनाने का निश्चय किया। वहीं मौजूद विद्यालय के निदेशक विजय साहू ने भी क्रिसमस के विषय में संदेश दिया। इस मौके पर बच्चों के बीच विद्यालय प्रबंधन ने केक एवं ट्रॉफी वितरण किया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक विजय साहू, मीना देवी, तारामणि देवी, पूजा प्रिया, प्रेमचंद कुमार, अजीत लकड़ा, विभा लकड़ा, निधि, शिवानी, रीना, दिव्यानी, निशि, बबीता, अंजू, रेशमा, ममता, दुर्गावती, मनोज साहू, अनीता, आरती सहित शिक्षक व बच्चों उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में एक की मौत, 1 घायल



घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के महुगांव मोड़ के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर बदरी करमटोली निवासी जोगेश्वर उरांव और गुनिया निवासी राज उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सक ने जोगेश्वर उरांव को मृत घोषित कर दिया। जबकि बेहतर इलाज हेतु राज उरांव को गुमला रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जो और राज चूंदरी मेला देखकर मोटरसाइकिल से लौट रहे थे इसी क्रम में महुगाव मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर गिर गए जिससे यह घटना घटी।

### मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने किया सहायक चुनाव पदाधिकारी का मनोनयन

गुमला। चेंबर ऑफ कामर्स के सत्र 2025 के चुनाव को लेकर मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार ने सहायक चुनाव पदाधिकारियों का मनोनयन किया। जिसमें पूर्व अध्यक्ष पवन अग्रवाल, हिमांशु केसरी, दिनेश अग्रवाल व पूर्व सचिव सत्यनायाण पटेल के नाम शामिल है।

### बंद पड़े घर से एक लाख 70 हजार रूपये नगद सहित 7 लाख के जेवरात की चोरी



गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के नीमटोली चंदाली गांव में बंद पड़े घर से चोरों ने एक लाख 70 हजार रूपये नगद सहित लगभग सात लाख के गहने की चोरी कर ली।
मिली जानकारी के अनुसार नीमटोली चंदाली निवासी किशुन साहु सिसई थाना क्षेत्र के बरगांव गांव अपनी बेटी के घर मेला देखने शनिवार को परिवार के साथ गये थे और रविवार को भी वहीं रूक गये। सोमवार को जब वे घर आये तो देखा की मेन गेट बंद पड़ा है। लेकिन जब वे मेन गेट खोलकर अंदर प्रवेश किये तो देखा कि घर का ग्रील व दरवाजा टूटा हुआ है। जिसके बाद अंदर जाकर देखा तो घर के दो बक्शे व सामान बिखरा पड़ा है। किशुन साहु ने बताया कि एक बक्शे में नगद एक लाख 70 हजार रूपया था जबकि दूसरे बक्शे में जेवरात रखे थे। जेवरात वाले बक्शे में सोना का मांगटीका, मंगलसूत्र, चार पीस झुमका, चार जोड़ा पायल, नाक की नथनी चार पीस, सोना का दो चैन, दो अंगुठी था। जिसे चोर बक्शा का ताला तोड़कर ले गये। बताया जा रहा है कि चोरी पहले घर की दीवार फांदकर अंदर गये। जिसके बाद घर पर ही रखे साबल से मेन गेट का ग्रील व दरवाजा को तोड़कर अंदर प्रवेश किये और चोरी की घटना को बेखौफ अंजाम दिये। हालांकि आस-पास के लोगों को घटना की भनक भी नहीं लग पायी। क्योंकि मेन गेट घर का बंद था। वहीं गुमला थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना बढ़ती ही जा रही है।

### घर की दीवार फांदकर गली में रखे बाईक को अपराधियों ने फूंका

गुमला। डीएसपी रोड बड़ाईक मुहल्ला वासी वरिष्ठ अधिवक्ता श्री हीरा ओहदार के घर की दीवार को फांदकर अज्ञात अपराधियों ने उनके घर के गली में रखे यामाहा सलुटो मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया। जिससे गाड़ी बुरी तरह जलकर राख हो गई। हीरा ओहदार ने बताया कि इससे पहले भी अपराधियों द्वारा दो बार उनके घर में वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया गया है। परंतु वे असफल रहे थे। उन्होंने कहा कि हम शहर के बीच मुहल्ले में रहकर अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हैं।

### मशरूम उत्पादन और मधुमक्खी पालन बन सकता है बेहतर आय का साधनः डीएफओ



घाघरा। घाघरा प्रखंड अंतर्गत मनातु और सेहल गांव का डीएफओ अहमद बेलाल अनवर ने दौरा किया। इस क्रम में मनातू गांव में जिला वन विभाग एवं गुमला महिला किसान स्वावलंबन ट्रस्ट के द्वारा लगाए गए मशरूम खेती और मधुमक्खी पालन को देखा। इसके बाद प्रदान संस्था एवं घाघरा वूमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के सहयोग से संचालित क्लाइमेट स्मार्ट गांव सेहल गांव पहुंचे। मौके पर डीएफओ अहमद बेलाल अनवर ने किसानों से कहा कि मशरूम उत्पादन और मधुमक्खी पालन से भी आप एक बेहतर आय का साधन बन सकते हैं। इस क्षेत्र में भी किसान बेहतर कर रहे हैं और खुद को स्थापित कर रहे हैं। विभाग द्वारा किसी भी तरह के सहयोग आप किसानों को हो तो निश्चित तौर पर हमें बताएं पुरी सहयोग की जाएगी। इस मौके पर फोरेस्टर शेखर सिंह,प्रदान से मेराज, जोएदीप,सोनी देवी,रति उरांव, सहित कई किसान उपस्थित थे।

## संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गुमला में क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह का आयोजन

# क्रिसमस का त्योहार यीशु के जन्मदिन पर मनाया जाता है: प्राचार्य



बालक येशु के जन्म की झांकी प्रस्तुत करते बच्चे।

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल पालकोट रोड गुमला में सोमवार को क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह का उदघाटन विद्यालय के निदेशक संजय कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद लाल, विभाग अध्यक्ष गायत्री गुप्ता व उप प्राचार्य मैत्री अधिकारी, कोऑर्डिनेटर रीता कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से चरनी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक कार्यक्रम का प्रदर्शन हुआ। विद्यालय के बच्चों ने नाटक के माध्यम से प्रभु यीशु के जन्म की झांकी प्रस्तुत की। साथ ही साथ सांता क्लोज के गेटअप पर उपस्थित मेहमान ने विद्यालय के बच्चों को टॉफियां बांटी। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य ने उपस्थित सभी को क्रिसमस एवं नव वर्ष की आगमन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्रिसमस का त्योहार यीशु के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। विद्यालय उप प्राचार्य ने क्रिसमस का त्यौहार को आपसी प्रेम शांति और भाईचारे का त्योहार बताया और इसे हर्ष उल्लास के साथ मनाने की अपील की। मंच का संचालन विद्यालय शिक्षिका प्रिंसी गुप्ता ने की। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका पूनम प्रसाद, अनु कुमारी, अमृता श्रीवास्तव, उषा रानी, शोभा तिर्की, विनीता गुप्ता, तरन्नुम पायल साहू, कविता कुमारी, मालती कुमारी, सीमा शर्मा, अनुप्रिया टोप्पो, निहारिका सिंह, कीर्ति साहू, सुमन कुमारी, आफरीन परवीन, सुनीता एपिल सुरीन, आशिया परवीन, लवली यादव, सोनम सिंह, सीमा खाखा, संजू दास, जय किशोर कुमार, विपुल कुमार केसरी, कृष्णा नंदन कुमार, राजेश खत्री, संदीप उरांव, सूर्य सिंह एवं काफी संख्या में काफी संख्या में विद्यार्थीगण मौजूद थे।

# लोहरदगा पुलिस ने तिसिया गांव में कंबल और बैग का किया वितरण





खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के नक्सल प्रभावित किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसिया गांव में एसपी हारिश बीन जमा के निर्देश पर लोहरदगा पुलिस ने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के गरीब और असहाय लोगों के बीच एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा और किस्को थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह के साथ सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों द्वारा बढ़ते ठंड को देखते हुए कंबल और स्कूली बच्चों को बैग, कॉपी सहित स्टडी मैटीरियल का वितरण किया गया। ग्रामीण और पुलिस के बीच अच्छे संबंध बनाने की दिशा में यह कार्य किया जा रहा है। मौके पर श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा ठंड को देखते हुए सोशल पुलिसिंग के तहत कार्यक्रम कर लोगो के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया और यह पुलिस की ओर से हर साल किया जाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस और आम लोगो के बीच इस तरह के कार्यक्रम से बेहतर संवाद होता है।

## गुमला : दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कराने पहुंची पीड़िता से मारपीट का मामला

# एसपी ने पालकोट थानेदार सहित 3 को किया निलंबित

### एसडीपीओ के जांच रिपोर्ट के आधार पर की कार्रवाई

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र की नाबालिक बच्ची दुष्कर्म के बाद थाना पहुंचकर मामले की जानकारी देने व प्राथमिकी दर्ज करने की बात कहने पर घाघरा थाना में बच्ची के साथ मारपीट करने व पालकोट थाना में प्राथमिकी नहीं किये जाने के मामले को लेकर सोमवार को एसपी शंभू कुमार सिंह ने एसडीपीओ गुमला के जांच रिपोर्ट के आधार पर पालकोट थाना प्रभारी मो जहांगीर, घाघरा थाना के ओडी पदाधिकारी पुअनि कृष्णा कुमार व घाघरा थाना के महिला आरक्षी दिना टोप्पो को निलंबित कर दिया है। पीड़िता के मामा के बयान पर पालकोट थाना में कांड संख्या 61/24 दर्ज किया गया है। कांड के नाबालिग को जुबनाईल जस्टिस बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। वहीं न्यायालय में पीड़िता का बयान भी दर्ज कराया गया है।

### क्या है मामला

ज्ञात हो कि पीड़िता घाघरा थाना मामला दर्ज कराने पहुंची थी। थाना पहुंची थी तो उसे फटकार कर भगा दिया गया था। जिस वक्त वह थाना पहुंची थी घाघरा थाना में थाना प्रभारी अभियान में निकले हुए थे। लेकिन स्वागत कक्ष में ऑडी ऑफिसर के रूप में कृष्णा कुमार ड्यूटी में थे। कृष्णा कुमार के द्वारा नाबालिक बच्ची से दरिंदगी करने के आरोपी को थाना में बुलाया गया और बाद में थाना से छोड़ दिया गया था। पुलिस के द्वारा आरोपी को छोड़ने के बाद नाबालिक पीड़िता के साथ-साथ पूरा परिवार आहत हो गया। उसके परिजनों के द्वारा पुलिस अधीक्षक से मिल कर शिकायत किया गया था। जिसमें पीड़िता और उसके परिजनों ने कहा था कि थाना में उन्हें सहयोग नहीं किया गया बल्कि डांट फटकार के मारपीट भी की गई। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप होते ही पालकोट थाना में मामला दर्ज होने के बाद घाघरा से आरोपी की गिरफ्तारी भी कर लिया गया था।

# प्रभारी शिक्षकों, विद्यालय प्रबंध समिति और दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

### शिक्षा विभाग का यह कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण है : एसी





खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान अंतर्गत जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के निर्देश के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए समावेशी शिक्षा अंतर्गत जिले के सभी प्रशासक, प्राथमिक, मध्य, उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापकों, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों और दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन न्यू नगर भवन, प्रखण्ड परिसर में किया गया। इसके अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के माता-पिता एवं समुदाय को संवेदीकृत कर समावेशी शिक्षा को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न आयामों को समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूक करने का सार्थक प्रयास किया गया। एडिशनल कलेक्टर, जीतेन्द्र मुंडा ने कहा कि शिक्षा विभाग का यह कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। शिक्षा विभाग और समाज कल्याण विभाग को साथ साथ इस कार्यक्रम में अपनी जिम्मेदारी निभानी है। उक्त कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक सुनंदा दास ने जिले के सभी विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापकों और दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम में समावेशी बच्चों के संवेदनशीलता की शपथ दिलवाई। प्रभाग प्रभारी एमलीन सुरीन के द्वारा सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। विनय बंधु कच्छप के द्वारा दिव्यांगता श्रेणी एवं दिव्यांगता श्रेणी की पहचान रणनीति निर्माण एवं विद्यालय में बनाए रखने हेतु विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में समावेशी शिक्षा के रिसोर्स शिक्षकों सतीश कुमार, धीरज पटेल, शीलवंती मिंज आदि द्वारा भी दिव्यांगता से संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई।

# मानव जाति के उद्धार के लिए प्रभु यीशु का जन्म हुआ है: सुरेश प्रसाद

### सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला में मनाया गया क्रिसमस गैदरिंग समारोह



कार्यक्रम में मंचासीन एसडीपीओ, स्कूल के निदेशक व अन्य।




कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला में सोमवार को क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीपीओ गुमला सुरेश प्रसाद यादव शामिल हुए। मौके पर एसडीपीओ श्री यादव ने कहा कि येशु मानव जाति के उद्धार के लिए इस जगत में आये थे। हमें आपस में प्रेम और भाईचारा बना के रखना है। सांता पब्लिक स्कूल में फ्री एडमिशन और री एडमिशन का पैसा नहीं लिया जाता है जो एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि यीशु के जीवन को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रभु येशु किस प्रकार कष्ट सहे और फिर भी सत्य और अहिंसा में बने रहे। यादव ने क्रिसमस और नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा यह पर्व और नया साल गुमला वासियो के लिए खुशियली का साल होगा। स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा कि क्रिसमस हमें भाईचारा का संदेश देता है। आज हम सब धर्म के नाम पर बंट ते हुए दिखाई देते हैं। वहीं येशु ने संपूर्ण मानव जाति से प्रेम कर सिखाया कि हम सभी लोग एक हैं। नशा पान छोड़ने की जरूरत है। अपने अंदर की बुराइयों को मार डालने की जरूरत है। वे मनुष्य से प्यार करते हैं। स्कूल प्रबंधन कमेटी के जयमंती एक्का ने कहा कि नशा पान छोड़ें, शिक्षा को अपने जीवन में अपनाएं। शिक्षा के बिना व्यक्ति एक पशु के समान होता है। क्रिसमस गैदरिंग समारोह में बच्चों ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुती की। मंच का सफल संचालन हिमा कुमारी ने की। इस अवसर पर स्कूल के टीचर नोर्बेर्ट बेक, अंकिता कुमारी, वीणा देवी, सुनीता एक्का, रजनी सिन्हा, सीमा, अंजनी, मुस्कान कुमारी जसिंता बेक, सहित स्कूल के स्टूडेंट्स पेरेंट्स उपस्थित थे।

### आरसेटी ने मोबाइल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत फ्री मरम्मत शिविर का किया आयोजन



लोहरदगा। जिले के युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था आरसेटी द्वारा 30 दिवसीय मोबाइल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। जिले के समाहरणालय मैदान में 30 दिवसीय प्रशिक्षण ले चुके युवाओं को लेकर एक दिवसीय फ्री मोबाइल मरम्मत शिविर का आयोजन आरसेटी के द्वारा लगाया गया। जिसमे लोगो का मुफ्त मोबाइल का मरम्मत किया गया। जिले के गरीब परिवार के बच्चों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरसेटी द्वारा 30 दिनों का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया गया। गरीब बच्चों को आर्थिक मदद के लिए आरसेटी संस्था द्वारा रोजगार करने के लिए बैंक ऋण भी उपलब्ध कराया जाता है, ताकि युवा रोजगार से जुड़कर आमदनी बढ़ा सके। आरसेर्टी के प्रबंधक सुरेश भगत ने बताया बैंक ऑफ इंडिया और सरकार के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे गरीब परिवार के बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण कराया जा रहा है ताकि युवा रोजगार से जुड़ पाएंगे और अपना भविष्य के लिए बेहतर कर पाएंगे।

### ग्राम प्रधान के निधन पर विधायक ने जताया शोक

कैरो। प्रखंड क्षेत्र के सढ़ाबे निवासी ग्राम प्रधान 55 वर्षीय सनिया पहान की मृत्यु की सूचना पर पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने ग्राम प्रधान की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों की मदद के लिए कांग्रेसी नेता विजय कुमार एक्का उर्फ बुधराम भगत को स्व सनिया पहान के घर भेज कर उसकी पत्नी बसंती उरांव को आर्थिक मदद की गई। साथ ही इस दुख की घड़ी में ढांढस देते हुए कहा कि हमेशा कांग्रेस पार्टी परिवार वालों के साथ खड़ी है। इस मौके पर चंद्रदेव भगत, फूल कुमार भगत, राजेश्वर भगत, राजकुमार उरांव, विनोद उरांव, भीम भगत, पूरन उरांव, चमरा उरांव, रामदेव भगत, श्रीचंद उरांव, जेना आदि उपस्थित थें।

### केंचुवा खाद और नैनो यूरिया का हुआ वितरण

कैरो। जिला उद्यान कार्यालय के निर्देशानुसार प्रखंड उद्यान मित्र की उपस्थिति में सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के चाल्हो, महवरी, उल्टी, गराडीह के किसानों के बीच टिशू कल्चर केला लगाने वाले किसानों के बीच केंचुवा खाद व नैनो यूरिया का वितरण किया गया। प्रखंड उद्यान मित्र मृत्युंजय तिवारी द्वारा किसानों को खाद के नियमित प्रयोग व केला के रख रखाव के साथ उद्यान विभाग द्वारा समय समय पर मिलने वाली लाभ के बारे में जानकारी भी दिया गया। मौके पर गजनी पंचायत मुखिया सुमन उरांव, बालमसी लकड़ा, रौशन लकड़ा, सुनीता लकड़ा, राकेश साहू, राजकुमार साहू, यशोदा देवी, इमरान अंसारी सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

### एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम आज

गुमला। स्टार कराओके म्यूजिकल ग्रुप गुमला के द्वारा आज आवाज के जादूगर महान गायक मोहम्मद रफी के 100 वां जन्मदिवस जशपुर रोड स्थित बंगाली क्लब में एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें झारखंड की राजधानी रांची से और गुमला के कलाकार शामिल होकर अपने देश के महान गायक स्वर्गीय मोहम्मद रफी के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए गीत संगीत की प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। कराओके म्यूजिकल ग्रुप के संरक्षक अजय मंत्री, अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, सचिव मोहम्मद सरवर आलम ने बताया कि रफी साहब के 100 वां जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए कमेटी पूरी तरह तत्पर है।

# डीसी ने बिशुनपुर में कोर्ट कैंप का किया आयोजन

**कैंप में आये पांच मामले, तीन का हुआ निष्पादन, दो को किया गया रद्द**



खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के निवासियों तथा स्थानीय रैयतियों की सुविधा हेतु सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत गुरदरी पंचायत में सीएनटी एक्ट अंडर सेक्सन 49 से संबंधित कोर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें पोपलपाट, डुमरपाट, चौरापाट के लगभग 25 आवेदकों से संबंधित 5 केस की सुनवाई की गई। जिसमें से 3 केस का ऑन द स्पॉट निराकरण किया गया एवं 2 केस रिजेक्ट किया गया। ज्ञात हो की बिशुनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों जिनमें गुरदरी पंचायत भी शामिल है में हिंडालको कंपनी के द्वारा माइनिंग का कार्य किया जाता है। इसी क्रम में ग्रामीणों व रैयतियो से कंपनी के द्वारा पथरीले (बॉक्साइट निकालने हेतु) भूमि की खरीद की गई है। उपायुक्त के द्वारा उक्त क्षेत्र में जाकर भूमि संबंधी मामलों के तहत सभी केस की सुनवाई की गई। इसके साथ ही उपायुक्त ने रैयतियों से बात चीत के दौरान इस बात की भी पुष्टि की कि कोई भी रैयत या ग्रामीण अपने जमीन को बिना किसी दबाव एवं कम दाम में ना बेच रहा हो। डीसी ने सभी रैयतियों से कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी जमीन किसी के दबाव में आकर न बेचें। यदि ऐसा होता है तो वे डीसी या बीडीओ कार्यालय में जाकर संपर्क कर सकते हैं।

### दिल्ली में बेची गयी नाबालिक को वापस लाने की गुहार



गुमला। झारखंड की नाबालिग बेटी को फर्जी तरीके से बालिग बना कर प्लेसमेंट एजेंसी के द्वारा नोएडा में बेच दिया गया है। लड़की अब अपना घर वापस लौटना चाहती है। उक्त मामले को लेकर सोमवार को लड़की के परिजन व मिशन बदलाव के सदस्य बाल कल्याण समिति को आवेदन देकर लड़की की वापसी की गुहार लगायी है। मिशन बदलाव सदस्यों ने बताया कि उक्त मामले में डीसी ने संज्ञान लिया लेकिन दिल्ली पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए नोएडा पूर्वांचल रॉयल पार्क, सेक्टर 137, टावर 2 फ्लैट नंबर 11 से निकाला और बच्ची को दिल्ली के अनाथालय भेज दिया। बच्ची को वापस भेजने में दिल्ली पुलिस एक महीने से टाल मॅटोल कर रही है और लड़की के परिजन अपनी बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। मिशन बदलाव के ज्योति वर्मा और ज्योति गलोयरिया कुजूर ने बाल कल्याण समिति में आवेदन देकर जल्द से जल्द बच्ची को वापस लाने की गुहार लगायी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## झारखंड नवनिर्माण दल की प्रमंडल स्तर की बैठक सह वनभोज कार्यक्रम संपन्न

# राज्य को बचाने व संवारने के लिए जनगोलबंदी तेज करेगी : विजय सिंह



खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल की प्रमंडल स्तर की बैठक सह वनभोज कार्यक्रम गुमला जिला स्थित नागफेनी कोयल नदी तट पर रिटायर फौजी व दल के केंद्रीय सदस्य सुकरा मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की कार्यवाही शुरू करने के पूर्व दिवंगत पूर्व विधायक रहे बैरागी उरांव की मृत्यु पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा पूर्व विधायक को राजकीय सम्मान नहीं मिलने पर निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया।

इस मौके पर झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि 24 वर्षों का झारखंड लूट की भेंट चढ़ गई है। जिसे बचाने सजाने व संवारने की जरूरत है तभी रत्नगर्भा झारखंड को हमारे शहीदों व पूर्वजों के सपनों का खुशहाल झारखंड बनाना संभव है। सिंह ने केंद्रीय समिति द्वारा तय निर्णय व कार्यक्रमों को सभी जिलों में लागू करने तथा दिल्ली में चल रहे न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए किसान आंदोलन के समर्थन में 28 दिसंबर 2024 को राजभवन रांची के समक्ष धरना कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। बैठक में गुमला जिला सहित राज्य के कोने-कोने में बढ़ते महिला उत्पीड़न, हिंसा जैसी घटनाओं पर आक्रोश व्यक्त करते हुए महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफ करने, व्यवसाय के लिए आर्थिक सहायता देने, रोजगार अनुदान तथा नशाबंदी पलायन व मानव तस्करी जैसे मुद्दों को लेकर 8 मार्च 2025 को रांची में मुख्यमंत्री के समक्ष महिला अधिकार रैली की तैयारी करने, सहारा इंडिया एपीलाइन साईं प्रकाश पल्स वेलफेयर विश्वामित्र विकास म्युचुअल इत्यादि दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में राज्य के जमाकताओं का खून पसीने का जमा पैसे की शुद्ध समेत जल्द भुगतान की मांग को लेकर 4 मार्च 2025 को रांची में राज्यव्यापी आक्रोश रैली निकालने की बात कही। बैठक को सुकरा मुंडा, नील जस्टिन बेक, शिवचंद मांझी, देव कुमार काशी, बंदे उरांव, स्टीफन किंडो, सुनीता देवी, पुष्पा उरांव तथा बिकी मिंज के अलावे कई नेताओं ने संबोधित किया। बैठक में आदित्य सिंह, प्रकाश उरांव, शिवप्रसाद साहू, शंकर उरांव, मांगा उरांव, प्रभु मिंज, रमेश उरांव, बिपता लोहरा, बसंत बड़ाइक, सुखदेव कुमार, रीमिस कुजूर, कुसमा मिंज, सलगी उरांव, के अलावे काफी संख्या में दल के पदाधिकारी मौजूद थे।

# लोहरदगा : विद्यालय का किया गया निरीक्षण



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निर्देश के आलोक में जिले के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, बालिका, लोहरदगा और जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, नदिया हिन्दू का स्कूल मैनेजर विनय कुमार पांडेय (सेवानिवृत्त प्राचार्य डी ए वी बरियातू, रांची) द्वारा विद्यालय के पठन पाठन, आधारभूत संरचना सीबीएसई मानक के अनुरूप विद्यालय की शैक्षणिक और शैक्षणिक सीसीई गतिविधियों से संबंधित जानकारी ली गई। मौके पर पांडेय के द्वारा असेम्बली की व्यवस्थित व्यवस्था, विद्यालय शिक्षकों से क्लासरूम पठन पाठन के तौर तरीके, स्मार्ट क्लास की व्यवस्था, विभिन्न हाउस की सिटिंग व्यवस्था, विभिन्न वर्गकक्षों की स्थिति आदि की समीक्षा की गई। विद्यालय की आवश्यकता से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। शिक्षकों के द्वारा संचालित वर्ग की व्यवस्था, लेशन प्लान, को क्युलर गतिविधि, भोजनालय, स्मार्ट क्लास की व्यवस्था आदि की जानकारी के साथ साथ सुधार के प्रयास की जानकारी दी गई। ज्ञात हो कि राज्य सरकार राज्य के सभी उत्कृष्ट विद्यालयों हेतु सेवानिवृत्त प्राचार्य के उनके अनुभव के माध्यम से उत्कृष्ट विद्यालय को राज्य के सबसे आकर्षित, सभी आयामों में सुसज्जित, छात्रों के उच्चतम शैक्षणिक स्तर आदि मानकों के आधार पर विकसित की जा रही है। आने वाले समय में ये विद्यालय किसी भी निजी विद्यालय से कमतर न हों बल्कि उससे भी उच्च कोटि के विद्यालयों में अपनी पहचान बना सके। मौके पर फील्ड मैनेजर आकाश गुप्ता, सीआरपी जीतेन्द्र मित्तल, नीलू गोयल, संयुक्ता प्रजापति, प्रभारी प्रधानाध्यापक अनुपमा लकड़ा, निश्चल मिंज, तरुण कुमार, महेश उरांव, मेंनिका त्रिपाठी,अंकिता वर्मा सहित शिक्षक शिक्षिकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

## चंदवा: भाजपा मंडल कमेटी ने किया विधायक प्रकाश राम का स्वागत सह अभिनंदन समारोह

# जनता और कार्यकर्ताओं को बेवजह तंग न करें : विधायक

- सप्ताह में एक दिन प्रखंड मुख्यालय वहीं 15 दिन में जिला मुख्यालय में दूंगा समय
- कार्यकताओं की मेहनत बेकार नहीं जाएगी, आपके हर अधूरे कार्य पूरे होंगे


स्वागत सह अभिनंदन समारोह को संबोधित करते विधायक प्रकाश राम।


विधायक को सम्मानित करते पत्रकार।


समारोह में शामिल भाजपाई।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** विपरीत माहौल में भी यदि हमारी जीत हुई है तो इसका एकमात्र कारण कार्यकताओं का अथक प्रयास व सभी वर्ग व समाज के लोगों के आशीर्वाद की देन है। राज्य सरकार के तमाम लोक लुभावन योजना के बाद भी हमारे कार्यकर्ता डिगे नहीं। विपक्षी पार्टियों के द्वारा चुनाव के समय रुपयों की बरसात की गई, पूरा तंत्र खिलाफ होने के बावजूद यह जीत कार्यकताओं की जीत है। बातें लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक प्रकाश राम ने सोमवार को चंदवा के कुसुमटोला कृषि फार्म के समीप मंडल भाजपा कमिटी द्वारा आयोजित स्वागत सह अभिनंदन समारोह में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। श्री राम ने मंच से सख्त लहजों में अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि आम जनता व कार्यकताओं को बेवजह तंग किया गया तो खैर नहीं होगी। कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रकाश राम ने कहा कि सप्ताह में एक दिन प्रखंड मुख्यालय वहीं 15 दिनों में एक दिन जिला मुख्यालय में समय दूंगा। आगे कहा कि प्रत्येक माह प्रखंडों के पंचायतों में सप्ताह में 2 दिन क्षेत्र भ्रमण कर समस्याओं को भी जागूंगा, ताकि गाँवो की समस्या का निधन हो सके। इसके अलावा पूर्व जिला अध्यक्ष लाल कौशल नाथ शाहदेव, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, महेंद्र साहू, राजू उरांव, राजन भगत, नवाहिर उरांव समेत कई व्यक्ताओं ने भी अपनी बातों को रखा व जीत में कार्यकताओं की मेहनत और संघर्ष की सराहना की। इससे पूर्व अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। राष्ट्रगीत की सामूहिक गान के पश्चात विभिन्न पंचायतो से आए कार्यकताओं ने अपनी अपनी बातों को रखा। मंडल अध्यक्ष समेत कई ने विधायक को बुके देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता व संचालन रविराज ने किया। मौके पर राजकुमार पाठक, नवाहिर उरांव, कुलामन साहू, रामप्रसाद साहू, अवधेश यादव, सुरेश यादव, जयराम साहू, दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, मनीष गुप्ता, मनोज पाठक, आशीष सिंह, बालेश्वर गंझू, रिकी वर्मा, राजेश यादव, सुनील मुंडा, रामकिशुन गंझू समेत सैकड़ो की संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

### पत्रकार संघ ने विधायक को दी बधाई

लातेहार जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजेश प्रसाद के नेतृत्व में चंदवा के पत्रकारों ने विधायक प्रकाश राम को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए जीत की बधाई दी व विकास के कार्यों में सार्थक मदद करने की बात कही। विधायक ने पत्रकारों को भरोसा दिलाया कि आपका मान सम्मान का सदैव ख्याल रखा जायेगा।

## मनिका प्रखंड में नवनिर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष को कार्यकर्ताओं ने किया सम्मानित

# दरोगी प्रसाद के नेतृत्व में पार्टी होगी मजबूत: विश्वनाथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**


नवनिर्वाचित अध्यक्ष को सम्मानित करते कार्यकर्ता।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के लैंपस के सामने स्थित कांग्रेस कार्यालय में दिन सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित कर मनिका प्रखंड के नवनिर्वाचित कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दरोगी प्रसाद यादव को सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कामेश्वर प्रसाद यादव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार साहू,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र भारती, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष जगजीवन राम, बालदेव पासवान, समेत अन्यों ने नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष को पुष्पमाला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकताओं के साथ-साथ काफी संख्या में क्षेत्र के लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष दरोगी प्रसाद यादव ने कहा कि पार्टी के द्वारा जिस विश्वास के साथ मुझे अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया उस विश्वास को बनाए रखने का हर संभव प्रयास करूंगा। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वनाथ पासवान ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय हमारे ही कांग्रेस पार्टी के कुछ कार्यकर्ता पार्टी से बगावत कर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को हराने के लिए पूरा प्रयास कर रहे थे,इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी के सच्चे कार्यकताओं के मेहनत और उत्साह की वजह से हम लोगों ने फुल बहुमत के साथ चुनाव में जीत हासिल किया यह जीत सिर्फ एक प्रत्याशी की ही नहीं हमारे कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकताओं की है जिन्होंने एक सच्चे सिपाही की तरह पार्टी का साथ दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के द्वारा दरोगी प्रसाद यादव को मनिका प्रखंड से अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपे जाना बहुत ही सराहनीय निर्णय है इसके लिए हम सभी कार्यकर्ता जिला कमेटी को धन्यवाद व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि दरोगी प्रसाद यादव के नेतृत्व में क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी और भी मजबूत होगी। वहीं बालदेव पासवान ने कहा कि क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में जितना भी कचरा था वह पूरी तरह साफ हो गया है अब जो भी कार्यकर्ता बचे हुए हैं वे सभी लोग कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही हैं जो पार्टी हित के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित कई वक्ताओं ने अपनी-अपनी बातों से लोगों को संबोधित किया। मौके पर सगीर अंसारी, सरवर अंसारी, कृष्ण यादव, अरुण सिंह, संजय सिंह, पुनीता देवी, झारो देवी, गुलाम हुसैन, तस्लीम अंसारी, मिथिलेश पासवान, अख्तर अंसारी, रामनंदन उरांव, अंजू यादव, विशाल पासवान, गणेश यादव, ओम प्रकाश यादव, सरयू यादव, नरेश राम, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## थ्रेसर मशीन से धान कूटने के दौरान महिला घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के टोटी-हेसला ग्राम में सोमवार को धान कूटने वाले मशीन (थ्रेसर)की चपेट में आकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मानती देवी 50 वर्ष पति गोवर्धन साहू ग्राम टोटी-हेसला थाना बरियातू निवासी अपने घर के पास थ्रेसर मशीन से धान कुटवा रही थी ।इसी दौरान मशीन में कपड़ा फस जाने की वजह से वह मशीन के चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं घायल महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### एक नजर में

## प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मासियातु ग्राम में सोमवार को सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। मौके पर ग्रामीणों द्वारा आए कई आवेदन का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। शिविर में कुल 313 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें से 203 का निपटारा कर दिया गया। जिसमें जन्म निबंध का 12 मृत्यु निबंधन 2, स्थानीय प्रमाण पत्र 3, जाति प्रमाण पत्र 4, जमीन रसीद 1, वृद्धा पेंशन 5,राशन कार्ड में नाम जोड़ने हेतु 40,आधार सुधार 52 तथा नया आधार आवेदन 51 समेत कई आवेदन प्राप्त हुआ। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर लगाए गए स्टॉल में 32 लोगो को जांच के बाद दवा का वितरण किया गया ।मौके पर जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया की सरकार की कल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए यह शिविर लगाया गया था। जिसमे विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केंद्र एवं राज्य सरकार से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। आगे उन्होंने बताया की सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से योग्य लाभुक को लाभान्वित किया जाएगा।

## इरफान ने कांग्रेस के कार्यप्रणाली पर जताया आक्रोश

**गारू।** गारू प्रखंड के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्त्ता इरफान अंसारी ने कांग्रेस के कार्यप्रणाली पर आक्रोष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि मीडिया में एक खबर चलाई गई थी जिसमें दावा किया गया था कि गारु प्रखंड का कांग्रेस पार्टी के नए प्रखंड अध्यक्ष सकलदीप उरांव के बनने पर बधाई दी गई थी। हालांकि उन्होंने इस खबर का खंडन किया और कहा कि वे कांग्रेस के जिलाध्यक्ष द्वारा बनाए गए अध्यक्ष सकलदीप उरांव को जानते तक नहीं हैं। इरफान अंसारी ने कहा कि यदि यही स्थिति बनी रहती है, तो वे सैकड़ों कार्यकताओं के साथ कांग्रेस को बहिष्कार करेंगे। उन्होंने बताया कि वे 1985 से लगातार कांग्रेस पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन पिछले पांच सालों में गारू में कांग्रेस की दुर्दशा देखकर उन्हें बहुत दुख होता है। उन्होंने कहा कि अभी पद पर बैठे कांग्रेसी मनमानी कर रहे हैं और कांग्रेस ने नव मनोनीत अध्यक्ष का कभी चेहरा तक नहीं देखा है।

## सिबला मे शिविर का आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व ग्रामीण।

**बारियातू।** उपायुक्त लातेहार के निदेर्शानुसार सुशासन सप्ताह व प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत सिबला पंचायत सचिवालय मे शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन मुखिया सुरेश उरांव बीडीओ अमित कुमार पासवान सीओ नंद कुमार राम पशु चिकित्सा प्रभारी शुशीला बागे ने द्वीप प्रजलित कर किया। शिविर में सरकारी योजनाओं का आमजनों को लाभ के लिए स्टॉल लगाए गए। शिविर मे कई संबन्धित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। उक्त शिविर मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया, एचबी, एच आई बी, बीपी, सुगर सहित कई जांच किया गया। साथ ही स्वास्थ्य व पशु चिकित्सा विभाग द्वारा दवाओं का भी वितरण की गई। शिविर में उपस्थित स्थानीय सिबला पंचायत मुखिया सुरेश उरांव तथा प्रखंड के कई अधिकारियों ने सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगो को बिस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शिविर लगाने का मुख्य उदेश्य है की सरकार के योजनाओं का लाभ सीधा आम लोगों को मिले। शिविर के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का आवेदन प्राप्त हुए. कई मामलों का ऑन द स्पोर्ट निष्पादन भी किया गया। मौके एमओ आशिस रंजन, बीपीओ केतन गुप्ता, आलोक दुबे, जन सेवक प्रकाश कुमार, समाज सेवी गौतम सिंह, सरफराज अहमद सहित प्रखंड व अंचल कर्मी तथा पंचायत के ग्रामीण मौजूद थे।

### सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए नहीं चला बुलडोजर

कांडी। आखिर लोगों को जिस बात का डर था वही हुआ। सोमवार को कांडी बाजार व मुख्य सड़क में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं शुरू हुआ और न ही बुलडोजर चला। अंचलाधिकारी राकेश सहाय व थाना प्रभारी अविनाश राज ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को पूरे बाजार क्षेत्र में माइक से घूम घूम कर लोगों को अंतिम अल्टीमेटम दिया था कि जो भी व्यक्ति अतिक्रमण किए हैं वे स्वेच्छा से सरकारी भूमि को खाली कर दें अन्यथा सोमवार को प्रशासन बल पूर्वक अतिक्रमण हटाने का काम करेगी। लेकिन तय समय सीमा के दिन अतिक्रमण पर नहीं चला बुलडोजर। हालांकि बाजार क्षेत्र के कुछ लोग अपना अतिक्रमण को स्वयं हटा लिए हैं। यह पहली बार ऐसा नही हुआ है कि कांडी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई स्थगित हुआ है। पहले भी कई बार कांडी में अतिक्रमण हटाने की करवाई को अंत समय में प्रशासन को रोकना पड़ा है। कांडी बाजार में 78 डिसमिल सरकारी जमीन है जिस पर कई लोग स्थायी व अस्थायी रूप से कब्जा कर रखा है। आखिर किन कारणों से आज तक कांडी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है। हाई कोर्ट के आदेश का भी अनुपालन कांडी में नही होता है। अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि जिला में बैठक हो जाने के कारण अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को रोकना पड़ा है। बहुत जल्द कार्रवाई होगी।

## रजवार कोल ब्लॉक से प्रभावित हो रहे रेंची गांव के रैयतों ने की ग्राम सभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


ग्राम सभा में मौजूद ग्रामीण।

**चंदवा।** रजवार कोल ब्लॉक से प्रभावित हो रहे रेन्ची गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को रेन्ची ग्राम के जतरा टांड परिसर में ग्राम सभा का आयोजन किया। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बिगु उरांव ने की। ग्राम सभा ने बताया कि उक्त ग्राम सभा अंचलाधिकारी के पत्रांक 960 दिनांक 14/12/24 के माध्यम से रजवार कोल ब्लॉक एनओसी को लेकर सूचना पत्र दिए जाने के आलोक में आहूत की गई थी। लेकिन न ही कंपनी प्रबंधन और न ही अंचल के कोई अधिकारी पहुंचे। जिसके बाद ग्रामीणों ने विस्थापित होने वाले रैयतों की समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए, जिसमे ग्रामीणों ने कहा कि प्रखंड हो या जिला प्रशासन ग्रामीणों के साथ बैठक व सभा करने से पूर्व ग्राम सभा से अनुमति ले व ग्राम सभा के आदेश के बाद ही तिथि व समय तय किया जाए। आगे कहा कि जिले में जमीन संबधी मामले व्यापक पैमाने पर त्रुटि है। जिस पर समाधान निकले इस दिशा में कोई कार्य नही किया जा रहा है। सामुदायिक व व्यक्तिगत वन पट्टे के मामले को भी लटका कर रखा गया है। ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों द्वारा एनओसी नही देने का निर्णय लिया गया। ग्राम सभा में वन अधिकार समिति के अध्यक्ष जागेश्वर उरांव, सचिव सुशील उरांव, सदस्य रंजीत उरांव, अजय उरांव, राजकुमार ठाकुर, तारामणि देवी शीला देवी, ग्रामीण वीरेंद्र उरांव जयराम उरांव प्रदीप साहू कृष्ण उरांव झाड़ी उरांव सुशील उरांव सोनिया देवी यशोमती देवी उमेश उरांव महेश उरांव शिवमंगल भगत सरिता देवी सुनीता देवी युवा समाजसेवी मंटू कुमार समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे। इधर मामले को लेकर पुछे जाने पर अंचलाधिकारी ने बताया कि ग्राम सभा के लिए तिथि तय करने को लेकर पंचायत को पत्र भेजा गया था, जिसका जवाब अब तक नहीं आया है, संभवतः जनवरी में ग्राम सभा की तिथि निर्धारित की जायेगी।

## भूमि अधिग्रहण करने गये सड़क निर्माण कंपनी का रैयत ने किया विरोध

**रमना।** सोमवार को नव निमार्णाधीन मुख्य सड़क एनएच 75 पर करचा में बिना मुआवजा दिये ही जबरदस्ती भूमि अधिग्रहण करने गये सड़क निर्माण कम्पनी के मजदूरों ने बैरंग भेजा। अरबो-खरबो रुपए की लागत से बन रहे फोर लेन सड़क निर्माण के लिए भु-अर्जन विभाग द्वारा इस क्षेत्र के सैकड़ो रैयतो के घर जमीन अधिग्रहित किया जा रहा है। जिनका घर जमीन इस सड़क में पड़ रहा है। इसी क्रम में बिना मुआवजा दिये ही करचा ग्राम में सूर्यदेव राम, त्रिवेणी साह और तन्मयी देवी ने कड़ा विरोध किया। जिसके बाद घर भूमि अधिग्रहण में लगे सड़क निर्माण कंपनी के लोग दुम दबा कर चले गये। इस संबंध में उक्त ग्रामीणों ने बताया कि हमारा घर जमीन निमार्णाधीन मुख्य सड़क में आ गया है, लेकिन अभी तक मुआवजा राशि भी नहीं मिला है और न ही न्यायालय से किसी प्रकार का सूचना फिर भी सड़क निर्माण कम्पनी के द्वारा जबरदस्ती घर जमीन बिना मुआवजा का ही अधिग्रहित किया जा रहा है और बोला जा रहा है की मुआवजा न्यायालय में जमा है जाकर ले लो।

## 15वें वित्त की राशि का हो रहा है दुरुपयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड के सोनेहारा पंचायत में 15वें वित्त की राशि का दुरुपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिसकी देखरेख करने वाला कोई पदाधिकारी नहीं है। सोनेहारा पंचायत समिति सदस्य तारा देवी द्वारा अपने ही खेत में चबूतरा निर्माण कर 15 वें वित्त आयोग की राशि का दुरुपयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल चबूतरा का योजना बोर्ड में 15वें वित्त आयोग पंचायत समिति ग्राम बौलिया पंचायत सोनेहारा प्रखंड डंडई में मंदिश के घर के पास चबूतरा निर्माण योजना वर्ष 2023-2024 प्रकलित राशि 40 हजार अंकित है, जबकी चबूतरा निर्माण स्थल के पास कोई भी घर नहीं है। जो बीडीसी के द्वारा चयन स्थल पर चबूतरा निर्माण नहीं करने की बात को दशार्ता है। वही बीडीसी के द्वारा स्वयं के नाम से पशु शेड निर्माण किया गया है। जिसका नाद और दीवार को तोड़कर 10.10 चबूतरा का निर्माण कराया गया है। इतना ही नहीं सुनसान जगह पर चापाकल भी लगा दिया गया है, उक्त चापाकल से पानी पीने वाला एक भी ग्रामीण नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि 15वित्त की राशि जनप्रतिनिधियों के द्वारा मनमौजी तरीके से बंदर बाट की जाती है। ग्रामीण सागर पासवान ने बताया कि हम लोग बोल रहे थे कि चबूतरा निर्माण किसी के घर के पास किया जाए लेकिन बीडीसी के द्वारा अपने ही खेत में जहां एक भी घर नहीं है, चबूतरा का निर्माण और चापाकल लगा कर पैसा निकाल लिया गया। जबकि वहां से कुछ दूरी पर स्थित ग्रामीण के घर के पास एक भी चापाकल नहीं है, वह अपनी रोजमर्रा की जरूरतो के लिए मजबूरन पानी दूर से अपने सिर पर ढोकर लाने को मजबूर रहते हैं। मामले में बीडीसी प्रतिनिधि कृष्णा पासवान ने कुछ भी कहने से इनकार किया। वहीं कनिय अभियंता जितेंद्र गंजू ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी।

## विस्थापित संघर्ष समिति ने किया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मजदूरों व रैयतों के साथ पूर्व में किए गए वादों पूरा होने तक ऑक्शन रद्द करते हुए प्लांट कटिंग पर तत्काल रोक लगाने संबंधी अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर विस्थापित संघर्ष समिति द्वारा सोमवार से टाउनशिप गोलंबर के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे ने कहा कि भवनाथपुर एवं श्री बंशीधर नगर के राजस्व ग्राम दहेड़िया तुलसीदामर के जमीन को हमारे पूर्वजों ने औने पौने दामों पर देकर एशिया के सबसे बड़ा क्रेशर प्लांट को लगवाने का काम किया किया। लेकिन आज सेल प्रबंधन के गलत नीति के कारण उक्त प्लांट वर्षो से विरान पड़ा है। साथ ही कुछ दिनों से ऑक्शन के माध्यम से उक्त प्लांट का कटिंग का काम किया जा रहा है, जो यहां के औद्योगिक विरासत को नष्ट करने की कोशिश की जा रही है। जिसे यहां के विस्थापित किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। कहा कि कुछ दिन पूर्व हम लोगों ने सेल के प्रशासनिक भवन पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया था, जहां हम लोग का अधिकारियो ने आश्वासन मिला था कि प्लांट का कटिंग नहीं होगा, लेकिन सेल अधिकारियों द्वारा प्लांट का कटिंग किया जा रहा है। आज हम लोग शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कल से उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## जमीरा पंचायत में सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर शिविर का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


लाभुको को स्वीकृति पत्र देते बीडीओ व अन्य।

**चंदवा।** भारतीय प्रशासन की प्रभावशीलता को बढ़ावा देने और नागरिक सेवाओं की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को जमीरा पंचायत सचिवालय प्रांगण परिसर में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ चंदन प्रसाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चन्दन कुमार अंचल निरीक्षक महेश सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूवात की। विशेष शिविर कार्यक्रम में जमीरा, मालहन एवं डुमारो पंचायत के ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी के अलावे अन्य विभागों के कर्मी व अधिकारी मौजूद थे। अंचल कार्यालय के द्वारा आन द स्पाट दर्जनों मामलों का निष्पादन करके सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र व राज्य सरकार से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से यह शिविर लगाया गया है। शिविर में स्थास्थ्य जांच के साथ ही दवा का वितरण भी किया गया। जॉब कार्ड, राशन कार्ड व अन्य योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में आयुष्मान कार्ड निर्गत किया गया। पंचायत स्तरीय शिविर में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए, इसमें विभिन्न आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर पंचायत मुखिया दुर्गावती देवी, जतरु मुंडा, सुनीता खलखो के अलावे प्रखण्ड व अंचलकर्मी व सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# जूनियर वर्ग में रामासाहू व जवाहर नवोदय क्वार्टर फाइनल में

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि।

**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के आठवे दिन रामसाहू उच्च विद्यालय ने जेपीएस सेंट्रल स्कूल को 10 विकेट, जवाहर नवोदय विद्यालय ने डीपीएस जूनियर को 35 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल प्रवेश किया। पहले मैच में जेपीएस सेंट्रल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय को रामसाहू के गेंदबाज एम कविराज ने गलत साबित करते हुए आठ रन देकर पांच विकेट लेते हुए जेपीएस सेंट्रल की टीम को 58 रन पर ही रोक दिया। जबाबी पारी खेलने उतरी रामासाहू ने सलामी बल्लेबाज यगीज के नाबाद 30 और कार्तिक के नाबाद 19 रनों की बदौलत बिना विकेट खोए दस विकेट से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मैच में जवाहर नवोदय विद्यालय पहले बल्लेबाजी करते हुए आदर्श राज के 40, अविनाश के 23 और आशीष के 11 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवर में 106 रन बनाए। डीपीएस जूनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए उहमत ने चार, फिरोज और राजीव ने दो दो विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी डीपीएस जूनियर की टीम अभिजीत के 22 रन, फिरोज के 15 रन के सहारे 72 रन ही जुटा सकी। जवाहर नवोदय विद्यालय की ओर से गोविंद ने दो, अमृत, अभिषेक और मदन ने एक एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रामासाहू के एम कविराज और जवाहर नवोदय विद्यालय के आदर्श राज को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष सियाराम शरण वर्मा, सचिव आनंद सिन्हा, पूर्व खिलाड़ी संदीप गुप्ता, शिक्षक अजित कुमार, राजू पाठक, रजनीश कुमार, राजू विस्वाश ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। मौके पर प्रतियोगिता को उपाध्यक्ष सियाराम शरण वर्मा ने कहा कि इस प्रतियोगिता में शामिल होना है बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि यह प्रतियोगिता राज्य का सबसे बड़ा प्रतियोगिता है। उन्होंने कहा कि आपने जो लक्ष्य तय किया है उसे हासिल करें इसके लिए मैं ईश्वर से प्रार्थना करूंगा। संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि खेल के दौरान मैदान में कई तरह के दबाव को झेलते है और यही दबाव आपको किसी भी क्षेत्र में आपको दबाव झेलने में सक्षम बनाएगी। मौके पर सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय, आकाश कुमार, शहजाद खान, धीरज, रोहित प्रजापति, नितेश, रजनीश कुमार, राजू पाठक आदि उपस्थित थे। अंपायर की भूमिका रोहन तिवारी, आकाश, आलोक कुमार, स्कोरर की भूमिका मंजय पाल ने निभाई। मैच में कमेंटेटर की भूमिका मनोज तिवारी, प्रिंस खान ने निभाई।

# आरभीएम की बैठक में आंदोलन की रणनीतियों पर बनी सहमति

सीसीएल प्रबंधन के विरुद्ध उफान पर विस्थापितों का आक्रोश



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सोमवार को कथारा स्थित जीएम ग्राउंड में रैयत विस्थापित मोर्चा की एक अहम बैठक मोर्चा के जारंगडीह शाखा अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिस बैठक का संचालन शाने रजा द्वारा किया गया। बैठक में सीसीएल कथारा प्रबंधन की नितियो के साथ साथ रैयतो और विस्थापितों को उनका हक व अधिकार कैसे दिलाई जाये इन बातो पर गहन मंथन हुआ। बैठक में सैकड़ों की संख्या में खेतको, असनापानी, चांपी, अंबाटोला के अलावे दर्जनों विस्थापित गांवो के प्रतिनिधि और पीड़ित शामिल थे। घंटो चले इस बैठक में मुख्य रुप से रैयतो और विस्थापितों को हक व अधिकार दिलाने का मुद्दा छाया रहा। काफी लंबी विचार विमर्श के बाद चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की रणनीति पर सर्व सम्मति बनी। मौके पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे मोर्चा के अध्यक्ष अंसारी ने मोर्चा की प्रतिबद्धता को दुहराते हुए कहा कि रैयत विस्थापित मोर्चा रैयतो और विस्थापितों को उनका हक व अधिकार दिलाने के लिए हर तरह के आंदोलन को कटिबद्ध है। कहा कि अगर रैयतो विस्थापितों को उनका हक व अधिकार चाहिए तो एकजुटता अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में अपनी सरकार है और मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष माननीय फागु बेसरा जी सरकार का हिस्सा है यानी मंत्री है। आप सिर्फ एक जुट रहे मोर्चा सीसीएल प्रबंधन को घुटने पर लाकर खड़ा करने का काम करेगी। इस बैठक में उपरोक्त नेताओं के अलावे रुस्तम अंसारी, सकलैन अंसारी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# बोकारो : झारखंड +2 शिक्षक संघ ने गणितज्ञ रामानुजन को किया याद



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड +2 शिक्षक संघ बोकारो ने देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धापूर्वक याद किया। संघ ने संयुक्त सचिव डॉ शक्ति पद महतो एवं गणित की विदुषी सदस्या डॉ रीना कुमारी के संयुक्त संयोजकत्व में सतनपुर रोड स्थित उनके आवास पर कार्यक्रम आयोजित कर गणित के जादूगर रामानुजन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व कृतित्व संघर्षों एवं उपलब्धियों को आदर सहित याद किया। सभी पदाधिकारियों ने रामानुजन को भारत माता का सच्चा सपूत बताया एवं उनकी उपलब्धियों को पूरी दुनिया के लिए अनुकरणीय करार दिया। मौके पर जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह एवं सचिव डॉ अवनीश कुमार झा ने आह्वान किया कि आचार्य रामानुजन के सपनों को साकार करने के लिए हम सभी शिक्षक तन-मन-धन से विद्यार्थियों को शिक्षा दें एवं उनको श्रेष्ठ नागरिक बनने में मदद करें। मौके पर जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह सचिव डॉ अवनीश कुमार झा कोषाध्यक्ष राजदेव साहू संयुक्त सचिव राजेश कुमार विश्वकर्मा संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार सदस्य राजेश महतो मनीषा प्रिया, पुष्पा कुमारी विश्वकर्मा राकेश सिन्हा रामबिलास महतो शामिल थे।

## एक नजर में

### तेनुघाट अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गयी शपथ



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा ने नवनिर्वाचित सदस्य को बधाई दी और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर अधिवक्ता संघ के सदस्य का शुक्रगुजार हूं। वहीं नवनिर्वाचित सदस्य को कहा कि मैं चाहूंगा कि वे संघ को विकास की ओर ले जाए। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा ने शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा, मनोज कुमार एवं बिनोद कुमार गुप्ता को धन्यवाद ज्ञापन दिया। संघ को एक साथ लेकर चलूंगा और उनके विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने एक बार पुनः मुझपर विश्वास कर चुना उसके लिए मैं सभी को धन्यवाद देता हूं। शपथ ग्रहण एवं गोपनीयता की शपथ चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा के द्वारा कराया गया। नवनिर्वाचित सदस्य में सर्वप्रथम संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, उपाध्यक्ष वेंकट हरि विश्वनाथन, महासचिव वकील प्रसाद महतो, संयुक्त सचिव प्रशासन शंकर ठाकुर, संयुक्त सचिव पुस्तकालय राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव, उपकोषाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद, कार्यकारिणी सदस्य निरंजन कुमार महतो, धर्मवीर कुमार जयसवाल, शारदा देवी, नरोतम प्रसाद एवं अनील कुमार प्रजापति ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण एवं गोपनीयता की शपथ के बाद सभी सदस्यों को श्री महथा ने प्रमाण पत्र भी दिया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद नवनिर्वाचित सदस्य को उपस्थित सभी संघ के सदस्य ने बधाई दी। इस अवसर पर चुनाव पदाधिकारी बिनोद कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, मजहर जानी सहित संघ के सदस्यगण मौजूद थे।

### गोमिया मे कांग्रेस के वनभोज मे शामिल हुए मंत्री



**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड में आयोजित कांग्रेस पार्टी के वनभोज सह मिलन समारोह में राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए। उन्होंने केंद्र सरकार पर हर घर नल जल योजना की राशि 52 सौ करोड़ नहीं देने का आरोप लगाया। मंत्री ने कहा कि राशि नहीं मिलने के कारण राज्य में पेयजलापूर्ति योजनाएं बाधित हो रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक केंद्र सरकार से धनराशि नहीं मिलती, तब तक नल जल योजनाओं में देरी होगी। यह कार्यक्रम आईईएल के कोनार नदी स्थित इंटेक वेल में आयोजित किया गया। जिसमें मंत्री ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि उत्पाद विभाग का राजस्व वसूली लक्ष्य 27 हजार करोड़ रुपये है, और इसे बढ़ाकर 30 हजार करोड़ रुपये तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय ने कहा कि यह आयोजन चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत को सराहने और मंत्री से मिलने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर प्रमोद सिंह, रामकिशुन राम, अंजनी त्रिपाठी, कृष्णा सिंह, अभय सिन्हा, उर्मिला देवी, फिरोज खान, सोहन साव, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष लुदु मांझी, अमित पासवान, मुखिया बंटी उरांव, शांति देवी, मुमताज आलम, लेखराज चौहान, शम्बू यादव, और घनश्याम महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### रेलवे डीआरएम से युवा व्यवसाई संघ फुसरो के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**बेरमो।** धनबाद रेलवे मंडल के डीआरएम से युवा व्यवसाई संघ के प्रतिनिधि ने मिलकर फुसरो बाजार में अतिक्रमण की करवाई की जानकारी दी। इस करवाई के लिए डीआरएम ने आश्वस्त किया कि बाजार हित में उचित निर्णय लिया जाएगा। उक्त वार्ता में संघ के अध्यक्ष वैभव चौरसिया, सचिव बैजू मालाकार, कोषाध्यक्ष राकेश मालाकर उपस्थित थे।

### बोकारो रोटरी ने क्रिसमस के उपलक्ष्य में बच्चों के साथ बांटी खुशियां



**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने क्रिसमस के उपलक्ष्य में साल के अंतिम कार्य दिवस पर रोटरी प्ले स्कूल अलगोड़ा में विशेष आयोजन किया। कार्यक्रम में एमजीएम स्कूल के प्रतिष्ठित प्राचार्य और रोटेरियन जकारिया के परिवार के सदस्यगण रोटेरियन अशोक तनेजा अशोक जैन पूनम त्रेहन अनिल त्रेहन मोहन सर और अन्य लोगों ने इस खुशी के अवसर पर भाग लेकर प्यार और सकारात्मकता का संदेश फैलाया। आयोजन का मुख्य आकर्षण छह ट्राइसाइकिलों का दान था जिसे रोटेरियन जकारिया अशोक जैन और सुरेश अग्रवाल ने दिया। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता ने भाग लेने वाले रोटेरियनों और अतिथियों को धन्यवाद दिया और कहा कि हम बच्चों और पूरे समाज के जीवन में सार्थक बदलाव लाने में विश्वास रखते हैं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया।

### बहादुरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा चेकनाका




**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के नेशनल हाईवे 32 बहादुर से दांतु के बीच आए दिन हो रहे सड़क हादसों को लेकर नेशनल हाईवे संख्या 23 बहादुरपुर में चेकनाका लगाया गया है। कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने बताया कि नेशनल हाईवे बहादुरपुर के आस पास कुछ दिनों से काफी संख्या में सड़क हादसे हो रहे है इस मद्देनजर बोकारो एसपी के निदेर्शानुसार उक्त स्थान पर चेकनाका लगाया गया है। उन्होंने कहा चेकनाका लगाए जाने से वाहन चालक थोड़ी धीमी गति से वाहन चलाएंगे। साथ ही उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों से भी अवगत कराया जाएगा जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी। महतो ने बताया चेकनाका होने से दुर्घटनाओं के अलावे अपराध अवैध ढुलाई इत्यादि पर भी लगाम लग जाएगा।

### तेलियाडीह के प्रसेन्नजीत दो दिनों से लापता



**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत टांगटोना पंचायत के तेलियाडीह गांव निवासी मधुमंगल पाण्डेय के 32 वर्षीय पुत्र प्रसेन्नजीत पांडेय उर्फ विक्की शनिवार की सुबह करीब 6 बजे से ही लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। प्रसन्नजीत पाण्डेय के पिता मधुमंगल पाण्डेय तथा अन्य रिश्तेदारों ने सभी सम्बंधी के घर कसमार जरीडीह पेटरवार रामगढ़ रांची बोकारो सहित कई अन्य जगहों पर खोजा गया। पर कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इधर माता पिता समेत परिजनों का रो–रोकर हाल बुरा है। प्रसेन्नजीत पाण्डेय के पिता मधु मंगल पाण्डेय ने बताया कि उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है और उसका कद करीब 6 फीट है। परिजनों ने बताया कि तीन साल पूर्व रांची स्थित कांके से मानसिक संतुलन बिगड़ने का इलाज चला था। फिलहाल प्रसेन्नजीत पांडेय स्वस्थ्य थे।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेता प्रकाश ने कैंसर पीड़िता से मुलाकात कर आर्थिक मदद की



बेरमो। भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह सोमवार को दुग्दा स्थित रिटायर्ड कॉलोनी निवासी भाजपा कार्यकर्ता संजय प्रसाद उर्फ बुल्ला की अस्वस्थ माता जी का हालचाल जानने रांची स्थित रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र पहुंचे। इस दौरान प्रकाश ने परिवार को इलाज के लिए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। साथ ही उन्होने अस्पताल प्रबंधन से बेहतर इलाज के लिए आग्रह किया। प्रकाश सिंह ने कहा कि बेरमोवासियों के सुख दु:ख में हमेशा साथ खड़े हैं और जहां तक संभव है मदद करते रहेंगे।

### हाथी के हमले से एक व्यक्ति की हुई मौत



बेरमो। डुमरी के बेलाटांड में हाथियों के हमले से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। घटना मधुबन थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि रात के 2 बजे घर के परिवार वाले घर में सो रहे थे तभी चार हाथियों का झुंड घर के समीप पहुंचा और पहले घर को तोड़ा। इसी दौरान जब घर वालों की नींद खुली तो वह हाथी को देखकर भागने लगे वही भगाने के क्रम में हाथियों के झुंड ने एक व्यक्ति को अपने चपेट में ले लिया और कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। फिलहाल घटना के बाद से लोगों में आक्रोश है और लोग गिरिडीह डीएफओ को घटना स्थल पर बुलाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस और वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है।

### घटक दलों में सामंजस्य के अभाव से भाजपा हुई पराजित : अशोक चौधरी



बोकारो। स्थानीय सेक्टर 12 स्थित जदयू कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए जदयू नेता पूर्व बियाडा अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि आज की वर्तमान विषाक्त राजनीति में भी जनता दल यू ही देश की एकमात्र पार्टी है जिसने परिवारवाद का पोषण नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार तो इससे दूर हैं ही और पार्टी को भी इससे अछूता रखा है। बीते हुए विधानसभा चुनाव की समीक्षा के सवाल पर चौधरी ने कहा कि बोकारो में विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा लड़ चुके भाजपा के प्रत्याशी तथा भाजपा के साथी करेंगे लेकिन इतना मैं कहना चाहूंगा कि यहां के चुनाव में एनडीए के घटक दलों में सामंजस्य का अभाव दिखा। चौधरी ने कहा कि मैया योजना इस चुनाव में राजनीतिक दृष्टिकोण से इंडिया गठबंधन को सत्ता में वापस आने में बहुत मददगार साबित हुआ है। चौधरी ने कहा कि जदयू प्रदेश अध्यक्ष सांसद खीरू महतो संगठन मजबूती के सवाल के अलावा बीते विधानसभा चुनाव में राजग में जदयू के टिकट की हिस्सेदारी के सवाल पर बुरी तरह विफल रहे हैं। बैठक में डॉ के कुमार प्रवीण कुमार नेपाल महतो पानू महतो शंकर स्नेही सिंह बाल्मीकि सिंह करमचंद महतो हरवंश चौधरी जनार्दन चौधरी तारकेश्वर प्रसाद जोगिंदर केवट सत्य नारायण प्रसाद अशोक, महेंद्र प्रसाद संजय महतो गौतम महतो गोविंद ठाकुर महेंद्र गोप आदि शामिल थे।

# साहिबगंज : रेलवे की ओर से की जा रही जमीन की घेरा बंदी कार्य का ग्रामीणों ने किया विरोध

>> जिरवाबाड़ी चानन एवं कबूतर खूपी की और जाने वाली रास्ते को विभाग की ओर से घेराबंदी का कार्य शुरू किया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** दोनों रेलवे की ओर से तीसरी लाइन बिछाने की कवायदा शुरू हो चुकी है। जिसको लेकर रेलवे की ओर से जमीन का घेरा बंदी शुरू किया गया है। इसी के तहत साहिबगंज जिला स्थित जिरवाबाड़ी चानन एवं कबूतर खूपी की और जाने वाली रास्ते को विभाग की ओर से घेराबंदी का कार्य शुरू किया गया इसके बाद ग्रामीण ने विरोध जताते हुए कार्य को बंद कर नपी कर कार्य करने को कहा गया। सैकड़ो ग्रामीण के साथ बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गणेश तिवारी भी वहां मौजूद थे उन्होंने बताया कि कबूतरखोपी, सक्रूगढ़, चानन की ओर जाने वाली एकमात्र सड़क है जिसको रेलवे के द्वारा घेराबंदी किया जा रहा है जबकि यह सड़क पर नगर परिषद के द्वारा सड़क निर्माण भी कराया जा चुका है उस समय तक रेलवे ने अपनी दावेदारी पेश नहीं की लेकिन आज रेलवे के द्वारा घेराबंदी किया जा रहा है जिससे कि गांव में रहने वाले हजारों हजार लोगों का आवागमन बाधित हो जाएगा। इस मामले में विभाग को सोच समझकर समाज के हित को देखते हुए कार्य करना चाहिए। वहीं उन्होंने आगे बताया कि नक्शा के अनुसार रेलवे का रेलवे ट्रैक के मिडिल बिंदु से 43 फीट जमीन निकलता है, लेकिन वह अपना कार्य 60 फीट पर कर रहा है जो सरासर गलत है। कई घंटे तक विरोध करने के बाद रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर चितरंजन मंडल आरपीएफ सब इंस्पेक्टर सरोज सिंह कांस्टेबल जितेंद्र कुमार मनीष कुमार एवं अन्य पदाधिकारी वहां पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात की इसके बाद नगर परिषद के अमीन को बुलाया गया। अमीन के द्वारा बताया गया कि रेलवे ट्रैक के मिडल प्वाइंट से मापी करने के बाद रेलवे का जमीन 43 फीट निकलता है वहीं अन्य 11 फीट की सड़क जमीनी नक्शा में दशार्या गया है लेकिन वह अभी तक यह क्लियर नहीं हो पाया है कि वह जमीन राज्य सरकार का है या फिर रेलवे का इसको लेकर अंचल से पंजी 2 में देखने के बाद बताना संभव होगा। वही इसकी जानकारी मिलने के बाद रेल विभाग के एईन मौके पर पहुंचे ग्रामीण एवं पदाधिकारी से मामले की जानकारी ली। वहीं उन्होंने अपने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि ट्रैक के मिडल प्वाइंट से नाप कर जितना अपना विभाग का जमीन होता है वहीं से कार्य करना है हालांकि उन्होंने बताया कि रेलवे के द्वारा जो कागजात है उसके अनुसार 54 फीट रेलवे की जमीन पड़ती है फिर भी ग्रामीणों की संतुष्टि के लिए इसे मापी कराया जाएगा। वहीं इन सभी बातों के बीच ग्रामीण महिला बताती है कि यह एकमात्र हम लोगों का रास्ता है जिससे कि हम लोग आसानी से सड़क पर निकल सकते हैं अगर यह रास्ता बंद हो जाता है और हम लोगों के घर में बच्चे बीमार पड़ जाते हैं या किसी तरह की अनहोनी हो जाती है तो ऐसी स्थिति में अस्पताल ले जाते ले जाते मर जाएगा। एक मात्र रास्ता है जिस ओर से हमारे मोहल्ले में एंबुलेंस आ सकता है नहीं तो दूसरा कोई रास्ता नहीं है जो इस और एंबुलेंस आ सके इस मामले में सरकार को ध्यान देना चाहिए। मौके पर मनोज तांती, गणेश तिवारी, देव कुमार ठाकुर, रवि कुमार, दरोगा यादव, पिंकू चौधरी, पूर्व वार्ड पार्षद लोक नाथ चौधरी, एवं सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# गोड्डा : छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की दी गयी जानकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी एवं नगर थाना प्रभारी दिनेश महली ने प्लस टू उच्च विद्यालय के कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के साथ सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों को पालन करने की दिशा मे प्रशंसनीय कदम उठाया हैं। बच्चों मे बढ़ते नशे के बढ़ते प्रचलन से युवा वर्ग दिशा विहीन हो रहे हैं स्कूल प्रबंधन शिक्षक बच्चों के माता पिता द्वारा बच्चों की निगरानी के साथ पुलिस की भूमिका भी अहम हो जाता हैं। नशे के आदि होने पर अपराध की दुनियां की ओर अपना कदम बढ़ा देते हैं, नशे के कारोबारी इस व्यवसाय से बहुत शीघ्रता से धनवान बनने के सपने देखने लगते हैं।

स्कूली बच्चे इनके प्रमुख शिकार होते हैं। जब नशे के आदि बने छात्र सड़कों पर यात्रा करेंगे तो फिर कहां उन्हें ट्रैफिक का ज्ञान रह जाता हैं और कानून का। बच्चों पर निगरानी का दायित्व मा पिता घर के अन्य सदस्य, वर्ग शिक्षक, स्कूल प्रबंधन के साथ पुलिस की जिम्मेदारी बनती हैं। सभी के सहयोग से ही ये बुराई समाज से दूर की जा सकती हैं।

# साहिबगंज में फेरी सेवा संचालन संबंधी बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में गोपनीय कार्यालय में फेरी संचालन संबंधी कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आहूत की गई। उपायुक्त द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, साहेबगंज से फेरी संचालन हेतु अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा हेतु जानकारी प्राप्त की। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि साहेबगंज-मनिहारी अंतर-राज्यीय फेरी घाट के संचालन हेतु तैयारियों के क्रम में कार्रवाइयां की गई है। बताया गया कि आम सूचना निर्गत करके इच्छुक जहाज मालिकों से अपने जहाजों को फेरी के परिचालन हेतु भाड़े पर देने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस प्रकार कुल चार प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इन प्रस्तावों की संवीक्षा हेतु समिति की बैठक प्रस्तावित थी। परन्तु वांछित संख्या में समिति सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण इस संविक्षा को स्थगित करना पड़ा। इन प्रस्तावों की जांच तदुपरांत नियोजित की जाने वाली जहाजों का चयन किया जाना शेष है। इसके आलोक में उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि पारदर्शिता एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से श्रेयस्कर होगा कि प्राप्त प्रस्तावों की संवीक्षा एवं तदुपरांत जहाजों का चयन अपर समाहर्त्ता, साहेबगंज की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा किया जाय। उक्त समिति की बैठक अपर समाहर्ता कार्यालय, साहेबगंज में आहूत होगी, जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी, साहेबगंज को प्राप्त हुए सभी प्रस्तावों में सन्निहित प्रत्येक जहाज की पृथक-पृथक संवीक्षा करेगी तथा यह विनिश्चय करेगी कि संबंधित जहाज परिचालन योग्य उपयुक्त है या नहीं एवं अपने इस विनिश्चय को अभिलेखित करेगी। उपायुक्त द्वारा इस विषय में जानकारी मांगी गयी कि भाड़े पर दिये जाने वालों जहाजों के मालिकों को भुगतेय राशि का विनिर्धारण किसके द्वारा किया जायेगा। जिसके संबंध में एसडीओ साहेबगंज द्वारा अनुरोध किया गया कि उक्त दर के निर्धारण हेतु एक समिति की संसूचना की गई है। उपायुक्त द्वारा यह भी शुल्कों की वसूली की प्रक्रिया एवं माध्यम के विषय में भी जानकारी की अपेक्षा व्यक्त की गई कि जिसके आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी, द्वारा उपायुक्त से निवेदन किया गया कि मालवाहक वाहनों एवं यात्रियों से वसूल किये जाने वाले शुल्कों को नगद एवं डिजिटल दोनों ही माध्यमों से प्राप्त किया जायेगा। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवल गर्ग, अपर समाहर्ता गौतम भगत, एसडीओ आंगरनाथ स्वर्णकार, डीटीओ मिथिलेश चौधरी, छुटेश्वर कुमार दास, अनिल कुमार, आशुतोष कुमार, सीओ बास्की नाथ टुडू व अन्य उपस्थित रहे।

# डीपीएस बोकारो के पुराने विद्यार्थियों का समागम, स्मृतिधारा का हुआ विमोचन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के भूतपूर्व विद्यार्थियों के आयोजित सम्मेलन स्मृति-धारा में सभी ने अपने आह्लादित हो अपने पुराने शिक्षकों का आशीर्वाद लिया तथा कौतूहल उत्साह और पूरी उत्सुकता के साथ अपने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया। भावनात्मक स्मृतियां संजोए अपने अतीत में जाकर वे अपने क्लासरूम खेल के मैदान सभागार सहित स्कूल कोने-कोने को निहारते देखे गए। उन्होंने आपस में अपने विचार व अनुभव साझा किए। उस समय के विद्यालय के शिक्षक और वर्तमान में स्कूल के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार वयोवृद्ध शिक्षिका शीला राय शर्मा डॉ एसएस महापात्रा एवं डॉ अरुणजी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। बच्चों ने विद्यालय के इस संस्थापक बैच के पुरातन छात्र-छात्राओं के सम्मान में आर्केस्ट्रा और मनोरम नृत्य तथा संगीत विभाग के शिक्षकों ने सदाबहार गीतों की प्रस्तुति की। मौके पर प्राचार्य डॉ गंगवार ने भूतपूर्व विद्यार्थियों से आज के बच्चों का मार्गदर्शन कर उनका भविष्य संवारने की दिशा में उनसे सहयोग की अपील की। पुराने शिक्षक डा अरुण श्रीमती शर्मा एवं श्री महापात्रा ने भी उस जमाने के अपने विचार साझा किए। मौके पर एक स्मारिका मेमोरी बिलिया-स्मृतिधारा का विमोचन भी किया गया। उपस्थित भूतपूर्व विद्यार्थियों में आशीष वर्मा, अमरेश ओझा कुमार रंजन, डॉ मनोज श्रीवास्तव तुषार सिंह, अनुपमा राजीव रंजन प्रणव झा नितिन चरण गौतम मृत्युंजय डॉ सुमित सेठ डॉ सुष्मिता प्रकाश संजू सिन्हा जया सिंह आदि शामिल रहे। अंत में प्राचार्य डॉ गंगवार ने सभी को स्मृति-फलक भेंट कर सम्मानित किया।

# साहिबगंज : सदर अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज (मंडरो)।** जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू की अध्यक्षता में सदर अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में समिति के माननीय सदस्यों ने भाग लिया और अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। मोनिका किस्कू ने अस्पताल परिसर का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाई गई त्रुटियों और कमियों पर विशेष ध्यान दिया गया। जिप अध्यक्ष ने सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। जिप अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत और नागरिकों के लिए सुलभ बनाना हमारी प्राथमिकता है।

स्पीड न्यूज

### राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान किया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया। राज्यसभा सचिवालय ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया है। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवम्बर को शुरू हुआ था और 20 दिसम्बर को राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी थी।

### राष्ट्र ने किया चौधरी चरण सिंह को नमन

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता चौधरी चरण सिंह को उनकी 122 वीं जयंती पर भावपूर्ण नमन किया। मुख्य समारोह राष्ट्रीय राजधानी में चौधरी चरण सिंह के समाधि स्थल किसान घाट पर आयोजित किया गया जहां श्री धनखड़ ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। उनके साथ केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। कई सांसदों, पूर्व सासंदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में चौधरी चरण सिंह के चित्र पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश,श्री चौधरी और महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### सरकार ने 38 आईपीएस का किया प्रमोशन, 08 डीआईजी बनाये गये

**पटना।** बिहार में भारतीय पुलिस सेवा (भापुसे) के 38 अधिकारियों को प्रमोशन दिया गया है। राज्य सरकार ने 8 अधिकारियों को डीआईजी रैंक में प्रमोशन दिया है। वही 3 तीन आईपीएस अधिकारी को आईजी रैंक में प्रमोट किया गया है। बिहार सरकार ने जिन आईपीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिला है उनमें सुधीर कुमार पोरिका, चंदन कुमार कुशवाहा, हर किशोर राय, सत्य प्रकाश, आशीष भारती, राकेश कुमार और राजेंद्र कुमार भिल्ल और स्वप्ना मेश्राम जी का नाम शामिल है। इन सभी को डीआईजी में प्रमोट किया गया है। वही आईपीएस दलजीत सिंह, विवेक कुमार और रणजीत कुमार मिश्रा आईजी बनाये गये हैं।

### जीएनएम की छात्रा ने पंखे से लटक दी जान

**भागलपुर।** जिले के बरारी थाना क्षेत्र स्थित डीआईजी आवास के समीप एक लॉज में जीएनएम की छात्रा ने पंखे से झूल कर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि मृतका अपने बहन साक्षी के साथ किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करती थी। मृतका की बहन साक्षी सुबह जब नहाने के लिए गई तो इधर फंदे से झूलकर उसने आत्महत्या ली। जब साक्षी वापस आई तो कमरे में फंदे से लटकता हुआ कंचन का शव देखा।

# बर्फ की चादर में लिपटा शिमला, पर्यटकों का पैसा वसूल

### क्रिसमस से पहले बर्फबारी से पर्यटकों के चेहरे खिले हैं

एजेंसी

**शिमला।** मौसम विभाग का अनुमान एकदम सटीक बैठा और दोपहर से पहले हिमाचल के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गयी। राजधानी शिमला और आस-पास के इलाकों में भी बर्फ की चादर बिछ गयी। बर्फबारी के कारण पर्यटकों के चेहरे खिले हुए हैं। मौसम विभाग ने इस हफ्ते 3 और दिनों में बर्फबारी का अनुमान लगाया है। क्रिसमस और नए साल को देखते हुए इन दिनों कई पर्यटक हिमाचल का रुख कर रहे हैं। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर सोमवार को बर्फबारी के वक्त कई पर्यटक मौजूद थे। बर्फबारी के बाद रिज मैदान का नजारा देखने लायक था।



बर्फ के फाहों के बीच पर्यटक झूमते-नाचते नजर आये, क्योंकि कईयों ने पहली बार बर्फबारी देखी जो इस नजारे को कैमरे में कैद करने से भी नहीं चूके।

कई पर्यटकों ने बताया कि वो कई साल से शिमला आ रहे हैं लेकिन कभी ऐसा नजारा नहीं देखा। पहली बार बर्फ देखने को मिल रही है। जब शिमला आये थे तो लगा नहीं था कि बर्फबारी होगी लेकिन आज हो गयी और पूरा पैसा वसूल हो गया है। हम मनाली भी गए वहां भी बर्फ देखी और यहां भी स्नोफॉल का दीदार कर रहे हैं। मौसम को देखते हुए ही हमने अपना ट्रिप प्लान किया था और प्लान कामयाब रहा क्योंकि हम बर्फबारी में एन्जॉय कर रहे हैं।

**कैसा रहेगा आने वाले दिनों का मौसम :** मौसम विभाग ने 23 दिसंबर को बर्फबारी का अनुमान लगाया था और हुआ भी ठीक वैसा ही। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले 7 दिनों में भी मौसम ऐसा ही बना रहेगा. मौसम विभाग ने 24 दिसंबर को भी मध्य पर्वतीय और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी का अंदेशा जताया है। इसके अलावा 27 और 28 दिसंबर को प्रदेश भर के कई इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान है।

शिमला के ऊपरी इलाकों के साथ-साथ, लाहौल स्पीति, कुल्लू, किन्नौर आदि जिलों में कई इलाकों का तापमान शून्य और माइनस तक भी पहुंच चुका है. ताबो में सोमवार का न्यूनतम तापमान माइनस 10.2, कुकमसेरी में माइनस 3.7 और कल्पा में माइनस 2.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### शिमला में बिछी बर्फ की सफेद चादर

एक अन्य पर्यटक ने कहा कि ठंड लग रही है लेकिन बर्फबारी में मजा आ रहा है। हमने सुना था कि यहां क्रिसमस पर बर्फबारी होती है और इसी उम्मीद से शिमला आये थे और देखिये हमारी किस्मत से क्रिसमस से दो दिन पहले ही बहुत अच्छी बर्फबारी हो रही है। इस साल दिसंबर में ये दूसरा मौका है जब शिमला और हिमाचल के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी हुई है। कई सालों के बाद दिसंबर में बर्फबारी का दीदार हुआ है. क्रिसमस से दो दिन पहले हुई इस बर्फबारी से इस बार व्हाइट क्रिसमस की उम्मीद जाग गयी है। हर साल लाखों पर्यटक इस सीजन में हिमाचल आते हैं। पर्यटन कारोबारियों को उम्मीद है कि बर्फबारी के बाद क्रिसमस और न्यू ईयर पर टूरिस्ट की तादाद में इजाफा होगा।

# शेख हसीना और बेटे पर हुआ बांग्लादेश में करप्शन का केस

खबर मन्त्र संवाददाता

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें दिन-ब दिन बढ़ती जा रही हैं। एक तरफ जहां बांग्लादेश सरकार ने उन्हें ढाका भेजने के लिए भारत सरकार को डिप्लोमैटिक नोट भेजा है, वहीं वहां के एक भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने उनके और उनके बेटे सजीब अहमद वाजेद के खिलाफ रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए हुई डील में करप्शन के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। बांग्लादेश के एंटी करप्शन कमीशन ने आरोप लगाया है कि रूसी और भारतीय फर्मों द्वारा बनाए जा रहे रूपपुर न्यूक्लियर प्लांट डील में बड़े पैमाने पर करप्शन हुआ है।

एंटी करप्शन कमीशन ने सोमवार को कहा कि खुले स्त्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार यह



प्रोजेक्ट वित्तीय अनियमितताओं से भरा है। इसलिए, अधिकारियों की एक विशेष टीम उन आरोपों की जांच कर रही है, जिसमें कहा गया है कि हसीना, वाजेद और हसीना की भतीजी ट्यूलिप सिद्दीक, जो ब्रिटेन की राजकोष मंत्री हैं, ने मलेशिया के बैंक खातों के माध्यम से 12.65 अरब डॉलर मूल्य के परमाणु ऊर्जा परियोजना में 5 अरब डॉलर का गबन किया है। ब्रिटेन की 42 वर्षीय सांसद ट्यूलिप सिद्दीक ने साल 2013 में रूस और बांग्लादेश के बीच न्यूक्लियर प्लांट की डील कराने में बड़ी भूमिका निभाई थी। आरोप है कि उनके परिवार ने इस प्रोजेक्ट में अरबों का घोटाला किया है। अगस्त में पद छोड़ने और ढाका से भागने के बाद से भारत में रह रहीं हसीना या उनकी अवामी लीग पार्टी की ओर से इन आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बता दें कि रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने में भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं।

### प्रत्यर्पण की यूनुस सरकार की मांग की पुष्टि पर टिप्पणी से इनकार

विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के मामले में सोमवार को नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से एक आधिकारिक अनुरोध प्राप्त होने की पुष्टि की है। विदेश मंत्रालय ने एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है लेकिन उन्होंने कहा कि नई दिल्ली ने फिलहाल इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।अधिकारी ने कहा,द्दऑन रिकॉर्ड और विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता के हवाले से हम पुष्टि करते हैं कि हमें प्रत्यर्पण अनुरोध के संबंध में आज बांग्लादेश उच्चायोग से एक नोट वर्बल प्राप्त हुआ है। इस समय, हमारे पास इस मामले पर टिप्पणी देने के लिए कोई सूचना नहीं है।

### किशनगंज में दीवार गिरने से तीन की मौत, एक जख्मी

**किशनगंज।** बिहार में किशनगंज जिले के बहादुरगंज थानाक्षेत्र के मुख्य बाजार झांसी रानी चौक के समीप दुर्गा मंदिर के पास रविवार की रात दीवार गिरने से तीन की मौत हो गई है। जबकि, एक जख्मी है। स्थानीय लोगों ने सभी लोगों को इलाज के लिए बहादुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डाक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि, एक की मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई है। एक घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ही चल रहा है।

घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। जबकि, पूरे गावं मे मातम का माहौल बना हुआ है। मृतक की पहचान मो. आलम, मो. शाहीद आलम, भरत कुमार सभी बहादुरगंज निवासी के रूप मे हुई है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया है। घायल की पहचान मो. मुन्ना, बहादुरगंज निवासी के रूप मे हुई है।

### सीएम नीतीश प्रगति यात्रा के पहले दिन पहुंचे वाल्मिकीनगर, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के पहले दिन सोमवार को पश्चिमी चंपारण जिले के वाल्मिकीनगर पहुंचे हैं। यहां मुख्यमंत्री का जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकताओं और अधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

मुख्यमंत्री आवास से नीतीश कुमार सीधे पटना एयरपोर्ट पहुंचे। हवाईअड्डे पर उनके स्वागत की जबरदस्त तैयारी की गई थी। जदयू विधायक और कार्यकर्ता हवाई अड्डा पर मौजूद थे। सभी ने मुख्यमंत्री को प्रगति यात्रा के लिए विदा किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिन में कार्यक्रम के बाद रात में वाल्मीकि नगर में रात्रि विश्राम करेंगे। प्रगति यात्रा के दूसरे दिन 24 तारीख को मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा पूर्वी चंपारण पहुंचेगी। मोतिहारी में कार्यक्रम के बाद पटना वापसी का कार्यक्रम है।


मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उनके कैबिनेट मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत पार्टी के अन्य नेता भी वाल्मिकीनगर पहुंचे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान 781 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसमें सबसे महत्वपूर्ण योजन ऊर्जा विभाग की है। आजादी से लेकर आज तक बिजली से वंचित लोगों के 139 करोड़ की राशि से ऑन ग्रिड बिजली मुहैया कराया जाएगा।

# बीते सप्ताह की तबाही से निकला बाजार

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिका में महंगाई में नरमी आने से अगले वर्ष ब्याज दर में कटौती बढ़ने की उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग, धातु, रियल्टी और सर्विसेज समेत सोलह समूहों में हुई दमदार लिवाली से आज बाजार बीते सप्ताह की तबाही से बाहर निकला तथा सेंसेक्स और निफ्टी आधी फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 498.58 अंक अर्थात 0.64 प्रतिशत की छलांग लगाकर 78,540.17 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 165.95 यानी 0.7 प्रतिशत की उड़ान भरकर 23,753.45 अंक पर पहुंच गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में घट-बढ़ रहा। इससे मिडकैप 0.10 प्रतिशत बढ़कर 46,274.31 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत का गोता लगाकर 54,817.91 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4218 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1638 में लिवाली जबकि 2449 में बिकवाली हुई वहीं 131 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियां हरे जबकि अन्य 18 लाल निशान पर बंद हुईं।




### मुख्यमंत्री योगी ने महाकुम्भ की तैयारियों का लिया जायजा, दिया निर्देश

# महाकुम्भ के कार्यों को समय से पूरा करें

**प्रयागराज।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को महाकुम्भ से जुड़ी तैयारियों का जायजा लेने संगमनगरी पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम अरैल स्थित टेंट सिटी का जायजा लिया। इसके उपरान्त दशाश्वमेध घाट पहुंचे, इसके बाद उन्होंने मेला प्राधिकरण कार्यालय में अफसरों संग बैठक की। उन्होंने स्वरूपरानी अस्पताल के न्यू ओपीडी ब्लॉक और बर्न वार्ड का अवलोकन भी किया।



मुख्यमंत्री योगी का हेलीकॉप्टर डीपीएस ग्राउंड में उतरा। यहां से सीधे वह अरैल घाट पर तैयार हो रहे टेंट सिटी पहुंचे और समय के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने उन्हें तैयारियों के बारे में जानकारी दी। इसके उपरांत मुख्यमंत्री गंगा तट पर स्थित दशाश्वमेध घाट पहुंचे। यहां पर उन्होंने पूरे विधि विधान से महादेव का पूजन कर आरती उतारी। पूजन करने के बाद योगी का काफिला मेला प्राधिकरण कार्यालय पहुंचा। जहां मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ बैठक करके महाकुम्भ के तैयारियों की जानकारी ली।

मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने तैयारियों के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, नंद गोपाल गुप्ता नन्दी के साथ सांसद प्रवीण पटेल, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, हर्षवर्धन बाजपेई, दीपक पटेल, महापौर गणेश केसरवानी आदि उपस्थित रहें। योगी ने अधिकारियों से मेले की तैयारियों के बारे में चर्चा की। प्रोजेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को परियोजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें रिवर फ्रंट, नागवासुकी मंदिर घाट पर हुए कार्यों के साथ, दारागंज, संगम क्षेत्र, अलोपीबाग फ्लाईओवर से लेकर पांटून पुल निर्माण आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# शारदा सिन्हा से जाकिर हुसैन तक, साल 2024 में कई हस्तियों ने दुनिया को कहा अलविदा

**साल** 2024 को खत्म होने में बस कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। नया साल नई ताजगी और नई शुरूआत के साथ दस्तक देने को तैयार है। हालांकि, कई गम हैं, जो कभी भर नहीं पाएंगे। इस साल मनोरंजन जगत की कई हस्तियों ने दुनिया को अलविदा कह दिया। इस सूची में जाकिर हुसैन से लेकर शारदा सिन्हा तक का नाम शामिल है, जिन्हें हमने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

**जाकिर हुसैनः** दुनिया को अलविदा कहने वाले सितारों की लिस्ट में तबला के महान कलाकार और 'उस्ताद' जाकिर हुसैन का नाम शामिल है। फेफड़े की खतरनाक बीमारी इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस से जंग लड़ रहे उस्ताद ने 73 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उस्ताद का 15 दिसंबर को निधन हो गया था। हुसैन का सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था।

**शारदा सिन्हाः** छठ गीतों को एक नया आयाम देने वाली अभिनेत्री शारदा सिन्हा ने 5 नवंबर को आखिरी सांस ली। मल्टीपल मायलोमा (एक प्रकार का ब्लड कैंसर) से जंग लड़ रही बिहार की स्वर कोकिला ने 72 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह दिया था। सिन्हा का नई दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा था।



**रोहित बलः** इस साल दुनिया को अलविदा कह देने वाले सितारों की सूची में फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर फैशन डिजाइनर रोहित बल का नाम शामिल है। बल ने 1 नवंबर को अंतिम सांस ली। उन्हें दिल का दौरा पड़ा था, जिस वजह से उनका निधन हो गया। उन्हें साउथ दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रोहित बल 63 वर्ष के थे।

**बिजली रमेशः** तमिल फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता बिजली रमेश का 26 अगस्त को निधन हो गया था। लीवर फेल होने की वजह से उन्होंने 46 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह दिया।

**उस्ताद राशिद खानः** भारतीय शास्त्रीय गायक उस्ताद राशिद खान का 55 वर्ष की आयु में 9 जनवरी को निधन हो गया था। कैंसर से पीड़ित उस्ताद का कोलकाता के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

**ऋतुराज सिंहः** टीवी जगत के मशहूर अभिनेता ऋतुराज सिंह का 20 फरवरी को 59 साल की उम्र में निधन हो गया था। अभिनेता अपने मुंबई स्थित घर में थे, जहां देर रात उन्हें हार्ट अटैक आया और उन्हें बचाया नहीं जा सका।

**गणेशन महादेवनः** तमिल फिल्मों और टीवी शोज में बेहतरीन काम कर लोकप्रिय हुए अभिनेता का 9 नवंबर को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे अभिनेता का चेन्नई स्थित आवास पर इलाज चल रहा था।

**पंकज उधासः** मशहूर गजल गायक पंकज उधास का 72 साल की उम्र में 26 फरवरी को निधन हो गया। वह पैंक्रियाटिक कैंसर से पीड़ित थे।

**अतुल परचुरेः** मनोरंजन जगत के लोकप्रिय अभिनेता और कॉमेडियन अतुल परचुरे का 57 वर्ष की आयु में 14 अक्टूबर को निधन हो गया। स्वास्थ्य समस्याओं की वजह से अभिनेता मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती थे।

**विकास सेठीः** टीवी इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता विकास सेठी का 8 सितंबर को नासिक में 48 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। अभिनेता को दिल का दौरा पड़ा था।

**सुहानी भटनागरः** आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 'दंगल' में बबीता फोगाट का किरदार निभाकर लोकप्रिय हुईं अभिनेत्री सुहानी भटनागर का 19 वर्ष की आयु में 16 फरवरी को निधन हो गया। अभिनेत्री की डमेटोमायोसाइटिस से निधन हो गया। (डमेटोमायोसाइटिस एक रेयर बीमारी है, जिसमें मांसपेशियों में सूजन पड़ जाती है और त्वचा में चकत्ते पड़ जाते हैं)।

**डॉली सोहीः** सर्वाइकल कैंसर से जंग लड़ रही टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री डॉली सोही का 8 मार्च को 48 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

